सूर्योदय : 6:43
सूर्यास्त : 5:57
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-251 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 20 फरवरी 2024
09 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## यूपी को पीएम मोदी की बड़ी सौगात, 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का किया शुभारंभ

# यूपी की तस्वीर बदल देंगे उद्योग : मोदी

### ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

- यूपी में अब व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल : प्रधानमंत्री
- यूपी मतलब अल्टीमेट पोटेंशियल
- चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देना कांग्रेस को पसंद नहीं आया
- देश के लिए काम करने से भी देश की सेवा होती है
- अयोध्या, काशी सहित आठ जगहों को 86 हजार करोड़ की व्यवस्था



**लखनऊ।** मुझे यूपी के सामर्थ और डबल इंजन सरकार के परिश्रम पर पूरा विश्वास है। मैं योगी जी को विशेष बधाई देता हूं। हर हिन्दुस्तानी को गर्व होता है कि यूपी ने ठान लिया है कि वो एक ट्रिलियन डालर की इकोनॉमी बनेगा। देश के सभी राजनीतिक दलों से कहूंगा कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए। आप कितने ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी अपने राज्य को बनाएंगे, ये संकल्प करके मैदान में आइए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब यूपी की तरह हर राज्य बड़े सपने और संकल्प लेकर चल पड़ेगा।

उद्योग जगत के साथियों के लिए यूपी में अनंत अवसर की बेला है। आपने कभी सोचा नहीं होगा उतनी तेजी से यूपी अपने सारे संकल्पों को पूरा कर रहा है। ये बातें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण के उद्घाटन समारोह के दौरान कही। प्रधानमंत्री ने रिमोट का बटन दबाकर 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने चलचित्र के माध्यम से बदलते उत्तर प्रदेश की झलक भी देखी। अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि सात वर्ष पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि यूपी में निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। पहले चारों तरफ अपराध, दंगे, छीनाझपटी यही खबरें आती रहती थीं। उस दौरान अगर कोई कहता कि यूपी को विकसित बनाएंगे तो शायद कोई सुनने को भी तैयार नहीं होता। आज लाखों करोड़ का निवेश उत्तर प्रदेश में उतर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है। ये उद्योग यूपी की तस्वीर बदलने वाले हैं। उत्तर प्रदेश में बीते सात साल में रेड टेप कल्चर को खत्म करके रेड कार्पेट कल्चर का माहौल बना है। यूपी में ना केवल क्राइम कम हुआ है, बल्कि बिजनेस कल्चर का विस्तार भी हुआ है। बीते सात साल में यूपी में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। यहां आए सभी निवेशकों के बीच आशावाद दिख रहा है। डबल इंजन सरकार ने दिखाया है कि अगर बदलाव की सच्ची नीयत है तो उसे कोई रोक नहीं सकता। बीते कुछ वर्षों में यूपी से होने वाला एक्सपोर्ट दोगुना हो चुका है। यूपी वो राज्य है जहां देश में सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे हैं।

### 61 हजार करोड़ से 10 लाख करोड़ पहुंचा निवेश

- यूपी के बजट से डेढ़ गुना बड़ा है रहा इस बार का आकार

भूमि पूजन समारोह के जरिये उत्तर प्रदेश ने साबित किया है कि इच्छा शक्ति हो तो सबकुछ संभव है। इसी के दम पर पहले भूमि पूजन में जहां 61 हजार करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया था, वहीं चौथे भूमि पूजन में ये बढ़कर रकम 10 लाख करोड़ रुपये हो गया। जो यूपी के बजट लगभग 7.36 लाख करोड़ रुपये का करीब डेढ़ गुना है। वहीं, निवेश की रफ्तार की बात करें तो पहले और चौथे भूमि पूजन समारोह में करीब 15 गुना की वृद्धि है। विकास का रास्ता निवेश से ही होकर गुजरता है। गुजरात हो या महाराष्ट्र, तेलंगाना हो या पश्चिम बंगाल निवेशकों के दम पर ही ये राज्य फलफूल रहे हैं। यूपी ने भी इसे समझा और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए नीतियों से लेकर सुविधाओं तक में व्यापक बदलाव किए। वर्ष 2017 में योगी सरकार आई और अगले ही साल 2018 में वैश्विक निवेशक सम्मेलन किया। इसमें चार लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए गए। इन्हें धरातल पर उतारने के लिए देश में पहली बार भूमि पूजन समारोह का 'कॉन्सेप्ट' पेश किया गया।



### धार्मिक जगहों के लिए खुला खजाना

भूमि पूजन समारोह (जीबीसी) में सोमवार को प्रदेश के धार्मिक शहरों में भी निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ। इसमें अयोध्या, काशी और मथुरा में लगभग 40 हजार करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाएं शामिल हैं। इन शहरों समेत प्रदेश के सभी आठ धार्मिक स्थलों में 86 हजार करोड़ रुपये से लगभग 500 परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा। इससे लगभग ढाई लाख लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

### भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा : योगी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के शुभारंभ के लिए प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोर्टेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हमने स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा। आज उत्तर प्रदेश में जल, थल और नभ की बेहतरीन कनेक्टिविटी है। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि उत्तर प्रदेश अपने लैंड लॉक स्टेट के बंधन को समाप्त कर चुका है। वर्ष 2018 के प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री जी ने लखनऊ में कहा था कि यूपी में वैल्यूज है, वर्च्युज है, लेकिन इस बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की ज्यादा आवश्यकता है।

- यूपी ने वैल्यूज के साथ वैल्यू एडिशन को भी जोड़ा : मुख्यमंत्री
- यूपी में न मैनपावर की कमी है और न विलपावर का अभाव

# नए युग की शुरुआत हो चुकी है: पीएम

### पीएम मोदी ने उत्तर प्रदेश के संभल में श्री कल्कि धाम मंदिर का शिलान्यास किया

- आज हमारी शक्ति भी अनंत है : पीएम
- शहरों में अत्याधुनिक अवसरंचनाएं हो रही तैयार
- कल्कि धाम भारतीय आस्था का एक और बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा



**संभल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के संभल में हिंदू तीर्थस्थल कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह को संबोधित किया।

धार्मिक आयोजन में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और श्री कल्कि धाम निर्माण ट्रस्ट के अध्यक्ष आचार्य प्रमोद कृष्णम उपस्थित थे। प्रधान मंत्री ने कहा कि 22 जनवरी को - अयोध्या में राम मंदिर का अभिषेक - एक नए युग की शुरुआत के रूप में चिह्नित किया गया था जो आने वाले हजारों वर्षों को प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि संतों की भक्ति और जनमानस की भावना से आज एक और पवित्र स्थान का शिलान्यास हो रहा है। मुझे आचार्यों और संतों की उपस्थिति में भव्य कल्कि धाम के शिलान्यास का सौभाग्य मिला है। मैं मुझे विश्वास है कि कल्कि धाम भारतीय आस्था का एक और बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा। मोदी ने कहा कि कई ऐसे अच्छे काम हैं, जो कुछ लोग मेरे लिए ही छोड़ कर चले गए हैं। आगे भी जितने अच्छे काम रह गए हैं, उनको भी संतों और जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से हम पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि कई एकड़ में फैला ये विशाल धाम कई मायनों में विशिष्ट होने वाला है।

#### आज सब संभव है: योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वह सब संभव हुआ है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नयी-नयी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। अयोध्या में पांच सदी के इंतजार को समाप्त करने और पहली बार संयुक्त अरब अमीरात में भी भव्य मंदिर का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री का भगवान विष्णु के 10 वें अवतार की भावी अवतरण भूमि संभल जनपद में आगमन हुआ है।

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने सीबीआई को लगायी कड़ी फटकार

# गलत थी गिरफ्तारी: हाईकोर्ट

#### उल्लंघन

- कानून का नहीं हुआ सम्मान
- सीबीआई सबूत पेश करने में रही विफल
- वीडियोकॉन समूह को दिया था 3,250 करोड़ रुपये का लोन



**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि ऋण धोखाधड़ी मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दिसंबर 2022 में आईसीआईसीआई बैंक की पूर्व एमडी चंदा कोचर और उनके पति दीपक कोचर की गिरफ्तारी शक्ति का दुरुपयोग क्योंकि यह आवेदन मन का और कानून के उचित सम्मान के बिना किया गया था। चंदा और दीपक कोचर को वीडियोकॉन-आईसीआईसीआई बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में 23 दिसंबर, 2022 को गिरफ्तार किया गया था। उपलब्ध कराए गए एक आदेश में उच्च न्यायालय ने कहा कि बिना दिमाग लगाए और कानून का उचित सम्मान किए बिना इस तरह की नियमित गिरफ्तारी शक्ति का दुरुपयोग है। इसमें यह भी कहा गया कि सीबीआई परिस्थितियों या सहायक सामग्री के अस्तित्व को प्रदर्शित करने में असमर्थ रही जिसके आधार पर उसने जोड़े को गिरफ्तार किया। अदालत ने कहा कि परिस्थितियों का अभाव गिरफ्तारी को अवैध बनाता है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने भी सीबीआई की इस दलील को मानने से इनकार कर दिया कि कोचर जांच के दौरान सहयोग नहीं कर रहे थे।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# अदालत में पेश हो अनिल मसीह

#### झटका

- सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर मंगाए



**नई दिल्ली।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव के दौरान मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ करने के मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। चुनाव अधिकारी पर सख्त टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारी ने माना कि उन्होंने मतपत्रों से छेड़छाड़ की और इसके लिए उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। आम आदमी पार्टी (आप) के तीन पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के एक दिन बाद महापौर चुनाव में कथित अनियमितताओं पर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि जो हॉर्सट्रेडिंग चल रही है वह एक गंभीर मामला है। चुनाव अधिकारी पर सख्त टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारी ने माना कि उन्होंने मतपत्रों से छेड़छाड़ की और इसके लिए उन पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए. चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सुनवाई शुरू होते ही सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मेयर ने इस्तीफ़ा दे दिया है।

# केंद्र का एमएसपी फार्मूला मंजूर नहीं

## संयुक्त किसान मोर्चा ने खारिज किया सरकार का प्रस्ताव

#### आक्रोश

- 21 फरवरी को ट्रैक्टरों के साथ प्रदर्शन करेंगे
- 14 मार्च को किसान ट्रैक्टरों के साथ एक दिन के लिए दिल्ली जाएंगे




**नई दिल्ली।** चल रहे किसानों के विरोध के बीच, संयुक्त किसान मोर्चा ने 19 फरवरी को चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्रियों के उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिसमें 5 फसलों मक्का, कपास, अरहर, अरहर, मसूर और उड़द की एमएसपी पर खरीद के लिए किसानों के साथ पांच साल का अनुबंध करने का प्रस्ताव रखा गया था। इसके अलावा किसानों के संगठन ने फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने के केंद्रीय मंत्रियों के प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया। किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहा कि 21 फरवरी तक का समय है। सरकार को सोचना और समझना चाहिए कि ये दो चीजें (तिलहन और बाजरा) बहुत महत्वपूर्ण हैं (खरीद के लिए)। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों पर बर्बरता की हद पार रखी है। हम अभी दिल्ली नहीं जा रहे तो यूपी बॉर्डर का रास्ता जाम कर आमजन को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से बात रखने जा रहे किसानों पर बर्बरता अंग्रेजी शासनकाल की याद दिलाता है। रास्ते से अवरोधक हटाए जाएं, ताकि आमजन को भी समस्या न हो। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने एमएसपी पर जो फार्मूला निकाला है, वह मंजूर नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार ऐसा आंदोलन खड़ा किया जाएगा जो अनिश्चितकालीन होगा।

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसान भी इसी देश के नागरिक हैं, जिनके साथ मर्यादित व्यवहार किया जाना चाहिए। लोकतंत्र में सभी को अपनी बात शांतिपूर्ण तरीके से रखने का हक है। उन्होंने कहा कि 14 मार्च को किसान ट्रैक्टरों के साथ एक दिन के लिए दिल्ली जाएंगे, लेकिन इससे पहले भाकियू कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश उत्तराखंड, हरियाणा आदि राज्यों के जिला मुख्यालयों पर 21 फरवरी को ट्रैक्टरों के साथ धरना प्रदर्शन करेंगे।

### सपा ने 11 उम्मीदवारों का किया ऐलान

# गोंडा से बेनी प्रसाद की पोती को टिकट

#### लिस्ट

- माफिया मुख्तार के भाई अफजाल को उतारा



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 11 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है. पार्टी ने अपनी लिस्ट में गाजीपुर से भी उम्मीदवार का एलान किया है।

सपा ने गाजीपुर से बसपा सांसद अफजाल अंसारी को उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा मुजफ्फरनगर से हरेंद्र मलिक, आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से ऊषा वर्मा, मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, प्रतापगढ़ से एसपी सिंह पटेल, बहराइज से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा और चंदौली से वीरेंद्र सिंह को कैंडिडेट घोषित किया है. सपा इससे पहले 16 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर चुकी है। सपा की मौजूदा सूची के बाद एक ओर जहां यह चर्चा शुरू हो गई है कि अब गाजीपुर से बसपा अब किसको उम्मीदवार बनाएगी तो वहीं कांग्रेस के लिए चिंताजनक स्थिति पैदा हो गई है. माना जा रहा था कि कांग्रेस,राज्य की प्रतापगढ़ लोकसभा सीट पर दावा ठोंक रही थी।

# ई.ओ. मोहम्मदी भू-माफियाओ के आगे ''साम दाम, दण्ड-भेद'' की नीत के कारण नतमस्तक

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** नगर के दो दर्जन तालाबो पर तीस वर्ष पूर्व से खतरे एवं अवैध कब्जे के बादल मडराने लगे थे। भू-माफियाओ एवं तालाब के किनारे बसे लोगो ने ''साम-दाम, दण्ड-भेद'' की नीत अपना कर जिम्मेदारो की मिली भगत से जो अवैध कब्जे शुरू किये वो आज तक जारी है। कब्जे होते गए, तालाब अपना अस्तित्व बचाने के लिये जिम्मेदारो की आस लगाए रहे और जिम्मेदारो की मिली भगत से तालाब लुप्त होते चले गये। उसका परिणाम सामने है नगर भयंकर जल भराव की समस्या से भी जूझ रहा है और रामलीला मैदान मे दसियो एकड़ का तालाब एवं नजूल भूमि पर भू-माफियाओ ने अवैध कब्जे कराकर मकान बनवा दिये। आज भी तालाब भूमि पर कब्जो का क्रम जारी है और जिम्मेदार आंखे मूंदे है। मात्र दो चार साल में बचे एक दो तालाब भी खत्म हो जायेगे।नगर के लगभग सभी मोहल्लो में दो दर्जन से अधिक तालाब हुआ करते थे। इन्ही तालाबो में घरो का एवं वर्षा का पानी जाया करता था। इन्ही तालाबो से मिट्टी निकाल कर कच्चे मकानो की वर्षा पूर्व एवं त्यौहारो के समय पुताई हुआ करती थी। वक्त ने करवट ली कच्चे मिट्टी के मकान छप्पर लुप्त होने लगे। उनका स्थान पक्के मकानो ने ले लिया। मकानो के रूप में बदलाव, बढ़ती आबादी, रहने की बढ़ती समस्याओ ने नगर की पचासो हजार वर्ग मीटर भूमि पर धीरे-धीरे कब्जे होते गए। भूमि के साथ-साथ तालाबो पर भी कब्जे हो गए जो आज तक जारी है। भू-माफियाओ द्वारा सरैया, शुक्लापुर, भीतर मोहम्मदी, बाजार खुर्द, पश्चिमी लखपेड़ा, बबौरी, बाजारगंज अस्तल में, बरबर चौराहा, इस्लामाबाद, पूर्वी लखपेड़ा एवं शंकरपुर छावनी में तालाबो पर अवैध कब्जे कर उनका अस्तित्व खत्म कर दिया गया। लेकिन राजस्व अभिलेखो में ये तालाब आज भी जीवित है। आज स्थिति यह है कि राजस्व विभाग के कर्मचारी नगर के समस्त तालाबो की जानकारी देने से ही मना कर है। उनके गाटा संख्या और रकबा तक नही बता रहे है।नगर के रामलीला मैदान में जानकारो के अनुसार लगभग आठ एकड़ का तालाब एवं नजूल भूमि थी। जो आज एक एकड़ भी नहीं रह गयी। शेष पर भू-माफियाओ ने अवैध कब्जे कर प्लाटिंग करा कर बेच कर पचासो लाख की अवैध कमाई कर डाली। आज भी इस रामलीला मैदान के तालाब पर अवैध कब्जे हो रहे है। लेकिन उनको रोकने वाला कोई नही है। इस विशाल तालाब में शुक्लापुर, बाजार खुर्द, बाजारगंज के तालाबो एवं नालो का पानी रोडवेज के पीछे तालाब से होता हुआ सिनेमा हाल पेट्रोल पम्प के पास सैकड़ो वर्ष पुरानी रोड क्रास पर बनी पुलिया से होता हुआ आकर गिरता था। जब ये तालाब लाबालब भर जाता तो इसके जल का निकास इस्लामाबाद बरबर रोड वाले तिराहे के पास बनी पुलिया से गुजरता हुआ ब्लाक कार्यालय के पास तालाबो आदि से होता हुआ ग्राम धर्मपुर छोहे में जाकर गिरता था। ये सारे जल निकासी के रास्ते बन्द हो गए। नालो एवं छोटे-छोटे गडढो पर अवैध कब्जे हो गये।जानकारो की माने तो नगर सीमा के अन्दर के सारे तालाब एवं नजूल भूमि दर्ज तो राजस्व अभिलेखो में होती है लेकिन उसका मालिकाना हक नगर पालिका परिषद को होता है। अप्रत्यक्ष रूप से अधिशाषी अधिकारी संरक्षण कह लो या मालिक होता है लेकिन यहां जो भी ई0ओ0 आया वो भू-माफियाओ के आगे ''साम-दाम, दण्ड-भेद'' की नीत के कारण नतमस्तक रहा और तालाबो पर अवैध कब्जे होते रहे। प्रदेश, केन्द्र सरकार ही नही उच्चतम न्यायालय के आदेशो की धज्जिया उड़ती रही और जिम्मेदार मूक दर्शक बने देखते रहे।

# खीरी की 43 औद्योगिक विकास परियोजनाओं की रखी गई आधारशिला
# पीएम ने किया औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** जिले में औद्योगिक विकास अब तेजी से होगा। जिले में 1078.33 करोड़ रुपये की 43 इकाइयां अब धरातल पर उतरने को तैयार हैं। सोमवार को जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी चौथे संस्करण का भव्य आगाज हुआ। इससे जिले के विकास को नई रफ्तार मिलने के साथ ही रोजगार के अवसरों का नया कीर्तिमान भी बनेगा। कार्यक्रम का सफल संयोजन उपायुक्त उद्योग संजय सिंह ने किया।कलेक्ट्रेट में आयोजित जनपदीय जीबीसी का शुभारंभ विधायक सदर योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने अन्य जनप्रतिनिधियों संग दीप जलाकर किया। कार्यक्रम में अफसरों ने निवेशक उद्यमियों को पुष्प देकर और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। एलईडी स्क्रीन से बड़ी संख्या में निवेशक व प्रगतिशील उद्यमी, जनप्रतिनिधियों, अफसरों ने कार्यक्रम एव पीएम नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का सजीव प्रसारण देखा, सुना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि उप्र में निवेश तथा निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लखनऊ में पीएम नरेंद्र मोदी ने ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण का शुभारंभ किया। इन औद्योगिक इकाइयों के स्थापित से रोजगार के अवसर पैदा होंगे और युवाओं को लाभ मिलेगा। यूपी सरकार प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से सभी निवेशक उद्यमी भाइयों को शुभकामनाएं दी। कहा कि आज का दिन उद्यमियों का दिन है। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी आगे बढ़ेगा।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि फरवरी-2023 में आयोजित इन्वेस्टर मीट के फलस्वरूप जनपद के अन्तर्गत लगभग 80 से अधिक परियोजनाओं में 2200 करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ, जिसके सापेक्ष अद्यतन 1078.33 करोड़ की 43 परियोजनाएं ग्राउण्ड ब्रेकिंग (जीबीसी) के लिए तैयार है। जिनमें से 10 करोड़ से ऊपर निवेश करने वाली 13 परियोजनाएं 973.77 लखनऊ में प्रतिभाग कर रही है। साथ ही 10 करोड़ से कम लागत की 30 परियोजनाएं 99.56 करोड़ की जनपद स्तर पर प्रतिभाग कर रही है। कार्यक्रम के अंत में सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने जनप्रतिनिधियों, निवेशक और प्रगतिशील उद्यमियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।निवेशक उद्यमियों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन गौतम, कार्यक्रम संयोजक उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, बीजेपी महामंत्री रामजी मौर्य, जिला मंत्री रामजी दीक्षित, उमेश शुक्ला, डीईओ राजवीर सिंह, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, एआरसीएस रजनीश कुमार सहित सभी 30 निवेशक उद्यमी, प्रगतिशील उद्यमी मौजूद रहे।

## जनप्रतिनिधियों ने अफसरों, निवेदक उद्यमियों संजीदेखी ओडीओपी प्रदर्शनी, सराहा

ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी ञ्च 4.0 के उद्घाटन समारोह पर कलेक्ट्रेट में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम के अवसर पर ओडीओपी प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। विधायक सदर योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह संग ÷एक जिला एक उत्पाद÷ पर लगी मनमोहक प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कलेक्ट्रेट में ÷एक जिला एक उत्पाद÷ के लिए चयनित थारू हस्तशिल्प एवं गुड़ के स्टाल लगाए गए। कॉलेज की छात्र छात्राओं ने थारू हस्तशिल्प उत्पादों के साथ न केवल सेल्फी ली बलि उन्हें खरीदा, जनप्रतिनिधियों ने गुड़ का स्वाद लिया।

## लाभार्थियों को मिली टूल किट की सौगात, खिले चेहरे

जीबीसी कार्यक्रम के दौरान विधायक सदर योगेश वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने गुड उत्पाद (ओडीओपी) के लाभार्थी अनन्त राम, ट्राइबल काफ्ट (ओडीओपी)लाभार्थी सीता राना, मोची (विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना) के लाभार्थी छोटे लाल, दर्जी (विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना) लाभार्थी शीनू देवी को टूलकिट की सौगात दी।

## जिले की इन परियोजनाओं की रखी गई आधारशिला

### 10 करोड़ से ऊपर निवेश की परियोजनाएं......

विभाग संस्था परियोजनाएं निवेश एमएसएमई 04 145 करोड़, पशुपालन 01 15.75 करोड़ , अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत 02 216.52 करोड़, गन्ना/चीनी 01 101.5 करोड़, सहकारिता 01 25 करोड़. दुग्ध विकास 01 50 करोड़. आबकारी 02 400 करोड़ हाउसिंग 01 25 करोड़

### 10 करोड़ से नीचे निवेश की परियोजनाएं.........

विभाग संस्था परियोजनाएं निवेश एमएसएमई 06 26 करोड़, पशुपालन 01 एक करोड़ सहकारिता 01 9.56 करोड़. वन आठ 13 करोड़, उद्यान तीन 13.94 करोड़, हाउसिंग एक तीन करोड़, चिकित्सा शिक्षा एक 2 करोड़, तकनीकी शिक्षा पांच 12.06 करोड़, पर्यटन दो 13 करोड़, व्यवसायिक शिक्षा एक एक करोड़, कृषि एक पांच करोड़

## टेंपो, डंपर की भिड़ंत में एक महिला की मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नागल टपरी मार्ग पर एक खनन से भरे डंपर के साथ टेंपो की भिड़ंत हो जाने से टेंपो सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 6 लोग घायल हो गए। घटना के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेते हुए महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और सभी घायलों को चिकित्सालय भिजवाए। जानकारी के अनुसार नागल निवासी सोनू अपने टेंपो में सवारी लेकर सहारनपुर से नागल आ रहा था समय करीब सुबह 10 बजे जब वह गांव सूभरी-भाटखेड़ी के बीच पहुंचा तो पीछे से आ रहे खनन से भरे एक डंपर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया हादसे में टेंपो सवार नागल थाना अंतर्गत थाना अंतर्गत गांव जौला डिडोली निवासी मंजू देवी आयु करीब 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका पति रिंकू तथा टेंपो चालक सोनू, शेखपुरा कदीम निवासी भागमल, नाथीराम तथा एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना प्रभारी त्रिभुवन सिंह ने बताया कि महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है तथा डंपर पुलिस के कब्जे में है घटना की तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मांगो को लेकर उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ से जुड़े कर्मचारियों ने आज अपनी तीन सूत्रीय मांगो को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री और पंचायती राज विभाग के निदेशक को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौपा। उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ द्वारा पंचायती राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की मांगों का निराकरण एवं ऑनलाईन उपस्थिति से मुक्त रखे जाने के सम्बन्ध में ज्ञापन सौपा। ज्ञापन मे बताया गया कि प्रान्तीय नेतृत्व के आह्वान पर 19 फरवरी को उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के 01 लाख 8 हजार सफाई कर्मचारियों को ऑनलाईन हाजरी में आने वाली समस्याओं से अवगत कराना है। जैसे सफाई कर्मचारी से बीएलओ का कार्य लिया जाता है जिसका निर्धारित समय व स्थान नहीं है। सफाई कर्मचारी को विभिन्न कार्यालयों, आवासों एवं विभिन्न कार्य हेतु विभिन्न स्थानों पर सम्बद्ध करके कार्य लिया जा रहा है, ऐसे कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति सम्भव नही है।

## चोरी के गैस सिलेण्डर व बैट्रे समेत चोर को दबोचा

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने 01 शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किये गये गैस सिलेण्डर, बैट्रा व 2800 रुपये नगद बरामद किए है। उल्लेखीय है कि 18 फरवरी को रोहित पुत्र सुभाष निवासी यशविहार कालोनी रजवाह पटरी मानकमऊ थाना कुतुबशेर ने उसके घर से सामान चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना कुतुबशेर पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध नियंत्रण हेतु जनपद में चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर प्रथम के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना कुतुबशेर प्रभारी निरीक्षक सुनील नागर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित प्रभावी कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अंकित पुत्र नेकीराम पुत्र निवासी ग्राम कपासा थाना नागल को पशु पैंठ मानकमऊ के पास से चोरी किये गये सामान गैस सिलेण्डर, बैट्रा व 2800 रुपये नगद के साथ गिरफ्तार किया।

## 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** थाना नीमगांव पुलिस टीम द्वारा 03 नफर वारण्टी अभियुक्तों वीरेन्द्र पुत्र मंजू निवासी अमेठी थाना नीमगांव संदीप कुमार पुत्र गयाप्रसाद निवासी ग्राम रानीगंज मजरा अतरौली थाना नीमगांव गयाप्रसाद पुत्र जानकी प्रसाद निवासी ग्राम रानीगंज मजरा अतरौली थाना नीमगांव को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया।

## नाला निर्माण की मांग को लेकर पहुंचे शरबती देवी कॉलोनी के निवासी

**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका लखीमपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 शरबती देवी कॉलोनी के निवासी नाला निर्माण की मांग को लेकर पहुंचे नगर पालिका परिषद लखीमपुर नाले में गंदा पानी भरा होने से मोहल्ले के लोग नगर पालिका की चैयरपर्सन से नाराज पानी का निकास न होने से मोहल्ले वाशी परेशान।

## कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज करने के विरोध में किया प्रदर्शन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** भाजपा की केंद्र सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए आज



कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आयकर भवन के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया और इसे तत्काल बंद कराने की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा के नेतृत्व में आयकर भवन के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार राजनीतिक लाभ के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करती है। चौधरी मुजफ्फर ने कहा कि राजनीतिक षड्यंत्र के तहत भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने आयकर विभाग का दुरुपयोग करते हुए कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज़ कराते हुए उनमें लेनदेन को प्रतिबंधित किया। चौधरी मुजफ्फर ने इसे भाजपा की हताशा और घबराहट का सूचक बताते हुए इसे लोकतंत्र को कमजोर करने हेतू भाजपाई साजिश भी बताया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने भाजपा को सलाह दी कि भाजपा लोकतांत्रिक मर्यादाओं व परंपराओं का सम्मान करते हुए चुनाव मैदान में उतरे और संभावित हार की बौखलाहट से इस तरह की साजिशे करना बंद करें।

महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं की हौसला अफ्जाई के लिए, अबकी बार 400 के पार का नारा तो दे दिया लेकिन उसे स्वयं ही समझ नहीं आ रहा कि सीटें कहाँ से आएंगी और इसलिए इसी हताशा के कारण भाजपा लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार कर रही है। प्रदर्शनकारियों में अशोक सैनी, गणेश दत्त शर्मा, मनीष त्यागी, सरदार चंद्रजीत सिंह निक्कू, हरिओम मिश्रा, पीसीसी नरेंद्र शर्मा व अक्षय चौधरी, सेवादल जिलाध्यक्ष इमरान कुरेशी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा, मुनीष सहगल, सुरेंद्र मनीनवाल, नवाब चौधरी, गुलफाम अंसारी, मधु सहगल, भूपेन्द्र सैनी, पंडित सुमन शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, मोहम्मद आजम, इकराम अंसारी, सतपाल बर्मन, प्रभजीत सिंह, रवि कुमार, जमशेद अहमद, शकील अहमद, मुंतज़िर अहमद, मोहम्मद इसरार, अश्वनी कुमार, अजीम, मोहम्मद यूनुस, जिया अब्बास जैदी, इरशाद प्रधान मौजूद रहे।

## कांग्रेस प्रदेश मिडिया प्रभारी ने रायबरेली के पत्रकारों के साथ की बैठक



**रायबरेली।** रायबरेली स्थित होटल शांति ग्रैंड मे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी सी पी राय ने राहुल गाँधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई जिसमें जिले के सभी मीडिया कर्मी मौजूद रहे। सी पी राय सब को संबोधित करते हुए कहा कि देश मे बढ़ रहे भ्रष्टाचार,बेरोजगारी, खराब विदेश नीति, देश के ऊपर बढ रहे कर्ज, इत्यादि जैसीअनेक समस्याओं से आज पूरे देश मे हाहाकार मचा हुआ है । देश दिवालिया होने की कगार पर खड़ा है इन्हीं सब समस्याओं को लेकर राहुल गांधीजी द्वारा शुरू की गई है भारत जोड़ो न्याय यात्रा कल दो बजे आपके जनपद रायबरेली से होकर निकलेगी जिसमें आप सभी मिडीया के भाईयों एवं सभी से यह अनुरोध है आप लोग देश बचाने के लिये अडानी अबांनी का साथ ना देकर इस मे राहुल जी का साथ देकर इस यात्र सफल बनायें। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सत्रोहन सोनकर, सुशील पासी वीरेंद्र यादव सहित सभी वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद रहे।

# संदिग्ध अवस्था में फांसी पर लटका मिला युवक का शव, परिवारजनों ने जताई हत्या की आशंका

*अवधनामा संवाददाता*



**अटौरा (रायबरेली)।** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे ठाकुरदीन मजरे हाजीपुर गाँव में उस समय हड़कंप मच गया जब 28 वर्षीय युवक का शव गाँव के बाहर उसी के निर्माणाधीन मकान में संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर लटकता मिला देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों का भीड़ एकत्रित हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोमवार की सुबह क्षेत्र के पूरे ठाकुरदीन का पुरवा मजरे हाजीपुर गाँव निवासी सूरज गुप्ता(28) पुत्र स्व0 रामप्रसाद गुप्ता का शव संदिग्ध अवस्था में गाँव के बाहर उसी के निर्माणाधीन मकान की बीम से रस्सी के फंदे से लटकता पाया गया। घटना की जानकारी होते ही घटनास्थल पर लोगों का मजमा लग गया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के उपरान्त शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूरज की मौत से उसकी माँ सावित्री, पत्नी नीलम व बेटे नीलेश(2वर्ष) के साथ ही परिवारजनों का रो रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष प्रवीर गौतम ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का ही प्रतीत हो रहा है, बाकी मौत का असल कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आनें के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

परिवारजन जता रहे हत्या की आशंका- मृतक की माँ सावित्री(52) के अनुसार सूरज शादी पार्टियों आदि में खाना बनाने का कार्य करता था। रविवार की शाम वह घर से किसी शादी समारोह में काम करने जानें की बात कहकर निकला था। देर शाम सूरज की पत्नी नीलम(25) ने उसे फोन किया तो उसने सुबह घर लौटने की बात कही थी। अपने पिता की मौत के बाद से सूरज ही परिवार के सभी दायित्वों का निर्वहन कर रहा था। घर में भी किसी बात को लेकर कोई क्लेश नहीं था तो फिर भला वह आत्महत्या क्यों करेगा। जरूर किसी ने उसे मारकर टाँगा है।

## माँ की विमुखता से संतान हो रही कुमार्गीः रामकुमार



*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज (गोंडा)।** क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर श्रीमद्भागवत कथा पर कथावाचको ने कथा का महात्म बताया श्रोताओ ने लगाये जयकारे। भगवान कपिल आश्रम धाम ग्राम में चल रही भागवत कथा में सोमवार को कथा व्यास ने कृष्ण बाललीला का वर्णन किया। आठ दिवसीय भागवत कथा में अयोध्या से पधारे व्यास पं रामकुमार शास्त्री ने कृष्ण के बाल्य काल की कथा का सुंदर वर्णन किया। व्यास जी ने कहा कि नटखट कृष्ण सबके प्रिय हैं। उनके माखन चोरी, गोपियों की मटकी तोड़ना, भोग जूठा करना अन्य प्रकार से सभी को परेशान करने के बाद भी कृष्ण सबको प्रिय हैं। कृष्ण की बाल लीला का आनंद लेने के लिए देवता मनुष्य रूप में धरती पर आते हैं। कथा व्यास ने माताओं को शिशु पालन को धर्म नीति की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि शिशु का प्रथम गुरु माँ है। आज की माताएँ अपने जिम्मेदारी से विमुख हैं जिससे संतान कुमार्गी हो रही है। धर्म नीति की शिक्षा माँ द्वारा यदिद्व बाल्य काल से ही प्राप्त हो तो बालक सबके लिए हितकारी हो यश को प्राप्त होगा। वही लोहराडाड गांव मे श्रीमद्भागवत कथा मे कथावाचक मानस मधुर शेषराम मिश्रा कथा में बताया कि वामन औतार पर संगीतमय कथा सुना उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया वही इस गांव मे यजमान शिवमूर्ति तिवारी व सुशीला देवी ने संयुक्त रूप से कथा व्यास का पूजन कर कथा शुभारंभ कराया 7 दिवसीय कथा के चार दिवस मे धुंधकारी नाम महिमा वामन औतार बाद विराट रुप का वर्णन किया।

## सूखे व गीले कचरे के निष्पादन को किया जागरूक

**सहारनपुर।** विकास खंड नकुड़ की प्रत्येक ग्राम पंचायत व राजस्व ग्राम पचांयतों में सूखे व गीले कचरे के निष्पादन हेतु प्रचार प्रसार के लिए वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जनपद सहारनपुर के विकासखंड नकुड़ मे खंड विकास अधिकारी तथा सहायक विकास अधिकारी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजना अंतर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, संस्था विंग वेलफेयर एंड इलस्ट्रेशन ऑफग्रामीण नीडी सोसाइटी लखनऊ, उत्तर प्रदेश द्वारा ओडीएफकी स्थिति बनाए रखने एवं ओडीएफप्लस ग्राम घोषित करने एवं स्थाई पर्यावरणीय स्वच्छता व सैनिटाइजेशन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन चक्र एवं सूखे तथा गीले कचरे को अलग-अलग कूड़ेदान में निपटान से संबंधित सामुदायिक व्यवहार परिवर्तन हेतु प्रचार प्रसार, नुक्कड़ स्वच्छता मेले, आईईसी मटेरियल वितरण तथा स्वच्छता समिति की बैठक गतिविधियों का आयोजन।

## बकाये वेतन की मांग को लेकर दर्जनों रोजगार सेवकों ने प्रदर्शन कर नारेबाजी की

*अवधनामा संवाददाता*



**वजीरगंज गोंडा।** ग्यारह महीनों से बकाये वेतन की मांग को लेकर वजीरगंज विकासखंड के दर्जनों रोजगार सेवकों ने ब्लाक मुख्यालय के मेन गेट पर ताला लगा दिया तथा प्रदर्शन करते हुये बीडीओ उमेश ओझा व बड़े बाबू अनिल कुमार गुप्ता पर उनका वेतन खा जाने का गंभीर आरोप लगाते हुये जमकर नारेबाजी की। इस दौरान वहां पहुंचे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि से भी वह भिड़ गये तथा उनकी बड़ी आग्रह पर उन्हें अंदर प्रवेश करने दिया।

रोजगार सेवक संघ के ब्लाक अध्यक्ष फूलचंद्र चौहान ने बीडीओ व बड़े बाबू पर गंभीर आरोप लगाते हुये कहा कि,ग्यारह महीने से उनका वेतन रोक कर रखा गया है। जिसके चलते वे और उनका परिवार गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है।अब तक चार बार वेतन आ चुका है जो बीडीओ व बड़े बाबू मिलकर खा गये हैं। ब्लाक अध्यक्ष ने बताया कि,ईपीएफ के पैसों के बारे में भी कुछ पता नहीं चल रहा।

फूलचंद्र ने कहा कि,इस बारे में बीडीओ सिर्फ आज और कल का आश्वासन ही देते हैं पर उनका वेतन उन्हें नहीं देते।

उन्होंने चेतावनी देते हुये कहा कि,यदि उनका वेतन नहीं दिया गया तो वह अनिश्चितकालीन आंदोलन करने पर बाध्य हो जायेंगे।

वहीं जब इस संबंध में ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राम बहादुर सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि,थोड़े ही समय के अंतराल में 4/5 बीडीओ का स्थानांतरण हुआ है।नये बीडीओ को आये अभी हफ्ता ही हुआ है।उनसे हमारी बात हुई है।

उन्होंने बताया है कि,रुपये आ गये हैं। तो उनसे मेरे द्वारा कहा गया कि,तत्काल डोंगल लगा कर सभी रोजगार सेवकों को उनका वेतन दें। इस पर उनके द्वारा कहा गया डोंगल अभी एक्टिवेट नहीं हुये हैं।

उन्होंने रोजगार सेवकों को आश्वस्त करते हुये कहा कि, दो एक दिन में सभी का पेमेंट हो जायेगा।

इस दौरान वहां मौजूद रोजगार सेवक पवन कुमार वर्मा प्रमुख प्रतिनिध से भिड़ गये तथा उन्होंने आक्रोशित होते हुये कहा कि,डोंगल एक्टिवेट नहीं हुआ तो इसमें बड़े बाबू की गल्ती है।उन्होंने जानबूझकर नहीं कराया जिसकी वजह से पैसा खत्म हो गया। इस पर प्रमुख प्रतिनिध ने कहा कि 28 फरवरी तक सभी का पैसा उनके खाते में पहुंच जायेगा।

## गोंडा लोकसभा से श्रेया वर्मा को टिकट

**गोंडा। अवधनामा संवाददाता** पिछड़ा दलित अल्पसंख्यको को ज्यादा से ज्यादा समाजवादी विचारधारा मे जोडकर जनपद की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर सडको का जाल बिछाने का काम करने की प्राथमिकता होगी तथा स्व बाबूजी के सपनो को साकार करना है राष्ट्रीय अध्यक्ष के हाथो को मजबूत करने के लिए गोंडा मे कराना प्राथमिकता आधार पर मैदान मे उतर रही हूँ उक्त बाते सपा की गोंडा लोकसभा सेघोषित प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने दूरभाष पर सोमवार को बताया। 2024 लोकसभा चुनाव का बिगुल बज उठा है इसकी शुरुआत समाजवादी पार्टी ने गोंडा लोकसभा से पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व बेनी प्रसाद वर्मा की पौत्री श्रेया वर्मा का टिकट देकर कर दिया है सपा अपने परंपरागत वोटों के साथ भाजपा केकुर्मी वोटों पर एक बार फिर सेंधमारी करने के लिए पिछडे वर्ग से कुर्मी युवा सपा नेत्री महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रेया वर्मा को टिकट देकर चुनाव मैदान मे उतारा है जैसा कि मालूम है कि श्रेया पार्टी कीयुवा नेताओ मे पहचान रखती है वही इनके पिता भी सपा सरकार मे कारागार मंत्री राकेश वर्मा है वही इनके बाबा जो कि गोंडा



लोकसभा से कांग्रेस से सांसद और बाद मे इस्पात मंत्री स्व बेनी प्रसाद वर्मा रहे हैं श्रेया इस चुनाव मे पार्टी की विचारधारा व पिछड़ी दलित और अल्पसंख्यक जातियों के वोटों पर निगाह रख चुनाव मैदान मे उतर रही है इस चुनाव में वह स्व बेनी प्रसाद वर्मा के कार्य को आगे बढ़ाकर लोगों के बीच आ रही है उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को गोंडा के लोगों की सेवा के लिए मौका देने के लिए धन्यवाद भी दिया।

**सूचना**

मेरा यू.पी. बोर्ड हाईस्कूल का अंकपत्र मय सार्टिफिकेट वर्ष 2016 रोल नं. 1130096 वास्तव में कही खो गया है। जिस किसी को मिले वो मेरे मो.नं. 7054233012 पर सर्म्पक करें।

**सुहेल बेग पुत्र मो. नईमुददीन बेग मो. देवीस्थान, मोहम्मदी-खीरी।**

## होटल, टैक्सी व ई-रिक्शा चालको के साथ बैठक



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा उप्र पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत होटल संचालकों, टैक्सी व ई-रिक्शा चालको के साथ मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक द्वारा उ0प्र0 पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा के सम्बन्ध में केन्द्र पर्यवेक्षक (पुलिस)/जनपदीय सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम/परीक्षा सामग्री भण्डारण कक्ष में नियुक्त अधि0/कर्मचारीगण के साथ ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

## जिले के अंतिम छोर प्राइवेट विद्यालय में फ्री आज भी पढ़ते हैं क्षेत्र के बच्चे




**तरकुलवा अवधनामा संवाददाता।** जनपद देवरिया के अंतिम छोर पर स्थित शांति देवी इंटर कॉलेज शांति पब्लिक स्कूल में प्रबंधक विचार के कारण आज भी गरीब तबके की बच्चियों के लिए निशुल्क शिक्षा का व्यवस्था किया गया है। यह व्यवस्था लगभग 2009 से चल रही है विद्यालय का नाम शांति देवी इंटर कॉलेज जरूर है परंतु विद्यालय के प्रबंधक ने बताया कि एक समय था कि हमारी पत्नी स्वर्गीय शांति देवी की प्रथम पुण्यतिथि जब मनाया गया तो घर पर मनाया गया। हमारे बच्चों ने मन में ठान लिया कि आज के बाद अगर माताजी की पुण्यतिथि मनाई जाएगी तो किसी न किसी संस्था में मनाई जाएगी ।इसी विचार को लेकर के इसी क्षेत्र में शांति देवी इंटर कॉलेज व शांति देवी पब्लिक स्कूल का निर्माण कर दिया गया। जहां पर आज भी गरीब तबके से लेकर के कक्षा 6 7 8 की बच्चियों को निशुल्क शिक्षा दिया जाता है। यह समाज के लिए संदेश ही नहीं एक सिद्धांत भी है। प्रधानाचार्य ने बताया कि हम लोग हर प्रकार से सुसज्जित हो करके विद्यालय का निर्वहन। शकुशल करते रहते हैं। जिसका सानिध्य हमे प्रबंध समिति से प्राप्त होता रहता है।

## प्लेन व राकेट की तकनीकी से रूबरू हुए बच्चे



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** एम एल कान्वेंट स्कूल भिटारा में 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को प्लेन व राकेट की तकनीकी से रूबरू कराया जा रहा है। स्थानीय एम एल कान्वेंट स्कूल भिटारा में संचालित इसरो लैब में सोमवार को 2 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से इसरो व्योमिका प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को निशुल्क आर सी विमान, ड्रोन, स्टोम्प व हाइड्रो राकेट की तकनीकी जानकारी दी। उत्साहित बच्चों ने प्रशिक्षकों से प्रश्न किये तथा अपनी जिज्ञासा रखी जिसका प्रशिक्षकों द्वारा समाधान किया गया। इस मौके पर विद्यायालय के प्रधानाचार्य उदय पांडे एवं प्रबंधक गौरव गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलरामपुर अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर श्री राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक तुलसीपुर अशोक सिंह के कुशल नेतृत्व में दिनांक 19.02.2024 को थाना तुलसीपुर के उ0नि0 रण विजय सिंह मय हमराह हे0का0 गणेश कुमार, का0 अखिलेश की संयुक्त टीम के द्वारा थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 37/24 धारा 457/380/411 भादवि0 से सम्बन्धित अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र पुजारी उर्फ परमेश्वरदयाल नि0 पुरषोत्तमपुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को सोनपुर पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त सुरेश कुमार पुत्र पुजारी उर्फ परमेश्वरदयाल नि0 पुरषोत्तमपुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया।



## प्रचार वाहन को जिला जज ने हरी झंडी दिखायी



**उरई जालौन अवधनामा संवाददाता।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश श्री लल्लू सिंह के कुशल मार्ग दर्शन में आज नोडल अधिकारी/अपर जज प्रथम श्री अंचल लवानिया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर जिला जज /सचिव महेंद्र कुमार रावत द्वारा प्रचार वाहन (मोबाइल वैन) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वाहन जिले की समस्त तहसीलों उरई, कोंच, कालपी, जालौन तथा माधौगढ़ में दो दिन राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करेंगी। तहसीलदार उरई शेर बहादुर सिंह, नायब तहसीलदार जालोन गौरव कुमार, नायब तहसीलदार कोंच सुधीर कुमार सिंह, नायब तहसीलदार कालपी नीलमणि सिंह यादव, विद्वान अधिवक्ता गण, कर्मचारी एवं पीएलबी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जय बजरंग क्रिकेट क्लब टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**कोंच अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के ग्राम असूपुरा में सोमवार को जय बजरंग क्रिकेट क्लब द्वारा टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि विकास पटेल धनौरा विशिष्ट अतिथि सभासद रविकांत कुशवाहा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया लाल वर्मा ने फीता काटकर शुभारंभ किया वहीं मुख्य अतिथि ने टोस कर के पहले क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया इस दौरान मुख्य अतिथि ने बोलते हुए कहा कि लोगों को खेल के प्रति बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए वही बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी प्रतिभाग करना चाहिए वही क्रिकेट टूर्नामेंट शुभारंभ होते ही आस पास के गांव के दर्जनों लोग देखने के लिए मैदान में पहुंचकर बच्चों का उत्साह वर्धन करते नजर आये इस टूर्नामेंट के अध्यक्ष अभितेन्द गुर्जर ( साहेब) उपाध्यक्ष ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कन्हैया लाल वर्मा, आयोजक कर्ता कृष्ण पाल गुर्जर रामजी गुर्जर शिवाजी गुर्जर बीडीसी राम पुराण गुर्जर शिवाजी गुर्जर दीपांशु गुर्जर ध्रुव गुर्जर शांतनु गुर्जर देव गुर्जर जितेंद्र चौकीदार राम तीरथ कुशवाहा पर्वत कुशवाहा रामहित कुशवाहा प्रशांत शिवम परिहार नवीन छोटू भारत आदर्श प्रिंस भंडारी प्रधान गोपाल दास बाबू आदि गांव के लोग मौजूद रहे।

## जमीन के विवाद में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जमीनी विवाद को लेकर आठ लोंगों के विरुद्ध मुकद्दमा दर्ज थाना क्षेत्र ग्राम किराचन निवासी सतेन्द्र सिंह पुत्र सोवरन सिंह ने दो एकड जमीन को जालसाजी कर बैनामा कराये जाने पर कुम्हरौर निवासी नेपाल सिंह पुत्र श्याम बाबू व इनके पुत्र मनोज सत्यपाल सुनील कुमार नगला रामप्रसाद निवासी रामबीर श्यामबीर पुत्रगण श्रीकृष्ण नगला माखन निवासी कन्हई पुत्र रामरहीस सन्तराम पुत्र शौकीन के विरुद्ध थाना अमृतपुर में सुसंगत धाराओं मे मुकद्दमा दर्ज कराया है।

# देश के उत्थान में व्यापारियों का अप्रतिम योगदान : दया शंकर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** देश के उत्थान में हमेशा व्यापारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है, चाहे आजादी की लड़ाई हो या राम जन्म भूमि पर मंदिर के निर्माण की बात हो, दोनो ही जगह व्यापारियों का योगदान सराहनीय रहा है। यह बात आज राजधानी के रविन्द्रालय प्रेक्षागृह में परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की विशाल व्यापारी रैली में मुख्य अतिथि के रूप में कही।



इस देश के उत्थान में व्यापारियों का अप्रतिम योगदान रहा है, उनके कारण ही मंदिर का भव्य निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने व्यापारियों की मांगों को न्यायोचित बताते हुए मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। समारोह में विशिष्ट अतिथि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने व्यापारियों की मांगों से सहमति जताते हुए कहा कि आज की सरकार में व्यापारियों का हित सुरक्षित है। रैली में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने अपने संबोधन में देश के 11 करोड़ खुदरा व्यापरियों की मूलभूत समस्याओं को महामहिम के सामने रखते हुए खुदरा व्यापार मंत्रालय के गठन की मांग रखी। उन्होंने काफी बड़ी संख्या में व्यापारियों की कर्जदारी का मामला उठाते हुए कहाकि इस समय सरकारी और प्राइवेट माध्यम से क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन काफी संख्या में बांटे जा रहे हैं, इस पर सख्ती से अंकुश लगाने की जरुरत है क्योंकि इसके जाल में फंसकर व्यापारी आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने दया शंकर सिंह और कपिल देव अग्रवाल को एक सुझाव पत्र सौंपा, जिसमें जी एस टी का स्लैब कम करने, जी एस टी अदा करने वाले व्यापारियों को जब वे साठ वर्ष से ऊपर या काम करने में अशक्त हो जाएं पेंशन देने ,जी एस टी का सरलीकरण करने, विधान परिषद और राज्य सभा में व्यापारियों को नामित करने प्रदेश के निगमों में व्यापारियों को नामित करने, दो लाख तक के ऋण माफ करने, ऑनलाइन बिजनेस पर रोक लगाने, व्यापारियों के लिए दैवीय आपदा कोष बनाने की मांग की गई है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने मनीष पटियानी को लखनऊ महानगर का अध्यक्ष बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर महेश गोयल, ओंकारनाथ केशरी, जगत नारायण, रितेश अग्रवाल, शिवम विश्नोई, मनीष अग्रवाल, गोविंद बाबू टाटा, अश्विनी गुप्ता, अनीता अग्रवाल और कुसुम केशरवानी सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये तमाम व्यापारी उपस्थित थे।

## सोशल आडिट टीम के लिए पात्र अभ्यर्थियों का साक्षात्कार आज से

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तरीय सोशल आडिट टीम हेतु प्रत्येक विकास खण्ड में प्रति 15 ग्राम पंचायत पर 04 सदस्यीय सोशल आडिट टीम के पैनल तैयार किये जाने के लिए पूर्व में प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार अन्तिम तिथि 20 जनवरी 2024 तक कार्यालय में जमा आवेदन पत्रों में पात्र अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार 20 फरवरी 2024 से 23 फरवरी 2024 तक प्रतिदिन पूर्वान्ह 11 बजे विकास भवन में कार्यालय जिला विकास अधिकारी के कक्ष में आयोजित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि उक्त सोशल आडिट टीम के तहत विकास खण्ड क्रमशः अमेठी के 50 भादर के 53 भेटुआ के 47 ग्राम पंचायत में 6-6 टीम एवं संग्रामपुर के 37 ग्राम पंचायत में 5 टीम का साक्षात्कार 20 फरवरी 2024 तथा मुसाफिरखाना के 56 शुकुल बाजार के 54 ग्राम पंचायत में 6-6 टीम एवं जगदीशपुर के 71 ग्राम पंचायत में 7 टीम का साक्षात्कार 21 फरवरी 2024 को किया जायेगा। इसी क्रम में गौरीगंज के 58 ग्राम पंचायत में 6 टीम जामों के 66 ग्राम पंचायत में 7 टीम एवं शाहगढ़ के 39 ग्राम पंचायत में 5 टीम का साक्षात्कार 22 फरवरी 2024 तथा तिलोई के 59 व सिंहपुर के 58 ग्राम पंचायत में 6-6 टीम एवं बहादुरपुर के 34 ग्राम पंचायत में 5 टीम का साक्षात्कार 23 फरवरी 2024 को किया जायेगा।

इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि सोशल आडिट टीम के गठन हेतु आयोजित साक्षात्कार में मूल शैक्षिक अभिलेख आधार कार्ड आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी जाति प्रमाण पत्र स्वयं सहायता समूह से सम्बन्धित साक्ष्य हेतु अभिलेख एवं मनरेगा श्रमिक अभ्यर्थी जॉबकार्ड सहित निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित होने के साथ ही उन्हें कोई यात्रा भत्ता देय नही होगा तथा समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं ब्लाक सोशल आडिट कोआर्डिनेटर को निर्देशित किया कि समस्त सम्बन्धित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु बुलावा प्रमाण पत्र सूचना प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

## स्वास्थ्य हेल्थ एंड वेल नेशन सेंटर बंद है कई महीनो से, प्रसव पीड़ित महिलाएं भटक रही



**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार जहां शिक्षा चिकित्सा पर अरबो रुपए खर्च कर रही है वहीं स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी कुंभकरणी नींद में मस्त है। विकासखंड राजेपुर की ग्राम पंचायत में बना स्वास्थ्य हेल्थ एंड बेलनेश सेंटर उपकेंद्र किराचन कई महीनो से बंद पड़ा। जब इसके संबंध में ग्राम प्रधान रविदास से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि यहां पर डॉक्टर कई महीनो से नहीं आ रहे हैं। इतना बताया जा रहा है। कि डॉक्टर अवकाश पर चल रहे हैं। जब इस संबंध में राजेपुर चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर आरिफ सिद्दीकी से संपर्क किया गया। तो उन्होंने बताया कि अमृतपुर किरा चन का स्वास्थ्य हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर उप केंद्र बंद चल रहा है दोनों डॉक्टर मेडिकल के तहत अवकाश पर चल रहे हैं द्य जब उनसे पूछा गया तो किसी को जिम्मेदारी दी गई होगी तो वह चुप्पी साध गए। बोले यह जानकारी सी एम ओ दे सकते हैं हैरत की बात यह है की बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र होने पर भी क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो रही है प्रसव के लिए महिलाओं को लंबी दूरी तय कर अमृतपुर राजेपुर जाना पड़ रहा है प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक लगातार एक्शन ले रहे हैं फिर भी फर्रुखाबाद में उनके आदेशों को लगातार अनदेखा किया जा रहा है। बाढ़ से प्रभावित अमृतसर क्षेत्र की जनता जिला अधिकारी से न्याय की आस लगाए बैठी है आखिर कब तक स्वास्थ्य विभाग की मनमानी चलेगी।

# उप्र को विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए सीएम योगी प्रतिबद्ध हैं : राजनाथ सिंह

> पीएम मोदी के तीसरे और चौथे कार्यकाल में विकास की नई बुलंदियों को छुएगा भारत : रक्षामंत्री

**लखनऊ।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4-0 के उद्घाटन अवसर पर रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व व मार्गदर्शन में यूपी समेत पूरा भारत प्रगति कर रहा है।



उन्होंने कहा कि मैं फिर दोहराना चाहता हूं कि किसी भी विचार, घटना या मुद्दे को अलग तरीके से देखने का प्रधानमंत्री का नजरिया आपको बाकी नेताओं से अलग श्रेणी में लाकर खड़ा करता है। जहां पर सामान्य जनप्रतिनिधि आपदा देखता है, वहां प्रधानमंत्री जी का विजन उन्हें अवसर देखने की प्रेरणा देता है। जहां सामान्य जनप्रतिनिधि समस्या देखता है, वहां प्रधानमंत्री जी समाधान की ओर देखते हैं। जहां सामान्य जनप्रतिनिधि त्वरित लाभ की तरफ अपना ध्यान आकर्षित करता है, वहीं पीएम की दूरदर्शिता उन्हें चीजों को दूरगामी दृष्टि से आने वाले हजार साल के दृष्टिकोण से देखने को प्रेरित करती है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री जी विश्व के नेतृत्व नभ में सबसे दैदीप्यमान नक्षत्र के रूप में दिखाई देते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि पीएम के नेतृत्व में देश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास की भावना के साथ प्रगति कर रहा है। समाज का कोई भी वर्ग ऐसा नहीं है, जो खुद को अकेला नहीं पाता हो या किसी क्षेत्र में खुद को पीछे छूटा मानता हो। दस वर्ष में आपने भारत के विकास भवन की जो मजबूत नींव रखी है, उससे जनता को पूर्ण विश्वास है कि आपके तीसरे व चौथे कार्यकाल तक इस विकास भवन का शिखर आसमां की बुलंदियों को छुएगा। प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में यूपी आज क्रियाशील व प्रभावी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में है, जो उत्तर प्रदेश को विकास के पथ पर बढ़ाने के लिए कमिटेड हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सात वर्षों में उत्तर प्रदेश में इनवेस्टमेंट फ्रेंडली इनवायरमेंट क्रिएट करने की दिशा में जो प्रयास किए हैं, उसकी परिणीति है कि आज उत्तर प्रदेश में यह जीबीसी हो रही है।

यह तो सिर्फ शुरुआत है, प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी जिस प्रकार यूपी आगे बढ़ रहा है। यह जीसीबी यूपी में निवेश लाने की दिशा में पॉथ ब्रेकिंग सेरेमनी साबित होगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि आश्वस्त हूं कि यूपी विकास के नए आयाम गढ़ेगा और पीएम के मार्गदर्शन में हम सब मिलकर प्रदेश समेत पूरे देश को वैश्विक पटल पर आगे ले जाएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज का दिन उद्यमी बंधुओं का दिन है।



बीएन कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा वर्ल्ड कांफ्रेंस का आयोजन

## बैंक के अंदर किसान हुआ टप्पेबाजी का शिकार

**कोंच।** पुलिस की लचर कार्यशैली से टप्पेबाजों के हौसले बुलंद हैं और एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। दिनदहाड़े बैंक के अंदर से किसान के साथ 50 हजार की टप्पेबाजी कर ली गई। दिनदहाड़े हुई वारदात से बैंक में अफरा-तफरी मच गई। दिनदहाड़े बैंक के अंदर टप्पेबाजी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है।

जानकारी के मुताबिक नया पटेल नगर निवासी रामसिंह उम्र करीब 65 वर्ष अपने नाती के साथ कस्बे के बीचों-बीच स्थित एसबीआई बैंक की मुख्य शाखा में पैसे निकालने आया हुआ था। खेत में पिपरमेंट की जड़ खरीदने के लिए किसान रामसिंह ने अपने क्रेडिट कार्ड से 5 लाख रुपए निकाले और बैंक के अंदर ही कांउटर पर जाकर 5 सौ-सौ की बनी गड्डी को गिनने लगा। इसी दौरान एक व्यक्ति आया और किसान को झांसे में लेकर कटे-फटे नोट चेक करने लगा, पलक झपकते ही टप्पेबाज बैंक के अंदर से 50 हजार की गड्डी लेकर रफूचक्कर हो गया।

# 604 किसानों को मिला पम्पसेट विधायक ने गिनाई योजनायें



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** सदर ब्लाक के सामने आयोजित एक कार्यक्रम में लघु सिंचाई विभाग की ओर से 604 किसानों को पम्सेट का वितरण किया गया। हरैया विधायक अजय सिंह ने कहा किसानों को समृद्ध करना है तो उन्हे संसाधनों से लैस करना होगा। उत्तर प्रदेश सरकार की अनेक योजनायें लगातार किसानों को मजबूती प्रदान कर रही हैं। केन्द्र व उत्तर प्रदेश सरकार ने विकसित भारत के एजेण्डे पर कार्य करना शुरू कर दिया है। यह तभी संभव है जब कृषि क्षेत्र को मजबूत किया जाये। किसानों की आर्थिक स्थिति अच्छी होगी तो भारत स्वतः विकसित राष्ट्रों में आ जायेगा। सांसद प्रतिनिधि जगदीश शुक्ला ने सरकार की योजनाओं की सराहना की। ब्लाक प्रमुख राकेश श्रीवास्तव व साऊघाट प्रमुख अभिषेक कुमार, सिचाई बन्धु के अध्यक्ष गजेन्द्र मणि त्रिपाठी ने सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी जो किसानों से सम्बन्धित हैं। इस अवसर पर एसोसियेशन ऑफ बोरिंग टेक्निशियन लघु सिंचाई विभाग के अध्यक्ष सुबाष व मंत्री राहुल श्रीवास्तव ने आये हुये किसानों का आभार जताते हुये कहा कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ किसानों को मिलेगा। एक्सईएन सुबाष चन्द, एई गरिमा द्विवेदी, टीकम सिंह, दिलरप कुमार कनौजिया, अम्बुज श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। जयप्रकाश, कृष्णचन्द पाण्डेय, रामकुमार, इन्द्रमती, मंगरू, राजेश कुमार, रामशंकर, गुलाबी देवी, राभवन, जगतनरायन, सुहेल अहमद, रामकुमार, हरिश्चन्द चौधरी, महमूद अहमद, रामसेवक, अनिरूद्ध सिंह, अजय शुक्ला सहित तमाम किसान लाभान्वित हुये।

## पेंशनरों को मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

**उरई जालौन अवधनामा संवाददाता।** मुख्य कोषाधिकारी आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि मुख्य कार्यपालक अधिकारी स्टेट हेल्थ एजेन्सी- आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना स्टेट हेल्थ एजेन्सी, उ0प्र0, लखनऊ एवं मुख्य चिकित्साधिकारी, जालौन स्थान उरई द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में पं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत जनपद के समस्त राजकीय पेंशनरों एवं उनके पात्र आश्रितों को कैशलेस चिकित्सीय सुविधा का प्रावधान किया गया है। प्रत्येक लाभार्थी परिवार को आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत आबद्ध निजी चिकित्सालयों में रू0 5 लाख प्रति वर्ष की सीमा तक तथा सरकारी चिकित्सा संस्थानों / चिकित्सालयों में बिना किसी वित्तीय सीमा के कैशलेस चिकित्सा की सुविधा अनुमन्य है। योजना का लाभ लेने हेतु प्रत्येक लाभार्थी के पास स्टेट हेल्थ कार्ड उपलब्ध होना अनिवार्य है। सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को योजना के अन्तर्गत आवेदन/ई-केवाईसी करने हेतु दिनांक 19.02.2024 से 23.02.2024 तक 05 दिवसीय अभियान हेतु शिविर का आयोजन जनपद के राजकीय मेडिकल कालेज-उरई, जिला अस्पताल उरई, जिला महिला अस्पताल उरई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोंच, जालौन, माधौगढ़, रामपुरा, कदौरा, नदीगाँव, कालपी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुठौंद, तथा समस्त जन सेवा केन्द्रों पर किया जा रहा है।



# मां नव दुर्गा नगर सेवा समिति के तत्वावधान में 151 मीटर लम्बी चुनरी तथा 301 भव्य कलश पदयात्रा निकाली गयी

अवधनामा संवाददाता

**जालौन।** नगर में लगातार छठवीं बार मां नव दुर्गा नगर सेवा समिति के तत्वावधान में 151 मीटर लम्बी चुनरी तथा 301 भव्य कलश पदयात्रा निकाली गयी। नगर से निकाली गयी चुनरी यात्रा में अपार जन समूह दिखा। यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए नगर से 10 किलोमीटर दूर मां कामांक्षा देवी मंदिर पहाड़पुरा पहुंची जहां पर उसका समापन किया गया।



वर्ष के प्रथम गुप्त नवरात्रि के अवसर पर नगर में 6 वर्ष से चुनरी व कलश यात्रा निकाली जा रही है। सोमवार को नवरात्रि के समापन के बाद आज नगर में 151 मीटर लम्बी चुनरी तथा 301 कलश यात्रा निकाली गयी है। धार्मिक आयोजन को लेकर लोगों में जमकर उत्साह दिखा। बड़ी माता मंदिर से शुरू हुई चुनरी व कलश यात्रा में सम्मलित होने के लिये बड़ी संख्या में महिला पुरूष भक्त पहुंच गये। डी जे में बज रहे देवी गीतों की ध्वनि पर बज रहे गीतों पर भक्त थिरकते हुए जयकारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। बड़ी माता, छोटी माता, काली माता मंदिर होते हुए मुख्य मार्ग कोतवाली के सामने से होते हुए मां कामांक्षा माता मंदिर पहाड़पुरा के लिए पहुंची। 151 मीटर लम्बी चुनरी जिस मार्ग से निकली उसी मार्ग पर यातायात बंद हो गया तथा लोग मां के जयकारे लगाने लगे।युवाओं की नयी पहल को देखने के लिए सड़कों पर लोगों की भीड़ लग गयी माता के जयकारे लगाने लगे। लगभग 600 - 700 मीटर लम्बी यात्रा में नगर का जन समुदाय देखने का अभूतपूर्व समर्थन देखने को मिला। अनेक स्थानों पर भक्तजनों द्वारा पेयजल व स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल , नपा अध्यक्ष श्रीमती नेहा मित्तल,सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा,ब्लाक प्रमुख रामराजा निरंजन, ओंकार निरंजन, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभय राजावत, पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष धीरज बाथम, भाजपा महामंत्री कुंवर सिंह यादव, महामंत्री प्रदीप सक्सेना, गोलू श्रीवास्तव, मलखान सिंह यादव, विवेक अग्रवाल, राम जी अग्रवाल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उषा गुप्ता, श्यामजी गुप्ता, अनिल खकसीस, दीपक गुबरेले, पुष्पेंद्र सिंह यादव, शैलेंद्र सिंह कुशवाहा, दीपक पाटकार, राजू छोले, महेंद्र पाटकार मृदुल,दिनेश सोनी पहाड़पुर, संजीव द्विवेदी अकोढ़ी दुबे, रामकुमार बाथम, आशीष लाक्षाकार ,डॉ. आलोक गुर्जर, विपुल दीक्षित, अखिलेश लाक्षाकार, मोंटू मिश्रा, सत्यम राठौर, विजय वर्मा, धारा रागिनी नगायच, विकास, सरिता प्रजापति, मंजू , संगीत, कविता, रंजना, प्रवीना, नम्रता, संगीता, ममता, अनीता, रंजना, रामजी पोरवाल समेत दो ढाई हजार लोग मौजूद रहे। जालौन विकास समिति की ओर से भक्तों के लिए पेयजल व स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। भारत विकास परिषद प्रमुख शाखा जालौन द्वारा भी चुनरी एवं 301 कलश पदयात्रा का स्वागत किया गया व पुष्प वर्षा की गई।

## जनता के खोए हुए 103 मोबाइलों को बरामद कर स्वामियों को सौंपा गया



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जनता के खोए हुए 103 मोबाइलों को सर्विलांस सेल ने बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द कर दिया। बरामद मोबाइल कि कीमत लगभग 24 लाख रुपए है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल द्वारा जनता के खोए हुए मोबाइल के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों व सी.ई.आई.आर पोर्टल पर प्राप्त शिकायत के आधार पर सर्विलांस सेल को गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में सर्विलांस सेल की टीम द्वारा कठिन परिश्रम करते हुए जनपदीय, गैर जनपदीय व गैर प्रान्तो से कुल 103 विभिन्न कम्पनियों के मल्टी मीडिया मोबाइल सेटों को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। बरामद किए गए मोबाइल सेटों की कुल कीमत लगभग 24 लाख रुपए है। बरामद मोबाइल सेटों को अपर पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी द्वारा सोमवार को पुलिस कार्यालय के सभागार में उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। बरामद करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. शरद भारती सर्विलांस प्रभारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर शम्मी कुमार, सुशील कुमार सिंह, अभिषेक कुमार यादव, राहुल कुमार यादव व रणवीर सिंह प्रियदर्शी शामिल रहे।

## पांच हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा गया लेखपाल

# एंटी करप्शन टीम ने की कार्रवाई

*अवधनामा संवाददाता*

**बीकापुर- अयोध्या।** अयोध्या मंडल एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथों पांच हजार रुपये घूस लेते पकड़े गए लक्ष्मणपुर ग्रंट के लेखपाल मोती लाल यादव के खिलाफ बीकापुर कोतवाली में लिखा पढ़ी चल रही थी




सल्हीपुर निवासी मनोज कुमार विश्वकर्मा पुत्र गया प्रसाद ने आरोप लगाया कि लक्ष्मणपुर ग्रंट में हमारी कृषि भूमि की हकबरारी का मुकदमा के दौरान दुबारा पैमाइश किये जाना के लिए लेखपाल उससे पांच हजार मांग रहे थे। पांच हजार की रिश्वत लेते रंगेहाथों जोहन बाजार में पकड़ा गया लेखपाल, एंटी करप्शन टीम ने की कार्रवाई जेल भेजे जाने की कर रहे है। भ्रष्टाचार निवारण विभाग के मंडल प्रभारी राय साहब द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि बीकापुर थाना क्षेत्र के सल्हीपुर निवासी मनोज कुमार विश्वकर्मा पुत्र गया प्रसाद विश्वकर्मा ने भ्रष्टाचार निवारण विभाग में घूस लेने की शिकायत किया था जिस पर मंडल भ्रष्टाचार विभाग कार्यालय की टीम सतर्क होते ही सोमवार लगभग 1ः05 बजे दोपहर के बाद जोहन बाजार के निकट पीड़ित किसान मनोज विश्वकर्मा के हाथ से? पांच हजार घूस लेते लेखपाल मोतीलाल यादव को रंगे हाथ पकड़ा गया और संबंधित कोतवाली बीकापुर लाया गया लेखपाल के विरुद्ध समाचार लिखे जाने तक जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही थी। मंडल प्रभारी भ्रष्टाचार विभाग राय साहब द्विवेदी ने भी बताया आरोपी लेखपाल के विरुद्ध धारा 7/13(1)बी संगठित,13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## जीबीसी 4.0ः अयोध्या में 10155.79 करोड़ रुपये का निवेश

# श्रीराम की नगरी में स्थापित होंगी 192 परियोजनाएं

## अयोध्या में जीबीसी के दौरान लाभार्थियों को वितरित किया गया टूलकिट

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** योगी सरकार द्वारा लखनऊ में आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का शुभारम्भ जहां एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी द्वारा 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास कर किया गया। वहीं इसका सजीव प्रसारण अयोध्या में गांधी सभागार आयुक्त कार्यालय में किया गया। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के अन्तर्गत जनपद अयोध्या में कुल 192 ईकाइयों द्वारा लगभग 10155.79 करोड़ रुपये का निवेश किया गया। इससे 19,854 रोजगार सृजन की संभावना है। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को टूल किट वितरित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि सदर विधायक वेदप्रकाश गुप्ता मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश औद्योगिक प्रदेश बन रहा है, हजारों लाखों करोड़ की परियोजनाएं स्थापित हो रही हैं। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश नित नये आयाम छू रहा है। इस अवसर पर मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के द्वारा निवेशकों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे प्रदेश में आकर अपना निवेश करें और इस संबंध में प्रशासन उद्यमी भाइयों की हर सम्भव मदद करेगा। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि आज अयोध्या में पर्यटन की अपार सम्भावनायें हैं। इनमें विभिन्न विश्व स्तरीय होटल आदि स्थापित हो रहे है। इसके साथ ही अयोध्या में फूड प्रोसेसिंग यूनिट की भी आवश्यकता है, इस क्षेत्र में उद्यमी भाई निवेश कर सकते हैं।

आयोजन के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सहित विभागीय अधिकारी एवं अयोध्या जनपद के उद्यमी एवं आम जनमानस उपस्थित रहे।

## पीएम मोदी भरतकुंड रेलवे स्टेशन के नवनिर्माण का करेंगे शिलान्यास

**अयोध्या।** संसदीय क्षेत्र अयोध्या को पीएम मोदी एक नई सौगात देंगे। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंर्तगत भरत जी की तपोस्थली भरतकुण्ड रेलवे स्टेशन का नव निर्माण कराया जाएगा। 26 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका वर्चुवली शिलान्यास करेंगे। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि अयोध्या तथा उसके परिक्षेत्र का केन्द्र व प्रदेश की सरकार अभूतपूर्व विकास करा रही है। आवागमन की सुविधा के लिए भरत कुंड रेलवे स्टेशन का नवनिर्माण होगा। स्टेशन के नवनिर्माण में लगभग 7.4 करोड का खर्च होंगे। रेलवे स्टेशन पर नई बिल्डिंग राम मंदिर की तर्ज बनाई जाएगी। इसके साथ यात्री सुविधा केंद्र को भी विकसित किया जाएगा। पार्किंग बनाई जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। दिव्यांगों के लिए मूलभूत सुविधा भी इस रेलवे स्टेशन पर रहेगा।उन्होनें कहा कि भरत कुण्ड पर आधुनिक सुविधाओं से लैस स्टेशन के होने से भरत जी की तपोस्थली पर पर्यटकों व श्रद्धालुओं के आवागमन में सुविधा होगी।

## कुलपति ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में पूर्वाह्न विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में 20 फरवरी को प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से डिजिटल लॉन्च व उनके उद्बोधन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कुलपति ने बताया कि मंगलवार को पूर्वाह्न 11 बजे प्रधानमंत्री के उद्बोधन के पहले विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में 10 बजे प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएमयूएसएचए) संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। जिसमें अयोध्या सांसद, विधायक के साथ जनप्रतिनिधिगण अपना संबोधन देंगे। इसमें विश्वविद्याल के शिक्षक, अधिकारी एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगी।

## बजाज आलियांज ने उन्नत बीमा सेवाओं के लिए अयोध्या में कार्यालय खोला

### कंपनी के रणनीतिक विस्तार के तहत उत्तर प्रदेश में अपनी उपस्थिति और दमदार बनाई

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारत की अग्रणी प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने आज उत्तर प्रदेश के अयोध्या में अपना नया कार्यालय खोला। उत्तर प्रदेश राज्य के अग्रणी बीमाकर्ता के लिए अयोध्या में ऑफिस खोला जाना कंपनी के रणनीतिक विस्तार और राज्य में बीमा अंतर को पाटने तथा साथ ही साथ इसके आर्थिक विकास को और मजबूत करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्व पटल पर छाये धार्मिक शहर अयोध्या अब समग्र भारतीय अर्थव्यवस्था में अभिन्न भूमिका निभाने जा रहा है। ऐसे में अब बजाज आलियांज का लक्ष्य अपने नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करके अयोध्या के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है।भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में रोजाना लाखों भक्त और पर्यटक आ रहे हैं और इस सूरत में अयोध्या एक प्रमुख केंद्र के रूप में उभर चुका है। इन परिस्थितियों ने




अयोध्या और आसपास के इलाकों में हॉस्पिटैलिटी, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे विभिन्न क्षेत्रों में व्यक्तियों, परिवारों और व्यवसायों के लिए बीमा सलूशन की डिमांड जनरेट करेगा और ऐसे में बजाज आलियांज अपने विभिन्न प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के जरिये इन उभरती जरूरतों को पूरा कर अयोध्या के चहुंमुखी आर्थिक विकास में में योगदान देने वाला है। अयोध्या में कार्यालय का खोला जाना यह दर्शाता है कि बजाज आलियांज राज्य भर में बीमा कवरेज को बढ़ाने के प्रयासों को शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह कंपनी उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के उद्देश्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए समर्पित है। अयोध्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर बजाज आलियांज इस क्षेत्र के आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण योगदान देने वाली बीमा कंपनी बनकर अपने नागरिकों की वित्तीय समृद्धि को बढ़ावा देना चाहता है।नए कार्यालय के उद्घाटन पर टिप्पणी करते हुए बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस के एमडी और सीईओ तपन सिंघल ने कहा कि, ÷भारत इस समय तेजी से आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है और ऐसे में बीमा उद्योग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

व्यक्तियों और व्यवसायों के लिए वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने में उत्तर प्रदेश इस विकास में सबसे आगे है और यह राज्य देश की जीडीपी में महत्वपूर्ण योगदान देने वाला राज्य है। विकास की इस चहुमुँखी यात्रा में अयोध्या एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है। उत्तर प्रदेश में प्रमुख बीमाकर्ता के रूप में अयोध्या के नागरिकों और व्यवसायों की सेवा करना हमारे लिए बहुत महत्व रखता है और इसलिए हमारा मानना है कि यह नया कार्यालय बीमा अंतर को पाटने और नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## बीजेपी सरकार में पीडीए का आरक्षण सुरक्षित नहींः सरोज

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** पीडीए पंचायत का आयोजन ग्राम निमुडिया में आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष राजू वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि अवधेश प्रसाद रहे विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव, विपिन यादव अशोक वर्मा आदि वरिष्ठ नेता गण उपस्थित रहे। अवधेश प्रसाद ने कहा बीजेपी लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। आये दिन प्रदेश में घटनाएं घटित हो रही है। सीबीआई, ईडी, आईटी का दुरुपयोग कर विपक्ष पर हमला किया जा रहा है। पढ़ाई, दवाई, किसानी मंहगी होती जा रही है। बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई पर सरकार बात नहीं करती सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त 10 साल सरकार चलाने के बाद भी सरकार आस्था, और भारत रत्न के नाम पर वोट चाहती है। प्रदेश सचिव छोटे लाल यादव ने कहा कि अंबेडकर के बनाए संविधान के प्रावधानों को खत्म करना चाहती है। महिलाओं के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है। सिलेंडर, सरसों का तेल, दालों के दाम आसमान छू रहे हैं, लेकिन सरकार महंगाई पर मौन है। जनता अब मुद्दो एवं कामों पर वोट करेगी।जिलाध्यक्ष सरोज यादव ने



कहा कि समाजवादी पार्टी घर है। यहां हमें अपने लोगों के बीच प्रेम मिलता है। आने वाला चुनाव आपके और हमारे भविष्य का है इसलिए एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लीजिए। कहा कि बीजेपी सरकार में पीडीए का आरक्षण सुरक्षित नहीं है।

सवाल हमारे बच्चों के भविष्य को बचाने का है। आज का दौर बदलाव का है। हम एक ऐसे समाज का निर्माण चाहते हैं जो वंचित तबके के कल्याण से हो। आज गरीब की आमदनी घट गई है और अमीर की आमदनी बढ़ती जा रही है। भाजपा अमीरों की सरकार है। पूंजीपति देश चला रहे है और 90 प्रतिशत गरीब अपने बच्चों को पढ़ा नहीं पा रहे है। किसानों की आमदनी तो बढ़ी नहीं लेकिन महंगाई चरम पर है। किसानों की कर्ज माफी जुमला निकला।

किसानों को बीजेपी सरकार एमएसपी नहीं देना चाहती। हमें आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए भाजपा सरकार को हटाना होगा तभी हमारा संविधान बचेगा।

## कांग्रेस ने उठाई मांग, निरस्त की जाए पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पुलिस भर्ती (सिपाही) लिखित परीक्षा 2024 का पेपर लीक हो गया हैं। परिक्षार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके अनुरोध पर शिकायत पत्र में जो आरोप लगाये गये हैं उनकी गहन जांच कराकर पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त कर पुनः कराये जाने कष्ट करें।

उक्त आशय का पत्र उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव, प्रवक्ता तनुज पुनिया ने आज पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा के परिक्षार्थियों से भेंट करने के पश्चात् उनके शिकायत पत्र को संलग्न कर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर यू.पी. पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कर पुनः कराये जाने का अनुरोध किया हैं। मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में प्रदेश कांग्रेस महासचिव/प्रवक्ता तनुज पुनिया ने लिखा हैं कि पुलिस सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा जो 17 व 18 फरवरी को सम्पन्न हुई हैं उसका पेपर लीक हो गया हैं जो सबूतों के साथ भुक्तभोगी परीक्षार्थियों द्वारा अवगत कराया गया हैं कि कुछ परिक्षार्थियों ने पेपर खरीद लिया हैं और कुछ को सॉल्व पेपर नही मिलने से उनका भविष्य अंधकारमय हैं इसलिये लिखित परीक्षा के परिक्षार्थियों के भविष्य को ध्यान में रखकर परीक्षा को निरस्त कर पुनः कराया जाना न्यायहित में आवश्यक हैं।

## एक किलो 140 ग्राम स्मैक समेत तस्कर गिरफ्तार, लालच में आकर बना कैरियर



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** थाना रामनगर पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। इसके कब्जे से कुल 1 किलो 140 ग्राम अवैध स्मैक जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 1 करोड़ 14 लाख रूपये है बरामद किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक के अनुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों तथा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना रामनगर पुलिस टीम को मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा मादक पदार्थ तस्कर रंजीत पुत्र सेवकराम निवासी ग्राम महरूपुर मजरे अकनपुर थाना कोठी को ग्राम बरियारपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 1 किलो 140 ग्राम अवैध स्मैक बरामद कर थाना रामनगर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि उससे एक अज्ञात व्यक्ति ने बरामद स्मैक को ग्राहक तक पहुंचाने एवं उसके बदले में रुपये देने की बात कही थी, जिससे वह उस व्यक्ति के बहकावे, लालच में आकर मकबूलपुर से उसके साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर आया था तथा वह अज्ञात व्यक्ति उसे बरियारपुर के पास छोड़कर ग्राहक को लाने की बात कह कर चला गया था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त के उक्त कथन की भी गहराई से जांच की जा रही है एवं घटना में अन्य व्यक्तियों के संलिप्तता के आधार पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## चोरी के तिपहिया वाहन तमंचा समेत शातिर चोर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** थाना रामसनेहीघाट पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से एक तीन पहिया वाहन, एक तमचा व कारतूस बरामद किया है। थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम को मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त गोविन्द रैदास पुत्र बुधई रैदास निवासी ग्राम ड्योढी डीह थाना तम्बीर जनपद सीतापुर को सनाकापुर मोड़ ग्राम कोटवा सडक के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का एक तीन पहिया वाहन यूपी 13 सीटी 2602 (कूटरचित नम्बर प्लेट), एक अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर थाना रामसनेहीघाट पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त गोविन्द रैदास अपने एक अन्य साथी शकील पुत्र रउफ निवासी ड्योढी डीह थाना तम्बीर जनपद सीतापुर के साथ मिलकर 12 जनवरी 2024 को पंचायत घर कोटवा सड़क के पास से एक मोटर साइकिल यूपी 41 बीए 9116 को चोरी करने के बाद उसको जंगल में छिपा दिया था जो 20 जनवरी 2024 को लावारिस हालत में बरामद की जा चुकी है। उक्त सम्बन्ध में थाना रामसनेहीघाट पर मामला पंजीकृत है। अभियुक्त द्वारा बरामद तीन पहिया वाहन की वास्तविक नम्बर प्लेट बदलकर कूटरचित नम्बर प्लेट प्रयोग की गई थी। अभियुक्त गोविन्द रैदास के अन्य साथी शकील उपरोक्त की तलाश की जा रही है।

## अलग अलग सड़क हादसों में दादी पोती समेत 3 लोगों की मौत

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** दो स्थानों पर हुए सड़क हादसों में दादी पोती समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में एक युवक घायल हुआ है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के अनुसार भाजपा के जिला मंत्री रामसागर कनौजिया के परिवार के योगेन्द्र की पत्नी गीतादेवी (50) अपनी पौत्री पीहू (3) पुत्री संदीप कनौजिया के साथ सोमवार की दोपहर करीब 12 बजे परिवार के ही युवक विकास के साथ बाइक से दवा लेने जा रही थी। जय हिन्द माण्टेसरी स्कूल से थोड़ा आगे मलामत शाह तकिया गेट के मध्य रामनगर की तरफ गिटटी लादकर जा रहे डम्पर के चालक ने विकास की बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे दादी पोती सड़क पर गिर गए। डंपर चालक उन्हें रौंदते हुए चला गया। जिससे उनकी मौके पर मौत हो गई। हादसे में विकास को चोटें आई हैं। पुलिस ने मरकामऊ मोड़ डंपर चाल एक को हिरासत में लेकर वाहन को कब्जे में ले लिया है। शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। हादसे की जानकारी होने पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश कुमार रावत, मंडल अध्यक्ष संतोष पान्डेय, आईटी सेल सेल के अमित पांडेय आदि मौके पर पहुंच गए।

नगर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ अयोध्या हाइवे पर मोहम्मदपुर चौकी पास रविवार कीरात सड़क पा कर रही महिला को तेज रफ्तार टैंकर चालक ने रौंद दिया। इस हादसे में महिला की मौके पर मौत हो गई। मृतका की पहचान साबितुल निशा (49) पत्नी अशरफ के रूप में हुई।

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का सजीव प्रसारण



**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में निवेश एवं रोजगार को प्रोत्साहित करने हेतु लोक भवन लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया गया। जिसका सजीव प्रसारण सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने विधानसभा जैदपुर के विकास खण्ड हरख के सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागार में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के देखा तथा उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा आशुतोष अवस्थी, चट्टान सिंह वर्मा, आशीष मिश्रा, सुरेन्द्र वर्मा, श्याम किशोर, शिवकुमार शर्मा, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## शिविर लगाकर किया गया लोगों के स्वास्थ्य की जांच



*अवधनामा संवाददाता*

**नौतनवा (महराजगंज)।** गांव में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु समाज सेवी अजय कुमार पाण्डेय द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्राम पंचायत धरैचा के लोगों को जागरूक किया गया।इस शिविर में गठिया, जोड़ों के दर्द बुखार व सर्दी जुकाम तथा कमजोरी हेतु दवा भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आयोजक पाण्डेय ने बताया कि डाक्टर रूद्र नारायण पाण्डेय के नेतृत्व में डाक्टरों की एक टीम ने लोगों के बीपी, वजन का जांच कर लोगों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए नियमित अपने डाक्टर से चेकअप कराकर उनके मार्गदर्शन में दवाई लेने का अनुरोध किया। उक्त शिविर में लगभग तीन सौ मरीजों को जांच कर दवा दिया गया। शिविर में सहयोगी के रूप में लौकुश,मुर्शद अली आर एन चौरसिया तथा समाज सेवी व पत्रकार ओम प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## सप्त दिवसीय कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

### श्री गुरु गोरक्षनाथ पीजी कालेज में सात दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन




**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** घुघली क्षेत्र में स्थित श्री गुरु गोरक्षनाथ पीजी कालेज जोगिया में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें कार्यक्रम के पहले दिन जनसंख्या नियंत्रण विषय पर विस्तार से चर्चा हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उप प्राचार्य डा राधेश्याम मल्ल ने माता सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। श्री मल्ल ने अपने संबोधन में कहा कि जनसंख्या वृद्धि एक बड़ी चुनौती है। इससे ना सिर्फ़ देश के संसाधनों का दोहन होता है बल्कि आमजन को आधरभूत सुविधा पाने के लिए भी काफी संघर्ष करना पड़ता हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति अब विस्फोटक बन गया हैं। प्राध्यापिका डॉ ज्योति पटेल ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि को लेकर आमजन को जागरूक होना पड़ेगा इसको नियंत्रण करने में शिक्षा की बड़ी महत्ता होती हैं। कार्यक्रम अधिकारी डा अमरनाथ पटेल ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताया और लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान हिंदी विभाग की प्राध्यापिका डा लक्ष्मी जायसवाल सहित काफी संख्या में छात्र छात्रा भी उपस्थित रहे।

## सासंद खेल स्पर्धा में खिलाड़ियो ने बिखेरी प्रतिभा की चमक



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सासंद खेल स्पर्धा के जिला स्तरीय प्रतियोगिता मे युवा खिलाड़ियों ने मैदान पर अपने प्रतिभा की चमक बिखेरी।स्पर्धा के दूसरे दिन खेल मैदान पर दाव पेंच की जोर आइजमाइस देख दर्शक मुग्ध हो गये।स्पर्धा के दूसरे केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया जिपंअ रविकांत पटेल मैदान पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कबड्डी खोखो व वालीबाल के खिलाडियों का परिचय प्राप्त किया। स्पर्धा के दूसरे दिन के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी का भाजयुमो महामंत्री गोविंद जायसवाल ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।कार्यक्रम मे सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया का भाजयुमो उपाध्यक्ष अभिषेक श्रीवास्तव व वित्त राज्यमंत्री का खेल सहसंयोजक राजीव द्विवेदी ने कैप अलंकरण किया। स्पर्धा के दूसरे दिन के सदर एसडीएम रमेश कुमार ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विवेक गुप्ता मिठौरा ब्लाक प्रमुख रामहरख गुप्त ने मैदान पर खिलाड़ियों का उत्साहबर्धन किया।खेल स्पर्धा मे पुरुष वर्ग का दौड़ लम्बीकूद ऊंचीकूद कबड्डी वालीबाल व खो खो का आयोजन किया किया।

पुरुष वर्ग के 100मीटर दौड़ में नौतनवा विधानसभा के आकाश विजेता व सिसवा के अमित गुप्ता उपविजेता रहे।इस दौरान बीएन सिंह अनिरुद्ध निराला अखिलेश पाठक शैलेष पटेल पंकज मौर्य रितेश केसरवानी अजय श्रीवास्तव अविनाश चौधरी बलवंत सिंह दयानंद त्रिपाठी रवि यादव विवेक कुशवाहा आदि आयोजक व निर्णायक समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## सीएमओ ने किया सा. स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** शोहरतगढ़ कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शोहरतगढ़ का सीएमओ डॉ डीके चौधरी ने निरीक्षण किया। सबसे पहले उपस्थित पंजिका, दवाओं के वितरण पंजिका के बारे में जानकारी ली। प्रसव कक्ष में पहुंचे सीएमओ ने कहा मरीजों का उपचार सेवा भाव के साथ करें। अस्पताल के आस पास रहने वालों जाने के लिए ईंटा लगाकर आम रास्ता बना देने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और अधीक्षक डॉ सौरभ चतुर्वेदी को तत्काल मार्ग बंद करने का आदेश दिया और कहा बाउंड्री वॉल बनवाने के लिए एक प्रस्ताव बनाकर भेजने का निर्देश दिया। सीएमओ ने साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान सीएमओ डॉ डीके चौधरी ने अधीक्षक डा सौरभ चतुर्वेदी को तत्काल इस पर एक प्रस्ताव पत्र भेजने का निर्देश दिया। इस दौरान चिकित्सक डा राकेश मौर्या, डा एसके भारती, चीफ फार्मासिस्ट राजकमल त्रिपाठी, सुरेंद्र पाल, प्रेमचंद गुप्ता आदि मौजूद रहें।

## पत्रकार की माता की मजलिसे बरसी का आयोजन

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** वरिष्ठ पत्रकार दानिश मेंहदी



की माता की प्रथम बरसी पर एक मजलिसे अज़ा का मीरानपुरा स्थित हुसैनी हाल मे आयोजन किया गया। मजलिस को सम्बोधित करते हुए मौलाना अब्बास इरशाद ने माँ की अज़मत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुनिया मे कोई भी व्यक्ति अपनी माँ का क़र्ज़ नहीं उतार सकता है क्योंकि पिता बच्चे के पैदा होने के बाद उसकी खिदमद करता है अगर पिता अपनी दौलत से अपने बच्चे की खिदमत करता मगर माँ बच्चा पैदा होने से पूर्व लगातार नौ माह तक अपना खून देकर उसकी परवरिश करती है इसलिए इस्लाम मे माँ का मर्तबा बहुत ही बुलंद बताया गया है। मजलिस से पूर्व इल्तिफ़ातगंज से मजलिस मे शिरकत करने आये मरसिया ख्वा ने अपने मखसूस अंदाज़ मे मरसियाखावनी की पहली मजलिस को मौलाना बकी जाफरी ने सम्बोधित किया अपने सम्बोधन मे आत्मा व शरीर के रिश्ते पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मा ज़ब शरीर से निकल जाती है तब शरीर हरकत करना बंद कर देता मजलिस मे बड़ी संख्या मे लोगो ने भाग लेकर मरहूमा की मगफ़रत के लिये दोआ की बाद मजलिस लोगों ने नज़रे मौला का स्वाद चखा मजलिस मे मजलिस मे दूर दराज़ से आने वालों का मरहूमा के बड़े पुत्र रिज़वान हुसैन पौत्र कामरान हुसैन ने आभार व्यक्त किया।

## संतों की एक दिन के संगत से मोक्ष की प्राप्ति : महराज



**कुदरहा, बस्ती अवधनामा संवाददाता।** कुदरहा विकास क्षेत्र के छरदही गांव में चल रही ग्यारह दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को वृंदावन धाम से पधारे पं आलोकानंद जी महाराज ने कहा कि दुष्ट एंव दुराचारी होने के बावजूद संतों की एक दिन के संगत से मोक्ष की प्राप्ति होती है। अजामिल कायंकुब्ज ब्राह्मण कुल में जन्मे थे। एक दिन वह गांव से बाजार जा रहे थे तो उन्होंने एक नर्तकी को देखा। नर्तकी वेश्या थी इसके बावजूद वह उसे अपने घर ले गए। अजामिल अपने नौ बच्चों के साथ रहने लगे। एक दिन पच्चीस संतों का एक काफिला अजामिल के गांव से गुजर रहा था। यहां पर शाम हो गई तो संतो ने अजामिल के घर के सामने डेरा जमा दिया। रात में जब अजामिल आया तो उसने साधुओं को अपने घर के सामने देखा। जिससे वह बौखला गया और साधुओं को भला बुरा कहने लगा। आवाज सुन अजामिल की पत्नी जो वैश्य थी वह आ गई पति को शांत कराया। अगले दिन साधुओं ने अजामिल से दक्षिणा मांगी जिस पर वह फिर नाराज हो गया और साधुओं को मारने के लिए दौड़ पड़ा। तभी पत्नी ने फिर रोक दिया। साधुओं ने कहा कि हमें रुपया पैसा नहीं चाहिए। जिस पर अजामिल ने हां कर दिया तो साधुओं ने कहा कि अपने होने वाले पुत्र का नाम नारायण रखना यही हमारी दक्षिणा है। इसके पश्चात पुत्र पैदा हुआ तो अजामिल ने उसका नाम नारायण ही रखा और नारायण से प्रेम करने लगा। इसके बाद जब अजामिल का अंत समय आया तो यमदूतों को भगवान के दूतो के सामने अजामिल को छोड़कर जाना पड़ गया। इस तरह अजामिल को मोक्ष की प्राप्ति हुई। मुख्य यजमान पं मुरलीधर द्विवेदी, विंध्याचल द्विवेदी, अष्टभुजा, योगेश, सुंदर जी महाराज, संजय ओझा, अभिमन्यु रूपनारायण सिंह, वीरेंद्र दुबे, राम प्रकट उपाध्याय, गंगाराम दुबे, नरसिंह प्रसाद दुबे, राधे गोस्वामी, विजली गिरी, रामगोपाल दुबे, हरि गोविंद द्विवेदी, अजय दुबे, बंटी दुबे, झारखंडे गिरी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# गोल्ड मेडल दिलाने वाले खिलाड़ियों को जागृति क्लब ने किया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बीते दिनों हापुड़ में सम्पन्न हुए राज्य स्तरीय ग्रामीण जूनियर बालिका वॉलीबाल चैंपियनशिप में गोरखपुर जोन को गोल्ड मेडल दिलाने वाले खिलाड़ियों को जागृति स्पोर्टिंग क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। जागृति स्पोर्टिंग क्लब बढ़नी द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अध्यक्ष अकील अहमद, कार्यवाहक अध्यक्ष ओंकार गुप्ता व असलम खान द्वारा अंशिका सोनी, शशि पांडेय, शिवानी, अर्चना, सुमन गौड़, शिखा बाल्मिकी, आंचल एवं रीतिका चौधरी तथा प्रशिक्षक शंभूनाथ गुप्ता सहित आफताब आलम को माला पहना, मिठाई खिला तथा उपहार देकर सम्मानित किया गया। सभी खिलाड़ी बढ़नी के जीएवी इंटर कॉलेज की छात्राएं हैं। समारोह को संबोधित करते हुए आयोजन सचिव मु. इब्राहिम ने कहा कि बढ़नी जैसे छोटे व संसाधनहीन स्थान पर भी उक्त छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करके नगर, जनपद एवं जोन को गौरवान्वित किया है। इस दौरान प्रधानाचार्य विजय वर्मा विनय शर्मा, निजाम अहमद, विजय वर्मा, शंभूनाथ गुप्ता, अब्दुल कयूम, गयासुद्दीन खान, अलीम अहमद, मुन्नू अल्वी, इफ्तेखार अहमद, नौशाद आलम, शाकिर अली, जावेद खान, शकील शाह आदि मौजूद रहे। विद्यालय की छात्राओं द्वारा वॉलीबाल चैम्पियनशिप में किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए गांधी आदर्श विद्यालय के प्रबंधक डा राकेश प्रताप शाह ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी खिलाड़ियों और प्रशिक्षक को बधाई दी है।

## संगठित समाज ही कर सकता है राष्ट्र रक्षा : योगेश श्रीवास्तव

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जब-जब इस धरा धाम पर अधर्म की वृद्धि व धर्म का क्षरण होता है तब- तब किसी न किसी श्रेष्ठ पुरुष का अवतरण अवश्य होता है, जिसके द्वारा समाज व राष्ट्र का कल्याण होता है, ऐसे ही कालखंड में परम पूज्य श्री गुरु जी का जन्म हुआ था। उक्त बातें रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के द्वितीय सर संघचालक माधव राव सदाशिव राव गोलवलकर की जयंती के अवसर पर विद्यालय के आचार्य व कार्यक्रम संयोजक योगेश श्रीवास्तव ने कही।

उन्होंने कहा कि श्री गुरु जी का संपूर्ण जीवन ही अपने आप में एक दर्शन है, जो भारत ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व को मानवता का संदेश देने वाला है। उनका विचार था कि संपूर्ण हिंदू समाज अपने अंदर के जाति - पाति, ऊंच - नीच, बड़े- छोटे का भेदभाव समाप्त कर समानता व एक-दूसरे के प्रति सहज भाईचारे के भाव से संपूर्ण हिंदू समाज संगठित हो क्योंकि संगठित समाज ही राष्ट्र रक्षा कर सकता है।

विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य दिलीप श्रीवास्तव ने भी गुरु जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य राम केवल शर्मा ने श्री गुरु जी के चित्र पर पुष्पार्चन कर की। वरिष्ठ आचार्य व गणित के प्रवक्ता निमिष शुक्ल समेत समस्त आचार्य बंधुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## 6568 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा

**बस्ती।** ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में रू0 1546 करोड़ के 112 उद्योग तैयार हो गये है। इसमें लगभग 6568 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। उल्लेखनीय है कि जनपद में कुल रू. 14232.85 करोड़ का 286 ईकाइयों द्वारा पूजीनिवेश के लिए एमओयू साइन किया गया है। कलेक्टेऊ्ट सभागार में आयोजित समारोह मे लखनऊ में आयोजित हुए कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जिलाधिकारी अंद्रा वामसी एवं सीडीओ जयदेव सीएस द्वारा लाभार्थियों को टूलकिट का वितरण किया गया। इसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत शारदा, सुमन यादव, दिव्या मिश्रा, कु. निशा एवं माधुरी शर्मा तथा एक जनपद एक उत्पाद योजनान्तर्गत हरि मंगल, परवेज, मसूर अहमद, जुगेश कुमार गौतम, राम सवारे एवं अरविन्द्र कुमार को टूलकिट प्रदान किया गया। जनपद बस्ती से इन्दिरा गाँधी प्रतिष्ठान लखनऊ में प्रतिभाग करने हेतु 39 निवेशकों को आमंत्रित किया गया है। जनपद में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 में पशुपालन विभाग में 03 इकाइयों द्वारा रू0 03.00 करोड़, चिकित्सा शिक्षा विभाग की 04 इकाइयों द्वारा रू0 42.00 करोड़, दुग्ध विकास विभा ग की 2 इकाई द्वारा रू0 22.25 करोड़, चिकित्सा स्वास्थ्य की 03 इकाईयों द्वारा रू0 55.00 करोड़, एमएसएमई विभाग 39 इकाई द्वारा रू0 394.50 करोड़, हैण्डलूम एवं टैक्सटाइल की 01 इकाई द्वारा 01.00 करोड़, मत्स्य विभाग की

# मंगल भवन में हुआ ग्राउंड-ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का लाइव प्रसारण

## पीएम मोदी ने लखनऊ में ग्राउंड-ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत के राप्ती नदी तट स्थित मंगल भवन में ग्राउंड-ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का लाइव प्रसारण आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सासंद कन्नौज सुब्रत पाठक ने उद्यमियों को संबोधित किया। कार्यक्रम का आरम्भ सासंद कन्नौज सुब्रत पाठक, जिलाधिकारी पवन अग्रवाल, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने आए हुए सभी अतिथि व जनप्रतिनिधियों को बुके देकर सम्मानित किया। सांसद ने प्रदेश की विकास में निवेशकों की भमिका को अहम बताया।



सोमवार को सुबह दस बजे से लाइव प्रशासन को लेकर स्थानीय प्रशासन मंगल भवन में जुटा रहा। करीब 1-30 बजे सांसद व जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाइव संबोधन सुनने के बाद सांसद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यूपी में भाजपा की सरकार बनने के बाद निवेश का माहौल बना है। जिसके चलते निवेशक बिना किसी भय के व्यापार की दिशा में पूंजी लगा रहे है। पहले अपराध के मामलों ने प्रदेश को विकास की रफ्तार को कम कर दिया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार ने अपराध पर नियंत्रण लगाकर यूपी को विकास के रास्ते पर लाकर खड़ा कर दिया है।

**कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद कन्नौज सुब्रत पाठक ने उद्यमियों को संबोधित किया**

पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार ने यूपी में विकास और विश्वास का माहौल बना है। उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास परियोजना का शुभारंभ न केवल औद्योगीकरण की संभावनाओं को जमीन पर उतारने वाला होगा, बल्कि प्रदेश के सामान्य नागरिक के जीवन स्तर को बेहतर करने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और रोजगार के करोड़ों नए अवसर सृजित करने का बहुत ही सार्थक माध्यम होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन उद्यमियों ने सिद्धार्थनगर जनपद के विभिन्न स्थानों पर अपना निवेश करने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया था, उसमें से अधिंकांश निवेशकों का कार्य प्रगति पर है। जो शीघ्र पूर्ण होने के बाद स्थानीय लोगों को रोजगार अवसर मिलेगा। इस दौरान निवेशकों को चेक वितरित किया गया। उद्यमियों में डॉ अजय रावत, संदीप कुमार, अनुपम जायसवाल आदि ने सरकार की तरफ से निवेशकों को दिए जाने वाली लाभकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चाकर, सरकार द्वारा किए गए पहल की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन लेखपाल संघ अध्यक्ष रमेश श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान एसडीएम डा. संजीव दीक्षित, तहसीलदार डा. संतराज सिंह बघेल, नायब तहसीलदार महबूब आलम, बीडीओ अमित सिंह, ईओ महेश प्रताप श्रीवास्तव, अजय कुमार पाण्डेय, प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप उर्फ छोटे पाण्डेय, लालजी शुक्ला, चेयरमैन धर्मराज वर्मा, चंद्र प्रकाश चौधरी, अमरेन्द्र त्रिपाठी, सुगंध अग्रहरि, पप्पू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## माया बाजार रोड के पास बिजली का पोल गिरा, बड़ा हादसा टला

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के वार्ड नंबर 62 माया बाजार में इंसुलेटर तार बदलने का कार्य चल रहा था इसी दौरान एक जर्जर पोल तार



खींचने के दौरान एक मकान पर गिर गया। जबकि कार्य के दौरान अवागमन भी चालू था। गनीमत रहेगी किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है वरना बड़ा हादसा हो सकता था। माया बाजार वार्ड के भाजपा पार्षद समद गुफरान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वार्ड में जर्जर पोल व तार को लेकर कई बार बिजली विभाग को पत्राचार किया गया इतना ही नहीं आईजीआरएस पर भी शिकायत की गई लेकिन अधिकारियों की उदासीनता और ठेकेदार की मनमानी की वजह से आज यह हादसा हुआ। पोल एक मकान पर गिरा नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था इस संबंध में बक्शीपुर के जेई से बात किया गया तो उन्होंने बताया कि इंसुलेटर तार बदलने का कार्य चल रहा था इसी दौरान हादसा हुआ है फिलहाल मौके पर कर्मचारी लगे हुए हैं और उसे ठीक करने का कार्य चल रहा है।

## नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) का प्रशिक्षण शिविर आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी से सटे नेपाल के कृष्णनगर कस्बे में नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी( एमाले ) के प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न पार्टियों को छोड़कर 250 से अधिक लोग नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी ( यूएमएल ) में शामिल हो गए।



कपिलवस्तु के कृष्णानगर नगर पालिका में आयोजित दो दिवसीय नगर कमेटी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर नेपाली कांग्रेस, आरपीपी कार्यकर्ताओं ने नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी ( एमाले ) की सदस्यता ली। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षित किया गया एवम उन्हे प्रमाण पत्र भी दिया गाय। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर सीपीएन यूएमएल केंद्रीय समिति के सदस्य सुशील कुमार श्रीवास्तव, जिला समिति अध्यक्ष डम्मर शर्मा ने नये सदस्यों का यूएमएल पार्टी में परिचय कराया। सीपीएन-यूएमएल कृष्णानगर सिटी कमेटी के अध्यक्ष गोपाल चंदेल ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूएमएल के सभी भाईचारे और जमीनी स्तर के संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 250 लोग यूएमएल पार्टी में शामिल हुए हैं, जिनमें कुणाल प्रताप शाह, जनमत पार्टी से वार्ड चेयरमैन पद के उम्मीदवार अनवर मुस्लिम, डिप्टी मेयर पद के उम्मीदवार हदीसुन मुस्लिम सहित अन्य लोग रहे।

## ज्ञानरूपी चक्षु ही शंकर का त्रिनेत्रः आचार्य राम नारायन



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिले की आलापुर विधानसभा अंतर्गत थाना राजेसुलतानपुर के ग्राम कल्यानपुर में नव निर्मित शिव मंदिर में शिव प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ का द्वितीय दिवस शिव महिमा के वर्णन पर केंद्रित रहा।जिसमें काशी के वैदिक आचार्य राम नारायण मिश्र के प्रवचन से भक्त भाव विभोर दिखे।

ज्ञातव्य है कि विगत 16 फरवरी से कलशयात्रा के साथ शुरू हुए महायज्ञ में आज का दिन पूर्वाह्न में जहाँ वैदिक विद्वानों के कर्मकांड के नाम रहा तो अपराह्न शिवपुराण आधारित रुद्र महिमा पर आचार्य राम नारायण मिश्र का प्रवचन अद्वितीय था।आचार्य राम नारायण ने देवाधिदेव महादेव के तीसरे नेत्र को ज्ञानचक्षु की संज्ञा देते हुए बताया कि जबतक मनुष्य का ज्ञान जागृत नहीं होता है तबतक व लोभ,मोह,काम और माया के विविध रूपों से मोहित होता हुआ विभिन्न प्रकार के भौतिक सुखों की तलाश करता फिरता है। जिससे जीवन में यश की बजाय अपयश, कीर्ति की जगह अपकीर्ति और वैमनस्य आदि से ग्रसित होकर पीड़ित हो दिग्भ्रमित भ्रमर सा फिरता रहता है किन्तु जब मनुष्य का आत्मज्ञान जागृत होता है तो वह गुण-दोष में विभेदन करने में समर्थ होता है।ज्ञान चक्षु ही मोह बंधन को काटने का सशक्त हथियार है।उन्होंने सदाशिव के तीसरे नेत्र को ज्ञानचक्षु की संज्ञा देते हुए प्रत्येक मनुष्य को आत्ममंथन करते हुए प्रज्ञाचक्षु को जीवंत करने का हितोपदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान शैलेन्द्र कन्नौजिया, अवधेश तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी, हरिश्चंद्र तिवारी, रवि प्रकाश तिवारी, श्रीराम शर्मा, झब्बर शर्मा सहित पूरे ग्रामवासियों सहित आसपास के जनमानस भारी संख्या में पहुँचकर कार्यक्रम में यथोचित सहयोग करते हुए मनोयोग से सेवा कर रहे हैं।

## डीएम ने जताई नाराजगी

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में माह जनवरी की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। सीएम डैशबोर्ड के तहत आने वाली 29 विभागों की 71 योजनाओं में खराब प्रदर्शन वाले विभागों को सुधार करने के निर्देश दिए रैंकिंग में सुधार न होने पर संबंधित अधिकारी का वेतन रोका जाएगा बैठक में जिला विकास अधिकारी ने बताया गया कि 15 वे वित्त आयोग ग्राम पंचायत,5 वे राज्य वित्त आयोग , सहकारिता, एम्बुलेंस 108, मुख्य मंत्री सुमंगला योजना मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना, जल जीवन मिशन ग्रामीण की रैंकिंग सबसे खराब पाई गई है इन विभागों से जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। डी0 पी0आर0 ओ0 को चेतावनी दी गई कि यदि फरवरी की रैंकिंग में सुधार न हुआ तो शासन को उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए लिखा जाएगा सभी को प्रगति खराब होने का कारण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मनरेगा की रैंक घट गई है द्य मीटिंग में बताया गया कि जिले की 65 रैंकिंग है जिले की विधुत आपूर्ति ठीक है।

## लाभार्थी संपर्क कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** आम चुनाव 2024 को लेकर पूरे देश में सरगर्मियां तेज हो गई है। इसी क्रम में भाजपा ने जलालपुर नगर स्थित एक निजी मैरिज हॉल में नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र की अध्यक्षता में लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।



लाभार्थी कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव ने बताया कि संपर्क अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी से कार्यकर्ता द्वारा व्यक्तिगत रूप से घर घर जाकर संपर्क करने के साथ ही पत्रक देना, गेट पर स्टीकर लगाना व लाभार्थी के मोबाइल नंबर से मिस कॉल करना, लाभार्थियों के फोटो एवं उनके अनुभवों के वीडियो सोशल मीडिया, नमो ऐप, सरल ऐप पर अपलोड करना है। इससे पूर्व मुख्य अतिथि बाबा राम शब्द यादव, चन्द्रिका प्रसाद, राम किशोर राजभर, शिवपूजन वर्मा, शास्वत मिश्र, मानिकचंद सोनी आदि का नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र, कृष्ण गोपाल गुप्ता, विकास निषाद, नीरज अग्रहरि, सुशील अग्रवाल, आनंद मिश्र, अमित गुप्त आदि ने स्वागत किया। नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ता पार्टी द्वारा दिए जा रहे अभियानो को सफल बनाए जाने के लिए कमर कस ले। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में भाजपा को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने का आह्वान करते हुए सभी को एकजुट होकर कार्य करने के लिए दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम के उपरान्त ही नगर पालिका चुनाव में प्रत्याशी रहे रमेश यादव ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। शाश्वत मिश्रा ने सरल एप तथा नमो ऐप के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मिशम रजा, शत्रुघ्न सोनी, अरुण मिश्र, अली मेहंदी, आशीष सोनी, सोनू गौड, विनोद मौर्य, केतकी शर्मा, शिवराम मिश्र, बेचन पांडे, सुरेश गुप्त, आनंद जैसवाल,आशाराम मौर्य,डेविड गोरे, अजीत निषाद, मनोज पांडे, गौरव उपाध्याय, विनय मिश्र, बृजेश जैसवाल, रोशन सोनकर,राकेश गुप्त, रामवृक्ष भार्गव, सतनाम सिंह, अनुज सोनकर, विपिन पांडे, शशांक पाठक, सुमित गुप्त, नीरज तिवारी, रक्षा राम समेत लाभार्थी शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक एवं कार्य समिति सदस्य मौजूद रहे।

## जनपद स्तरीय ब्रेकिंग ग्राउंड सेरेमनी कार्यक्रम में कार्यकर्ता भड़के



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन में उस समय खलबली मच गई जब भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राम किशोर राजभर और एमएलसी डॉ हरिओम पांडेय के प्रतिनिधि केशव प्रसाद श्रीवास्तव ने ब्लाक कर्मियों द्वारा आयोजन में आमंत्रित न किए जाने पर हंगामा खड़ा कर दिया।बकौल रामकिशोर राजभर ब्लाक कर्मियों द्वारा किसी भी आयोजन में सत्ता पक्ष के कार्यकर्ताओं का उचित सम्मान नहीं किया जाता है। यद्यपि एसडीएम जलालपुर सुभाष सिंह धामी ने किसी तरह मामले को सम्हाल कर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराया। पूर्व विधायक सुभाष राय ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा ग्राउंड सेरेमनी ब्रेकिंग का चौथा आयोजन आज किया गया है। इसके मार्फत जहां जनपद का विकास होगा वहीं बड़ी तादाद में युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। श्री राय ने कहा कि उद्योगों की स्थापना हेतु सरकार जमीन से लेकर धन तक उपलब्ध करवा रही है। स्व रोजगार की दिशा में यह एक बड़ा कदम है।समारोह के दौरान बड़ी तादाद में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेरेमनी कार्यक्रम में शामिल व्यापारियों को सम्मानित किया गया।इस दौरान तहसीलदार संतोष कुमार, एसडीएम न्यायिक रोशनी यादव, एडीओ पंचायत बृजेश तिवारी, आई एस बी प्रदीप पांडेय ने व्यवस्था सम्हाली तो भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र,सभासद बेचन पांडेय समेत बड़ी तादाद में पार्टीजनों की मौजूदगी रही।

# यूपी बोर्ड परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने को पुलिस ने कसी कमर

**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षा-2024 यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा 22 फरवरी शुरू होगी। परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने अपनी रणनीति तैयारी कर ली है। परीक्षा केंद्र के स्ट्रांग रूम से लेकर विद्यालय की बाउंड्री व खिड़कियों पर पुलिस की पैनी नजर होगी।

जिले के 276 केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा होगी। परीक्षा में सुचिता कायम रहे इसके लिए पुलिस ने नकल माफिया का रिकार्ड खंगाला है। नकल माफियाओं से विद्यालय की कड़ी व दस साल के रिकार्ड पर भी नजर है।

परीक्षा केंद्रों के थाना स्तर से सत्यापन कर बाउंड्री संग खेतों की तरफ खुलने वाली खड़कियों को भी बंद कराया गया है। पुलिस स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाध्यापक व शिक्षकों को

■ नकल माफियाओं पर होगी पैनी नजर, स्ट्रांग रूम पर रहेगा सख्त पहरा



अपराधिक इतिहास भी निकाल लिया है। इसमें पूर्व में नकल कराने में शामिल लोगों की गतिविधियों को परखा जा रहा है। इसके लिए पुलिस के अलावा एलआइयू की भी टीम लगी हुई है। नकल के लिए बदनाम परीक्षा केंद्रों पर पुलिस की विशेष नजर होगी।

पुलिस की नजर शिक्षकों के संपर्क में रहने वाले नकल माफिया पर भी है। प्रतिदिन एसपी खुद इसकी मानीटरिंग कर रहे हैं। दरअसल, बीते साल परीक्षा में नकल माफिया सक्रिय रहे थे। उसी हिसाब से पुलिस ने कार्रवाई भी की थी। पुलिस नकल माफिया पर चौतरफा निगाह रखने की योजना बनाने में जुटी है। पुलिस बोर्ड परीक्षा में पिछले वर्ष नकल के दर्ज मुकदमों में आरोपितों पर भी नजर बनाए हुए है। इसमें कौन जेल से बाहर है और वर्तमान में उसकी गतिविधि क्या हैं। वहीं, दूसरे की जगह की परीक्षा देने में पकड़े गए लोगों की वर्तमान स्थिति देखी जा रही है। बोर्ड परीक्षा की सुचिता कायम रहे इसके लिए प्रशासन ने जिले को आठ जोन व 30 सेक्टर में बांटा है। इसके लिए जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। इसके अलावा सचल दल व प्रदेश स्तर पर गठित उड़ाका दल की टीम भी परीक्षा केंद्रों पर जांच करेंगी।

# ऑनलाइन क्विज के माध्यम से प्रतिभागियों ने जीते पुरस्कार

**प्रयागराज।** केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान के रूप में प्रयागराज महानगर में चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा का जागरूकता गाड़ी आज हाशिमपुर रोड में प्रथम सत्र में तथा माधव ज्ञान केंद्र खारकौनी नैनी में द्वितीय सत्र में पहुंची। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र व हकदार को जोड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य कैंप, आयुष्मान कार्ड, उज्जवला, समाज कल्याण, दिव्यांगजन शक्तिकरण, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, आधार, जिला नगरी विकास अभिकरण, आपूर्ति विभाग आदि के शिविर लगाए गए। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में व द्वितीय सत्र में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारणों को उपस्थित जन समुदाय को एलईडी वैन के माध्यम से दिखाया गया। उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के संबोधनों से अभिभूत हो करकर उनकी प्रशंसा की।

# स्वामी प्रसाद मौर्य ने अखिलेश पर किया पलटवार

## बोले- वो किस हैसियत में हैं जो मुझे कुछ देंगे

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा देने के बाद अपनी नई पार्टी का एलान करने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है समाजवादी पार्टी की केंद्र में और राज्य में सरकार है और वो मुझे लाभ दे रहे हैं। उनके द्वारा ऐसी शेखचिल्ली बघारना उचित नहीं है। मैंने हमेशा पद छोड़ा है। मैंने वैचारिकता को प्राथमिकता दी है। विचारों के सामने पद मायने नहीं रखता है। मैंने बहुजन समाज पार्टी में नेता विरोधी दल रहते हुए पार्टी को छोड़ दिया था। सत्ता में रहते हुए मैंने भारतीय जनता पार्टी को छोड़ दिया था। ओबीसी और जनरल की जगह जब जनरल भर्ती किये जा रहे थे तब मैंने भाजपा को छोड़ा था। स्वामी प्रसाद अखिलेश यादव के उस बयान पर जवाब दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि लोग लाभ लेने आते हैं और फिर चले जाते हैं।

■ कहा, मैंने बहुजन समाज पार्टी में नेता विरोधी दल रहते हुए पार्टी को छोड़ दिया था



स्वामी प्रसाद ने कहा कि अखिलेश यादव को बहुत बड़ी गलतफहमी है कि वह विपक्ष में रहकर लाभ दे रहे हैं। रही बात उनके पद की और सम्मान (विधान परिषद सदस्य) की तो उसको भी जल्द छोड़ दूंगा। समाजवादी पार्टी में शेखचिल्ली कौन है के सवाल पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि जो बड़बोला होगा वहीं शेखचिल्ली होगा।

### सपा नेता रामगोपाल यादव पर भी बरसे

इस दौरान वह सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव पर भी बरसे। उन्होंने कहा कि उनकी भाषा में न तो सम्मान है और न बातचीत का सलीका और तरीका आता है। प्रोफेसर रामगोपाल यादव समाजवादी पार्टी के हितेषी हैं या दुश्मन हैं उन्हें कोई अभी तक समझ ही नहीं पाया। नई पार्टी के गठन पर उन्होंने कहा कि मैं 22 तारीख को दिल्ली में रहूंगा। वहीं, पर बैठक के बाद निर्णय लूंगा। वहीं, कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने पर उन्होंने कहा कि अगर अवसर मिलेगा तो जरूर शामिल होऊंगा।

### 85 और 15 की लड़ाई जारी रहेगी

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि वह दलितों और पिछड़ों की लड़ाई हमेशा ही लड़ते रहेंगे। अखिलेश यादव ने 85 और 15 का विरोध तभी कर दिया था जब सुल्तानपुर में परशुराम की मूर्ति लगाकर फरसा लहराया था। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव सॉफ्ट हिंदुत्व पैदा करना चाहते हैं। वो सॉफ्ट हिंदुत्व के रास्ते पर चल रहे हैं। वह खुद को सॉफ्ट हिन्दू दिखाने में व्यस्त हैं। उन्होंने भाजपा में जाने के सवाल पर कहा कि किसानों ,महिलाओं और मजलूमों की लड़ाई लड़ता रहूंगा। स्वामी प्रसाद मौर्य जिसको ठुकरा देता है उससे कभी दोस्ती नहीं करता है।

**कांग्रेस नेता बोले, ये सपा का अंदरूनी मामला है :** समाजवादी पार्टी नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान पर कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा, ये समाजवादी पार्टी का अंदरूनी मामला है कि उनके यहां कौन रहता है, कौन जाता है और कौन अपनी पार्टी बनाता है। इससे कांग्रेस पार्टी का कुछ लेना-देना नहीं है।

# भाषा विवि के उज्जवल और प्रदीप ने राष्ट्रीय स्तर पर बनाई पहचान

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विदित है भारतीय प्रौद्योगिकी संस्था गुवाहाटी के द्वारा शुरू की गई पहल नेशनल एंटरप्रेन्योरशिप ड्राइव (एन.ई.डी) जिसका उद्देश्य छात्रों को उद्यमिता और व्यवसायिक सोच को बढ़ावा देना है। इसमें ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ के 50 से अधिक छात्रों ने कॉलेज एंबेसडर उज्जवल प्रताप सिंह के नेतृत्व में बढ़ चढ़कर कर हिस्सा लिया। एन.ई.डी. अभियान में छात्रों ने एक माह तक आईआईटी गुवाहाटी से एंटरप्रेन्योरशिप की जानकारी और शिक्षा प्राप्त की। इसके साथ ही, उन्होंने कंपटीशन में भी भाग लिया, जिसमें ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की एक टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर टॉप टेन में अपनी जगह बनाई। इस टीम का चयन होने के बाद टीम ने अपनी मेहनत और



बढ़ा दी ताकि वह लास्ट फाइनल राउंड में अपनी जगह बना सकें। 21 जनवरी को आईआईटी गुवाहाटी के प्रांगण में उद्गम समारोह में फाइनल राउंड हुआ था, जिसमे टीम में भाग लेकर अपनी प्रतिभा दिखाई। टीम ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न सिर्फ जजो को प्रभावित किया बल्कि सभी को प्रसन्न किया और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान ग्रहण किया। टीम लीडर उज्जवल प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने इस अवसर से बहुत कुछ सीखा है, और वे अब अपने टीम सदस्य प्रदीप कुमार के साथ विश्वविद्यालय में एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने के लिए अपने सहपाठियों को भी प्रेरित करेंगे।

# काष्ठ उद्योगों के लिए संजीवनी बना ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

## उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन ने कहा धन्यवाद यूपी सरकार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज दिनांक 19 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश टिम्बर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी के नेतृत्व में प्रदेश भर से आए संगठन के पदाधिकारी और निवेशक द्वारा लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरिमनी.04 में शामिल हुए और सभी ने एक स्वर से कहा 'धन्यवाद यूपी सरकार' संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मोहनीश त्रिवेदी ने बताया कि विगत वर्ष फरवरी में हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के दौरान उनके द्वारा काष्ठ आधारित उद्योग के सेमिनार के दौरान उत्तर प्रदेश के बंद चले आ रहे टिम्बर व्यापारियों के पक्ष में वन मंत्री डा. अरुण कुमार सक्सेना जी के समक्ष अपनी बात रखी गई थी जिसके जवाब में वन मंत्री जी ने सभी पुश्तैनी टिम्बर व्यापारियों का एमओयू साइन करवाने के लिए कहा था जिसके बाद संगठन



द्वारा पूरे प्रदेश के पदाधिकारियों का एमओयू काष्ठ आधारित उद्योगों के अंतर्गत करवाया गया था जिसके बाद दिवाली से पहले वन विभाग द्वारा पोर्टल के माध्यम से एमओयू साइन करने वाले निवेशकों के लिए पोर्टल खोल दिया गया था जिसके अंतर्गत सभी निवेशकों ने अपनी रजिस्ट्रेशन फीस ऑनलाइन जमा कर दी है तथा वन विभाग द्वारा काष्ठ आधारित उद्योगों के अंतर्गत लाइसेंस दिए जाने की कार्यवाही शुरू हो गई है। त्रिवेदी ने बताया कि उत्तर प्रदेश टिंबर एसोसिएशन के पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से एक हजार करोड़ रुपए का निवेश हेतु एमओयू किया गया है आज उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से आए पदाधिकारियों और निवेशकों ने मा. प्रधानमंत्री जी और मा. मुख्यमंत्री जी के उत्बोधन को सुना और एक स्वर से धन्यवाद मोदी योगी के नारे लगाए।

इस दौरान संरक्षक अख्तर खान, विधिक सलाहकार आशीष त्रिवेदी, एजाज खान, पीयूष मिश्रा, प्रखर श्रीवास्तव, विवेक पांडे, अयोध्या के देवेंद्र प्रताप सिंह, अंब्रिश गुप्ता, सनोज गुप्ता, सत्य नारायण, गाजियाबाद के सुरेंद्र कुमार, आबिद, हापुड़ के जलालुद्दीन, अंबेडकरनगर के राकेश वर्मा, दिलीप वर्मा, रायबरेली के फरान, सुल्तानपुर से सुरेश कसौधन, संजय अग्रहरी, मुरादाबाद से इलियास, हरदोई से छोटू शर्मा, माल से सुशील कुमार, वली मोहम्मद, सगीर, फुरकान, बीकेटी से सूर्य प्रकाश, मुरादाबाद से इलियास, बिजनौर से शहजाद शेरानी आदि मौजूद रहे।

# बसंतोत्सव पर हुआ हवन-पूजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन और सीसीएसआईटी की ओर से मां सरस्वती का जन्मोत्सव- बसंत पंचमी धार्मिक अनुष्ठान के संग मनाया गया। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन, सीसीएसआईटी आदि कॉलेजों में मां शारदे को वस्त्र, पुष्प, श्रृंगार, नैवेद्य धूप दीप अर्पित करते हुए माता की स्तुतियां और मंत्रोंच्चारण करते हुए फैकल्टीज़ और स्टुडेंट्स ने हवन कुंड में आहुतियां दी। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के कार्यक्रम में यजमान के रूप में डॉ. अशोक कुमार लखेरा, पुरोहित के रूप में श्री आकाश आचार्य और अतिथि के रूप में प्राचार्या डॉ. कल्पना जैन, एचओडी डॉ. विनोद कुमार जैन, एचओडी डॉ. रत्नेश कुमार जैन, जबकि सीसीएसआईटी के बसंतोत्सव कार्यक्रम में निदेशक प्रो. आरके द्विवेदी, डॉ. शंभू भारद्वाज, डॉ. रंजना शर्मा, श्री रूपल गुप्ता, डॉ. विवेक कुमार, डॉ. संदीप वर्मा आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही।

फैकल्टी ऑफ एजुकेशन में बीए-बीएड की ओर से कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा की पंचोपचार पूजा विधि से प्रारंभ हुआ, जिसमें स्टुडेंट्स ने अनेक मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

# 59 निवेशकों ने कौशाम्बी में किया करोड़ों का निवेश

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का शुभारम्भ किया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार कलेक्ट्रेट, तहसील सिराथू सभागार एवं तहसील चायल सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों व अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार राय, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य, उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, क्षेत्राधिकारी चायल मनोज कुमार सिंह रघुवंशी एवं संजय जायसवाल आदि गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर



■ जिले के नवजवानों के लिए खुलेंगे रोजगार के रास्ते

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कलेक्ट्रेट परिसर में लगाये गये स्टालों का फीता काटकर शुभारम्भ तथा अवलोकन किया।

तहसील चायल सभागार में सासंद हरदोई श्री जय प्रकाश रावत जी एवं उप जिलाधिकारी सौम्य मिश्र तथा तहसील सिराथू सभागार में प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सिराथू लवकुश मौर्य व उप जिलाधिकारी महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

उपायुक्त उद्योग के0के0 अमर ने कहा कि जनपद कौशाम्बी में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी में 59 निवेशकों के रू0-672.95 करोड़ निवेश को सम्मिलित किया गया है, जिससे जनपद में 3382 रोजगार सृजन होगा। इनमें से 22 निवेशकों, जिनके द्वारा रू0-552.07 करोड़ निवेश तथा 1663 रोजगार सृजन होगा,वे निवेशक (जिन निवेशकों द्वारा 10 करोड से अधिक का निवेश किया गया है) इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान,लखनऊ के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि 10 करोड़ से कम निवेश करने वाले 37 निवेशक, जिनके द्वारा रू0-120.88 करोड़ निवेश तथा 1719 रोजगार सृजन होगा, जनपद मुख्यालय एवं विधानसभा मुख्यालय के कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।

# नेशनल ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्रा को काँस्य पदक

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की प्रतिभाशाली छात्रा आर्ना कुमारी ने जयपुर, राजस्थान के सवाई मानसिंह इण्डोर स्टेडियम में आयोजित महाराणा प्रताप नेशनल ओपेन ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में काँस्य पदक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। आर्ना ने यह उपलब्धि 35 किलो भार वर्ग में अर्जित की है। चैम्पियनशिप का आयोजन ताईक्वाण्डो फेडरेशन ऑफ इण्डिया के संयोजकत्व में राजस्थान ताईक्वाण्डो एसोसिएशन द्वारा किया गया, जिसमें देश भर के चुने हुए छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस होनहार छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस.



की इस होनहार छात्रा ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते गोल्ड मेडल अर्जित कर आने वाले समय में राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्र न सिर्फ शैक्षिक क्षेत्र में अपितु खेलों व समाज के अन्य बहुतेरे क्षेत्रों में भी विद्यालय का नाम राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे हैं क्योंकि सी.एम.एस. अपने छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ उन्हें खेलों व अन्य सामाजिक क्षेत्रों के लिए भी विशेष रूप से तैयार करने में पूरे मनोयोग से संलग्न है।

# बटाईदार कृषकों से भी खरीदा जाएगा गेंहू

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने आगामी गेहूँ खरीद वर्ष 2024-25 में बटाईदार कृषकों से भी गेहूँ खरीद, गेहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि एवं गेहूँ के मूल्य का भुगतान 48 घण्टे में कराये जाने का आश्वासन दिया है।उन्होंने इसके व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दियें है। इसके साथ ही उन्होंने तहसील दिवस, थाना दिवस, किसान दिवस में गेहूँ खरीद सम्बन्धी बैनर लगाकर एवं मंडी यार्ड में कैम्प लगाकर कृषक पंजीकरण व गेहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा गेहूँ खरीद योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा राजस्व विभाग के कर्मचारियों व लेखपाल का सहयोग प्राप्त कर कृषक पंजीकरण में प्रगति लाने के निर्देश दियें हैं। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान गोष्ठी व अन्य स्तर पर गेहूँ खरीद का प्रचार-प्रसार तथा पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी/डुगडुगी पिटवाकर, वाहनों में

■ 48 घण्टे में किया जायेगा किसानों को भुगतान

■ गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0-2275 प्रति कुन्तल

लाउडस्पीकर लगाकर गेहूँ की न्यूनतम समर्थन मूल्य व कृषक पंजीकरण का प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दियें है। इसके साथ ही उन्होंने सभी क्रय एजेन्सियों द्वारा प्रति केन्द्र न्यूनतम 15 कृषकों का दैनिक पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित कर दैनिक समीक्षा करने तथा खराब प्रदर्शन करने वाले केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के भी निर्देश दियें हैं।जिला खाद्य विपणन अधिकारी श्री सुधान्शु शेखर चौबे ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत राजकीय गेहूं क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय के लिए कृषकों का पंजीकरण दिनांक 01 जनवरी, 2024 से प्रारम्भ हो गया है। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0 2275/प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। गेहूँ विक्रय करने वाले कृषकों को 48 घण्टे के अन्दर भुगतान कराया जायेंगा। बटाईदार कृषकों से भी गेहूँ खरीद की जायेंगी। उन्होंने बताया कि गेहूँ विक्रय के लिए कृषकों को खाद्य विभाग के पोर्टल द्घ्ह्य-ह्वश्च-द्द्ध1-द्बठ्ठ पर पंजीकरण कराना होगा। वर्तमान में संचालित धान क्रय केन्द्र प्रभारियों के मोबाइल नं0 पर भी मिस्ड कॉल करके भी पंजीकरण कराया जा सकेंगा। इसके साथ ही क्रय केन्द्रों पर प्रदर्शित बैनर में उल्लिखित त्तक्र कोड के माध्यम से तथा क्क चद्धह्म्ह स्ब्ह्रञ्जक्र मोबाइल एप डाउनलोड करके अपना पंजीकरण करा सकेंगे। कृषक पंजीकरण के लिए वर्तमान धान क्रय केन्द्र प्रभारियों के लॉग-इन आई0डी0 पर भी विकल्प उपलब्ध कराये गये है, जिसके अन्तर्गत क्रय केन्द्र पर धान विक्रय करने वाले कृषकों से संपर्क कर क्रय केन्द्र प्रभारियों द्वारा पंजीकरण कराया जायेंगा। वर्तमान में जनपद में कुल 627 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया गया, जिसमें 540 केन्द्र प्रभारियों के लॉग-इन आई0डी0 से तथा 167 पब्लिक पोर्टल पर कृषकों द्वारा स्वयं किया गया है।

# सीएमएस छात्र अभिनव को 1,77,120 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के छात्र अभिनव बाजपेयी को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित एल्बियन कालेज द्वारा 1,77,120 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। अभिनव को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के



अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 50 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# हेल्थ रन हाफ मैराथन के साथ हुई 'वीकेंड हेल्थ वर्कशॉप्स'

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जीवन में स्वास्थ्य का महत्व सर्वोपरि है। आज कल सब लोगो को पता है कि स्वास्थ्य के प्रति सदैव जागरूक रहना चाहिए। इसलिए राजधानी के विकास नगर में स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए लखनऊ हेल्थ रन की तरफ से वीकेंड हेल्थ वर्कशॉप के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

लखनऊ हेल्थ रन हाफ मैराथन सीजन टू ने एक बार फिर लोगों को व्यापक अभियान से जोड़ते हुए तंदरुस्ती, सकारात्मकता और स्वस्थ पर्यावरण का संदेश दिया। लखनऊ हेल्थ रन के वीकेंड हेल्थ वर्कशॉप्स का आयोजन शनिवार 17 फरवरी को विकास नगर सेक्टर 2 स्थित संकल्प वाटिका पार्क 2/ 611 से सुबह 7 बजे किया गया।

वीकेंड हेल्थ वर्कशॉप के आयोजक मोहम्मद बदर ने बताया कि हमें इस मौके को विशेष रूप से ध्यान देना होगा।17 फ़रवरी से प्रति शनिवार इस



कार्यक्रम का आयोजन शुरू होगा जिससे शहर में और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।

उन्होंने ने कहा जैसा कि हमने पिछले सीजन में स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व पर चर्चा की है, अब हम लखनऊ हेल्थ रन के सीजन 2 के वीकेंड हेल्थ वर्कशॉप के माध्यम से स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ा सकते हैं। यह कार्यक्रम लोगों को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य के मूल्य का एहसास कराने के महत्व पर भी प्रकाश डालता है। आयोजक मोहम्मद बदर बताते हैं कि लखनऊ हेल्थ रन और

■ विकास नगर में चला स्वास्थ्य के प्रति जनजागृति अभियान

वीकेंड हेल्थ वर्कशॉप का उद्देश्य लोगो को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करना है। इसके साथ ही प्रतिभागियों को वातावरण और पर्यावरण के स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया गया।

इनोवेशन वेलफेयर सोसाइटी ने स्वास्थ्य सेवाओं में अहम् पहल करते हुए एचबीएन इवेंट्स की साझेदारी से सकारात्मकता और स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित किया। वीकेंड हेल्थ वर्कशॉप में शामिल होने वालों को



### डांस फिटनेस अकादमी

डांस फिटनेस अकादमी से जुम्बा इंस्ट्रक्टर प्राची शुक्ला और उनकी टीम ने लोगो को जुंबा फिटनेस के टिप्स दिए, जो की इस कार्यक्रम में जुम्बा पार्टनर थे। इस गतिविधि का उद्देश्य लोगो में स्वास्थ्य और फिटनेस गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए रहा। प्राची शुक्ला ने बताया की जुम्बा एक ऐसा फिटनेस फॉर्म है, जो आज हर कोई पसंद कर रहा है। जुम्बा करने से बॉडी में फ्रेशनेस आ जाती है। जुम्बा से माइंड तनावमुक्त और बॉडी रिलेक्स रहती है। आज हर जगह इसकी मांग है और बहुत से लोग इसे अपने दिनचर्या में शामिल कर रहे है ।

विभिन्न स्वास्थ्य विषयों की जानकारी भी दी गई। प्रतिभागियों ने वीकेंड हेल्थ वर्कशॉप में जूम्बा, योग और न्यूट्रिशन सत्रों का लाभ अर्जित किया। प्रतिभागियों ने जाना कि एरोबिक्स की तरह ही जुम्बा नृत्य के माध्यम से व्यक्ति अपने को आसानी से तंदरुस्त रख सकता है। इसमें कार्डियो और लैटिन-प्रेरित नृत्यों पर खास तरह का व्यायाम करवाया गया।

# रोजगार मेले में 145 अभ्यर्थियों का किया गया चयन

**कौशाम्बी (अवधनामा संवाददाता)।** उप्र कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आज देशराज महाविद्यालय, जुवरा नारा के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 283 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं चार नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा कुल 145 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सिराथू लवकुश मौर्य द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने रोजगार मेले में उपस्थित प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन केके राम, डीएसएम योगेन्द्र कुमार शुक्ला, डीपीएम शिव नरेश शुक्ला एवं विनोद सिंह आदि उपस्थित रहें।

# हाफिज़ फैसल, हाफिज़ आसिफ की हुई दस्तारबंदी

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** शहर के मदरसा वारसिया तालीमुल कुरआन कटरा साहब खां में जलसा-ए-दस्तारबंदी में मदरसे के छात्र हाफ़िज़ फैसल खान, हाफ़िज़ मोहम्मद आसिफ के कुरआन पाक हिफ्ज़ करने पर दस्तारबंदी की गई दोनों हाफ़िज़ साहिबान के सर पर साफा बांध कर व माल्यार्पण कर उस्ताद मौलाना ज़ाहिद रज़ा सहित कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने मुबारकबाद दी। कार्यक्रम का कारी मारिफ रज़ा ने कुरआन पाक की तिलावत से शुरू किया। मदरसे के दो छात्रों ने कलाम ए पाक हिफ्ज़ करके मदरसे का नाम रौशन किया। आस्ताना आलिया समदिया फफूंद शरीफ से आए मुख्य

- लोगों ने दी मुबारकबाद
- कुरआन पाक की तिलावत करने से दिल को सुकून मिलता है: मज़हर मियां

अतिथि हज़रत सैय्यद मोहम्मद मज़हर मियां चिश्ती ने अपने संबोधन में कहा कि मां बाप को तकलीफ पहुंचाने वालों की बख्शीश नहीं होगी उन्होंने कहा शबे कदर की रात आ रही है लोग मोटरसाइकिलों से घूमते फिरते हैं इससे बेहतर है कि अपने मां-बाप से माफी मांगे अगर मां-बाप ने माफ कर दिया तो आपकी बख्शीश हो जाएगी वहीं उन्होंने खिताब करते हुए कहा कुरआन पाक की तिलावत करने से दिल को सुकून मिलता है कुरान की तिलावत करनी चाहिए। उन्होंने कहा नमाज़



पांच वक्त की 2 घंटे में अदा हो जाती है 22 घंटे आपको काम के लिए मिलते हैं। आज में उन्होंने कहा कि नमाज़ पढ़ने का सही तरीका सीखो नमाज़ में खड़े हो तो यह ख्याल करो की अल्लाह हमें देख रहा है हम अल्लाह को देख रहे हैं। पेश इमाम मौलाना ज़ाहिद रज़ा ने बच्चों को मेहनत और लगन से शिक्षा हासिल करने को कहा। नमाज़ रोजा व हज के लिए लोगों को प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना उबैदुर्रहमान खां ने की। इस अवसर पर मौलाना अशफाक आलम, मौलाना नाजिम रज़ा, मौलाना जहांगीर अशरफ रजवी, मौलाना तौफ़ीक रज़ा मौलाना शराफत हुसैन, मौलाना तौफ़ीक चिश्ती, मौलाना फुरकान रज़ा, मौलाना उबैद रहमान, कारी परवेज आलम, हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती, कारी उमर बरकाती, हाफिज एजाज, हाफिज हसन सईदी, हाफिज हारून निजामी हाफिज इदरीस कादरी, कारी बासित रज़ा, अरशद वारसी, हैदर हुसैन, सरवर हुसैन, अरहम हुसैन, मोहम्मद आफाक, नदीम अहमद एडवोकेट, इफ्तिखार मिर्ज़ा, मसूद तैमूरी, इंतज़ार, मोहम्मद अजहर आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# संस्कृति विश्वविद्यालय में ब्रज साहित्योत्सव 21 को

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में ब्रज के साहित्य और संस्कृति को अनेकानेक लोगों तक पहुंचाने के लिए उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग, संस्कृति विश्वविद्यालय एवं गाथा द्वारा ब्रज साहित्योत्सव का आयोजन 21 फरवरी को हो रहा है। इस उत्सव में प्रसिद्ध विद्वानों, कलाकारों और कवियों का समागम होने जा रहा है।

संस्कृति विवि के जनसंपर्क अधिकारी एवं वरिष्ठ पत्रकार किशन चतुर्वेदी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार इस एक दीवसीय लिटरेचर फेस्टिवल में बॉलीवुड, राजनीति और साहित्य की प्रसिद्ध हस्तियां, लेखक एवं वक्ता उपस्थित होंगे जो पैनल चर्चा, पुस्तक वाचन, लाइव प्रदर्शन, कवि सम्मेलन, संगीत, थिएटर और सिनेमा आदि साहित्यिक कार्यक्रमों में आपका मनोरंजन एवं ज्ञानवर्धन करेंगे।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में भारत सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री मुख्तार अब्बास नक़वी की उपस्थिति रहेगी। अगले सत्रों में ब्रज साहित्य और बॉलीवुड के लोकप्रिय अभिनेता अन्नू कपूर की खास प्रस्तुति, मिर्ज़ापुर, दिल्ली क्राइम जैसी वेब सिरीज और फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता, संवाद लेखक राजेश तैलंग की पुस्तक पर चर्चा, पद्मश्री अशोक चक्रधर के साथ एक विशेष सत्र, युवाओं के बीच में अत्यंत लोकप्रिय अंतर्राष्ट्रीय स्तर के कवि एवं शायर( अजहर इक़बाल, राजीव राज, सुरेश अवस्थी, श्याम सुंदर अकिंचन, शशिकांत यादव एवं भावना तिवारी) कवि सम्मेलन में अपनी प्रस्तुति देंगे। ब्रजोत्सव में विश्वप्रसिद्ध सितार एवं सरोद वादक असित गोस्वामी और अमित गोस्वामी की प्रस्तुति के बाद कुणाल ओम तावरी, निधि प्रभु, विनती सिंह और चित्रांशु श्रीवास्तव उनके समूह के सदस्यों द्वारा फ्लेमिंगो और कत्थक का फ्यूजन इस लिटरेचर फेस्टिवल का विशेष आकर्षण होगा।

इस मौके पर ब्रज साहित्योत्सव में संस्कृति विवि के कुलाधिपति द्वारा ब्रज की विभूतियों को उनके विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

# मैनपुरी में रौनक इटावी को मिला सम्मान, इटावा के लोगों ने दी बधाई




**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** रविवार को सरस्वती साधना परिषद देवी रोड मैनपुरी में सम्मान समारोह में मशहूर शायर रौनक इटावी को नरेंद्र सिंह शास्त्री/लल्लू सिंह चौहान स्मृति सम्मान मुख्य अतिथि डॉ धर्मेन्द्र प्रताप सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री कृष्ण मिश्र एडवोकेट ने शॉल उड़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

यह सम्मान जनचेतना, पूर्व विधायक व एम एल सी स्मृतिशेष लल्लू सिंह चौहान द्वारा अपने गुरुजन नरेंद्र देव सिंह शास्त्री की स्मृति में आयोजित यह पुरस्कार लल्लू सिंह के पुत्र अरुण चौहान द्वारा कविता के प्रशस्य हस्ताक्षर श्री रौनक को दिया गया। परिषद ने उनके जीवन की मंगलकामना की।

सम्मान मिलने पर डॉ.कुश चतुर्वेदी, डॉ.राजीव राज, अनुराग असफल, माधव शुक्ला एडवोकेट, हरिओम विमल, साबिर इटावी, हाशिम नईमी, आरिफ सिद्दीकी नूर, यासीन अंसारी, रियाज़ इटावी, आमिर इटावी, इमरान अंसारी, नदीम अहमद एडवोकेट, इफ्तिखार मिर्ज़ा, सत्यदेव आज़ाद, ज़ीशान काविश, हाजी अज़ीम वारसी, वाई के शफी, चिश्ती, मो.औसाफ़, मो.शारिक, कासिम फारूकी व पहल साहित्यिक संस्था के सभी लोगों ने श्री रौनक को बधाई दी।

# शिवाजी की मनाई जयन्ती



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** कूर्मि एवं मराठा समाज ने सयुक्त रूप से शिवाजी की मनाई जयन्ती। छत्रपति शिवाजी, जय भवानी-जय शिवाजी, हर हर महादेव के नारों से तलैया मेंदान गंजायमान हुआ। छत्रपति शिवाजी महाराज जी परम पराक्रमी, सच्चे देशभक्त, कुशल प्रशासक और महान योद्धा की जयंती बडे हर्षोउल्हास के साथ विगत वर्षो की भाँति विगत 35 बर्षो से लगातार विधि विधान से मना कर प्रसाद वितरण भी किया। छत्रपति शिवाजी की जयन्ती को सफलता पूर्वक मनाने में नींव की ईट की तरह योगदान देने में कूर्मि समाज के कुमार वैभाव सभासद, धर्मेश कुमार वर्मा, मणिकान्त विशाल डा0हरीशंकर पटेल (समाज सेवी), जॉनी(तनू), राजेश वर्मा, प्रमोद, इन्जी0 राजेश वर्मा अरुण कुमार वर्मा, डा0श्रीकांत, दीपराज वर्मा, त्रिभानुराज तथा मराठा समाज के राधुवीर सिंह (काका), ओम प्रकाश सम्पत विशाल प्रवीन सन्दीप विक्रान्त चन्द्रकान्त सचिन समाधान बसन्त आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## नगर आयुक्त ने लिया सफाई अतिक्रमण का जायजा

**वृंदावन (मथुरा)।** छटीकरा-वृंदावन मार्ग स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के समीप मार्ग को अतिक्रमण मुक्त रखने की दृष्टिगत नगर निगम मथुरा वृंदावन द्वारा बनाए गए वेंडिंग जोन का सोमवार को नगर आयुक्त शशांक चौधरी द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त द्वारा ढकेल एवम खोमचा संचालकों को डस्टबिन का प्रयोग अनिवार्य रूप से करने एवम गंदगी न फैलाने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेडिंग जोन का नियमित निरीक्षण कर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त एवं साफ रखना सुनिश्चित किया जाए। इसके उपरांत वृंदावन परिक्रमा मार्ग में जादौन पार्किंग से चीर घाट होते हुए केशी घाट तक सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया।

# शिकोहाबाद पहुंचे कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद के नारायण डिग्री कॉलेज में भागवत कुटिया का निर्माण कार्य में पहुंचे कैबिनेट मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह ने मंदिर का लोकार्पण किया। उन्होंने मंदिर में विधि विधान से की पूजा अर्चना प्रोग्राम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री का महाविद्यालय के शिक्षकों ने किया स्वागत वही तीन दिन से चल रहे प्रोग्राम में कर्मचारियों का स्वागत भी किया गया। कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा की योगी जी की सरकार का असर है कि आज पुलिस आरक्षी परीक्षा में सेंद लगाने वाले हेरा फेरी करने वाले बड़ी संख्या में जेल गए हैं। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए नेता आ रहे हैं कहीं भाजपा वाले ही दूर ना हो जाए तो मंत्री जी ने कहा आज पूरे देश में भाजपा का जन समर्थन बढ़ रहा है अब जनमत पूरे देश में भाजपा के साथ है भाजपा 370 सीट रही है एनडीए 400 जीत रही है मोदी जी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं।

# पुलिस भर्ती परीक्षा-2023: पेपर लीक होने पर डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा मथुरा में शांतिपूर्ण संपन्न हुई। दो दिन तक चार पालियों में हुई परीक्षा के बाद सोमवार को कुछ अभ्यर्थी डीएम ऑफिस पहुंचे और पेपर लीक होने की बात कहते हुए पुनः परीक्षा कराने की मांग की। इसके संबंध में अभ्यर्थियों ने डीएम ऑफिस पर मौजूद एसडीएम को ज्ञापन भी दिया।

एसडीएम को दिया ज्ञापन देने सैंकड़ों की संख्या में अभ्यर्थी कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की बात कहते हुए एसडीएम नीलम श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा।

सेकंड शिफ्ट का पेपर लीक होने का लगाया आरोप अभ्यर्थियों की मांग है कि 17 और 18 फरवरी को हुई परीक्षा की दूसरी शिफ्ट के पेपर लीक हुए थे जो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। उन्होंने कहा कि वह पिछले कई वर्षो से तैयारी कर रहे हैं लेकिन इस घटना से उनको आघात पहुंचा है। ज्ञापन देने आए अभ्यर्थियों ने मांग की कि अधिकारी इस मामले को सरकार के संज्ञान में लाकर इस परीक्षा की रद्द कराकर पुनः परीक्षा कराएं।

50 अभ्यर्थियों ने हाथों में पेपर रद्द करने की मांग की तख्ती लेकर पैदल मार्च किया। शहर के विभिन्न रास्तों से होते हुए अभ्यर्थी कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन दिया।

एसडीएम नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि पेपर लीक होने जैसी कोई सूचना नहीं मिली थी फिर भी इन लोगों द्वारा दिए गए ज्ञापन को शासन को भेज दिया जायेगा। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा पूरे प्रदेश के साथ साथ मथुरा में भी दो दिन आयोजित की गई थी। शनिवार और रविवार को दिन चार पालियों में हुई परीक्षा में करीब 68 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इस दौरान पूरी परीक्षा पर उत्तर प्रदेश पुलिस के अलावा एसटीएफ की भी नजर रही थी। मथुरा में दो दिन की परीक्षा में कई फर्जी अभ्यर्थियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

# जनपद स्तरीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 कार्यक्रम का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**एटा।** शासन के निर्देशानुसार जनपद स्तरीय ग्लोबल इन्वेटर समिट का आयोजन, कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कार्यक्रम में पधारे विधायक मारहरा वीरेन्द्र सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष संदीप जैन का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में उ0 प्र0 सरकार द्वारा माह फरवरी 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन लखनऊ में किया गया था, जिसमें राज्य में वृहद्व स्तर पर निवेश प्रस्ताव (एम0ओ0यू0) निवेशकों द्वारा हस्ताक्षरित किये गये थे। जनपद में निवेशकों द्वारा कुल 214 निवेश प्रस्ताव (धनराशि रू0 5141.95 करोड) हस्ताक्षरित किये गये। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने कहा



कि जनपद के उद्यमियों की जो भी समस्याएं है, उनको प्राथमिकता पर दो सप्ताह में निस्तारित किया जाए, इसके लिए आवश्यक है कि जिले के उद्यमियों के साथ बैठक भी कर ली जाए। विधायक मारहरा वीरेन्द्र सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष संदीप जैन का कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि हम सभी को टीम भावना के साथ कार्य करना है। जनपद में इन्वेस्ट कर चुके या करने वाले लोगों की सूची उद्योग विभाग के पास उपलब्ध है, अब हमें आगे की दिशा में कार्य करना है।

डीएम ने कहा कि शासन की मंशानुसार निवेश प्रस्तावों को जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने हेतु सम्बन्धित विभागों एवं जिला प्रशासन द्वारा निवेशकों को भूमि उपलब्ध कराना, आवश्यक लाईसेन्स व अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध करना एवं निवेशकों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराना आदि के सम्बन्ध में सरकार की मंशा के अनुसार कार्य

- लखनऊ के कार्यक्रम का कलक्ट्रेट सभागार में किया गया सजीव प्रसारण

किया गया। इसके अन्तर्गत रू0 10 करोड से अधिक के निवेश प्रस्ताव के निवेषकों को राज्य स्तरीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम, लखनऊ में आमन्त्रित किया गया है तथा रू0 10 करोड से कम के निवेष प्रस्तावों के निवेषकों को जनपद स्तरीय जी0बी0सी0 कार्यक्रम में आमन्त्रित किया गया है। इस प्रकार उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदत्त बेहतर सुरक्षा व्यवस्था, निवेश के अनुकूल वातावरण, निवेशकों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराते हुये कुल रू0 3793.75 करोड का निवेश कराया जा रहा है। इसके माध्यम से एक ओर जहॉ जनपद एटा बेहतर औद्योगिक गतिविधियों वाला जनपद होगा, वहीं लगभग 4547 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार सृजन होगा।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कड़े इतजाम हैं, उद्यमियों को सुरक्षा के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की कोई समस्या है तो वे अवगत करा सकते हैं। इस दौरान सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, एडीएम वित्त एवं राजस्व आयुष चैधरी, जवाहरपुर विद्युत तापीय परियोजना के अधिकारीगण, उद्यमी धर्मवीर गहलौत, अतुल राठी, अरूण दीक्षित, प्रसून वार्ष्णेय सहित कुल 59 निवेशकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद से 12 निवेशकों, जिनके प्रोजेक्ट की धनराशि रू0 10 करोड से अधिक थी, इन्द्रिा गॉधी प्रतिष्ठान लखनऊ में प्रतिभाग किया गया।

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी: उद्यमियों को प्रमाण पत्र व अंग वस्त्र देकर किया गया सम्मानित

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** प्रधानमंत्री द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का उद्घाटन लोक भवन से बटन दबाकर किया गया। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी 4.0 का सजीव प्रसारण प्रेरणा सभागार विकास भवन में दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रोफेसर डॉ रामशंकर कठेरिया एवं सदर विधायक सरिता भदौरिया ने उद्यमियों को प्रमाण पत्र एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इटावा में 327 उद्यमियों द्वारा एमओयू किया गया, जिनका इन्वेस्टमेंट 2267 करोड़ है। 81 एमओयू को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार किया गया है, जिसका कुल निवेश 1111 करोड़ है। जिले का लक्ष्य 1400 करोड़ रखा गया था। जिसके सापेक्ष 1111 करोड़ प्राप्त कर लिया गया है। एमएसएमई विभाग का लक्ष्य 350 करोड़ रखा गया था, जिसके सापेक्ष 432 करोड़ का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। 10 करोड़ से कम 50 एमओयू द्वारा प्रतिभा किया गया। जबकि 10 करोड़ के 31 मो जिसका निवेश 990 करोड़ है,



जिनके द्वारा लखनऊ में प्रतिभा किया गया। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लाइव प्रसारण सभी विकास खण्डों में भी किया जा रहा है। निवेश करने वाले 20 आदमियों को सम्मानित किया गया। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना अंतर्गत ज्योति देवी, सुजाता, सत्यवती, महक एवं मोहनी जैन को टूलकीट दिया गया। उद्योग विभाग द्वारा पूजा देवी, राकेश कुमार, लक्ष्मण राम, शिवसागर, प्रिंस यादव को उद्योग धंधे के लिए चेक दिया गया। समूह से जुड़ी राजकुमारी ने प्रेरणा गीत एवं सीआरपी सुमन कुमारी ने अपनी सफलता की कहानी अपनी जुबानी सुनाई। कार्यक्रम का संचालन नम्रता तिवारी ने किया।

कार्यक्रम में विधायक जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि जब पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया। उन्होंने बताया कि सरकार ने गरीबों को सभी योजनाओं का लाभ दिया एवं गरीबों से मिलने का भी कार्य किया। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ गरीबों तक, जन-जन तक अवश्य पहुंचाया जाए। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी अवनीश राय, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, ब्लॉक प्रमुख बढ़पुरा गणेश राजपूत, जनप्रतिनिधि, जिला परियोजना अधिकारी शरद श्रीवास्तव, उपायुक्त उद्योग/स्वतः रोजगार सुधीर कुमार, समस्त उद्यमियों सहित बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाएं मौजूद रही।

## फरह टोल प्लाजा पर पथराव से भगदड

**मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र में बोलोरो सवार युवकों ने टोल पर्ची के बिना ही गाड़ी निकलने को लेकर टोल कर्मियों से भिड़ गए। गाली-ग्लौज देते हुए जमकर मारपीट की। मामला इतना बढ़ गया कि बोलोरो सवारों ने पथराव किया, इससे टोल परिसर में भगदड़ मच गई। टोल के तीन बूथ क्षतिग्रस्त हो गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोलोरों सावारों को हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी।थाना फरह के महुअन स्थित टोल पर सोमवार को तड़के सुबह करीब 4 बजे मथुरा की तरफ से आ रहे बोलोरों सवार युवक बिना टोल के जाने पर टोल कर्मी से भिड़ गए। इससे अन्य टोल कर्मियों में भगदड़ मच गई। बूथों पर कार्य कर रहे टोलकर्मी केबिनों में से बाहर निकाल कर जान बचाकर कार्यालय की तरफ भागे।

इस दौरान करीब आधे घंटे टोल फ्री चला। बोलोरों सवारों ने टोल कर्मियों से मारपीट करते हुए ईट-पत्थरों से पथराव कर दिया। टोल के समीप खड़े लोगों में हड़कंप मच गया। तोड़फोड के दौरान टोल के चार बूथों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना में बूथ नंबर तीन की टोल स्क्रीन टूट गई।

## बहन का पीछा करने वाले पढ़ोसी पर तेजाब डाला

**मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी के एकमामला सामने आया आप को अवगत कराते चले कि एक युवक ने बहन का पीछा करने पर अपने पड़ोसी पर तेजाब फेंक दिया। युवक का पेट झुलस गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं, आरोपी की तलाश जारी है।ओमवीर सिंह निवासी हाईवे मजदूरी करता है। उसके पड़ोस के एक युवक ने शनिवार को उस पर तेजाब फेंक दिया। हमले में पेट पर तेजाब गिरने से वह झुलस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इधर, आरोपी मौके से भाग गया। पुलिस छानबीन में सामने आया कि ओमवीर जुलाई 2022 में पड़ोस की किशोरी को फुसलाकर ले गया था। 22 जुलाई 2022 को दोनों ने गाजियाबाद के आर्य समाज मंदिर में शादी कर ली।इधर, किशोरी के परिवार वालों ने अपहरण का मुकदमा दर्ज करा दिया था। पुलिस ने 25 जुलाई 2022 को किशोरी को बरामद करते हुए ओमवीर सिंह को गिरफ्तार कर लिया था। इधर, कोर्ट ने शादी को शून्य करार दे दिया। 21 दिसंबर 2022 को ओमवीर जमानत पर जेल से छूटकर आया। इसके दो साल तक उसने इंतजार किया। अब किशोरी बालिग हो चुकी है।

# उ.प्र. उत्तम प्रदेश से उद्यम प्रदेश बनेगा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार ने अवगत कराया है कि उ0प्र0सरकार द्वारा प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त हुये निवेश प्रस्तावों के सापेक्ष दस लाख करोड़ से भी अधिक परियोजनाओं के शुभारम्भ हो जाने के फलस्वरूप 19, फरवरी को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 04 अयोजित की गयी जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किया गया। इसी क्रम में जनपद स्तर पर इस समारोह का आयोजन होटल गणपति पैलेस, मथुरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक मथुरा वृंदावन श्रीकांत शर्मा एवं जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना , महानगर अध्यक्ष धनश्याम लोधी , देवेन चौधरी अध्यक्ष मथुरा मैटेलजींकल कलस्टर, राजेश बजाज पूर्व अध्यक्ष नेशनल चैम्बर एवं रामेन्द्र कुमार उपायुक्त उद्योग द्वारा दीप प्रज्जवन कर उद्घाटन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में अवगत कराया गया है कि प्रदेश सरकार औद्योगिक इकाइयों की स्थापना हेतु पहल करते हुये उद्यमियों को एक सकारात्मक माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे देश एवं विदेश से निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश हेतु आकर्षित हो रहे हैं। इसके परिणामस्परूप प्रदेश में लगभग 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं जिसमें से जनपद मथुरा में रू 33387 करोड़ के 372 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुये हैं जिनमें से रू 13496 करोड़ के 191 प्रस्ताव धरातल पर कियान्वित हो गये हैं। इन परियोंजनाओं से लगभ 31680 व्यक्तियों को रोजगार प्राप्त होगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय मथुरा द्वारा जनपद में निवेशकों की उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा पूर्ण सहयोग हेतु आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित हो रहे समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर लखनऊ में इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में 3 दिवसीय ओ0डी.ओ0पी प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया जिसमें जनपद मथुरा से श्रीमती सीमा छापरिया द्वारा ओडीओपी उत्पाद ठाकुरजी की पोशाक का उत्कृष्ट प्रदर्शन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर औद्योगिक विकास से जुड़े समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी एवं जिला उद्योग केन्द्र, मथुरा के प्रवीन कुलश्रेष्ठ, अरूण कुमार, ब्रजेश कुमार आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

- सुरक्षित निवेश मतलब उत्तर प्रदेश
- उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य है
- उत्तर प्रदेश उद्यम और उद्यमता की भूमि है
- प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व व मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश के साथ साथ उद्यम प्रदेश बन रहा है
- उत्तर प्रदेश-एयरपोर्ट प्रदेश, निवेश प्रदेश, सुरक्षित प्रदेश आदि के रूप में उभर रहा है
- उद्यमियों को संसाधन व समर्थन का कार्य प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर किया जा रहा है

## श्रीकृष्ण की नगरी से हजारों भक्त अयोध्या रवाना

**मथुरा।** अयोध्या में भगवान रामलला का मंदिर बन ने बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं। कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री राम मंदिर का दर्शन कर चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के सभी मंत्री और विधायक भी मुख्यमंत्री के साथ अयोध्या पहुंचे थे। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के सभी जिलों से रामभक्तों को अयोध्या दर्शन के लिए भेज रही है। मथुरा महानगर के सभी मंडलों से भी रामभक्तों का काफिला अयोध्या के लिए सोमवार को रवाना हुआ। लगभग 3000 से अधिक रामभक्त 50 बसों के जरिए अयोध्या पहुंच रहे हैं। मथुरा के रामभक्तों में अयोध्या जाने का जबरदस्त उत्साह देखा गया। बसों की रवानगी के समय माहौल जय श्री राम के नारों से गुंजायमान हो गया। महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने बताया कि यात्रा के लिए रामभक्तों के नामों का चयन किया गया है। प्रत्येक बूथ से तीन रामभक्तों को रामलला दर्शन का मौका मिला है। अयोध्या पहुँचने पर रामभक्तों के लिए भोजन और ठहरने तक की सम्पूर्ण व्यवस्था पार्टी ने की है। यात्रा के आरंभ में राया कट पर सभी बसों के रामभक्तों के लिए भोजन के पैकेट और पानी की बोतलों की व्यवस्था भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा की गई।

# संक्षिप्त समाचार

## कनेंटा पर हुए एक्सीडेंट में फरिश्ता बनकर पहुंची जॉइंट मजिस्ट्रेट कीर्ति राज

**फिरोजाबाद।** अपनी गाड़ी छोड़कर एक्सीडेंट में घायल हुए दो युवकों को उपचार के लिए पहुंचवाया जिला अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर, मामला फिरोजाबाद के कनेटा चौराहे समीप बने आईवे स्कूल के सामने का है जहाँ आज एक पल्सर बाइक बीच रोड पर पड़ी बजरी से फिसल जाने कारण हुआ हुई दुर्घटना। बाइक सवार दो युवक शिकोहाबाद की ओर से फिरोजाबाद की तरफ जा रहे थे तभी कनैटा चौराहे के समीप हाईवे पर लाइट के लगाए जा रहे पोल के लिए बीच रोड पर पड़ी सीमेंट बजरी से फिसल गई। जिससे वह गंभीर घायल हो गई। वहीं फिरोजाबाद की ओर से दबरई के लिए जा रही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कीर्ति राज ने अपनी गाड़ी रूकवाई और गाड़ी से उतर घायलों को देखा, इसके बाद उन्होंने तुरंत डिसीजन लिया और अपनी गाड़ी में घायलों को सवार कर फिरोजाबाद के सरकारी ट्रॉमा सेंटर इमरजेंसी में उपचार के लिए भिजवाया। वही पीछे से कुछ ही देर में कीर्ति राज भी सरकारी ट्रॉमा सेंटर की इमरजेंसी में एक्सीडेंट में घायल हुए दोनों युवकों का हाल-चाल जानने पहुंची। जॉइंट मजिस्ट्रेट कीर्ति राज ने मानवता की मिसाल पेश की।

## तिलावते कलामे इलाही से मजलिस का आगाज़



**हरदोई।** हर शै को मौत का मज़ा चखना है। मौत तो परवर दिगार की तरफ़ पल्टाने का ज़रीया है । बुग्ज़, हसद, कीना से अपने को बचाओ। कुरआन व अहलेबैत की मोहब्बत को अपनाओ । दुनियां की दौलत व शोहरत की लालच में बह कर गुमरही का शिकार न हो।दुनियां फ़ानी है आखेरत अस्ल ठिकाना है। यह बात मजलिस ए सय्युम बराये ईसाले सवाब मोहम्मद अहसन बिन्ते अमलदार हुसैन की मजलिस को खिताब करते हुये आली जनाब मौलाना मोहम्मद म्होसीन ने आगे कहा हमेशा की जिन्दगी के लिये परवर दिगार की तरफ़ पलट कर जाना है क्योकि वही अस्ल ठिकाना है।कुरआन और अहलेबैत की मोहब्बत अपनाओ , दुनियां और आखेरत दोनो में कामयाबी पाओ।जो परवर दिगार के सामने लरजते है वो दुनियां में किसी से नही डरते ।जो हक़ पर जिन्दगी गुज़ारते है मौत उन्हें शहद से ज़्यादा शीरीं नज़र आती है।आखिर में कर्बला वालों के मसायब पेश किए जिसे सुनकर सभी रोने लगे। मजलिस का आगाज तिलावते कलामे इलाही से मजलिस का आगाज़ हुआ। उसके बाद पेशखावनी जनाब बानिये मजलिस ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

# भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने रचा इतिहास, बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप 2024 में जीता गोल्ड, पीएम मोदी ने दी बधाई

रविवार को भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से मात देकर इतिहास रच दिया है। भारतीय टीम ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप 2024 में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल अपने नाम किया। ये मुकाबला रविवार को मलेशिया के शाह आलम में खेला गया। भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से मात देकर रविवार को इतिहास रच दिया है। भारतीय टीम ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप 2024 में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल अपने नाम किया। ये मुकाबला रविवार को मलेशिया के शाह आलम में खेला गया।

वहीं इस दौरान अनमोल खरब एक बार फिर भारत के लिए तुरुप का इक्का साबित हुई। 17 वर्षीय इस खिलाड़ी ने निर्णायक मुकाबले में अपने से ऊंची रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वी को हराकर भारत को रोमांचक जीत दिलाई। साथ ही बता दें कि, महाद्वीपीय प्रतियोगिता के इतिहास में ये भारत का पहला खिताब था। पुरुष भारतीय बैडमिंटन टीम ने



इससे पहले 2016 और 2020 में दो मेडल अपने नाम किए थे, लेकिन दोनों कांस्य पदक ही थे। दो बार की ओलंपिक मेडल विजेता और दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी पीवी सिंधु ने 17वीं रैंकिंग वाली सुपानिडा काटेथोंग को 21-12, 21-12 से हराकर भारतीय खिताब की शानदार शुरुआत की।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी अपने शुरुआती एकल मुकाबले में थाईलैंड की खिलाड़ी पर हावी रहीं और प्रतियोगिता को केवल 39 मिनट में ही खत्म कर दिया। इस तरह काटेथोंग के खिलाफ आठ मुकाबलों में ये सिंधु की पांचवीं जीत थी।

दूसरे राउंड में त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। उन्होंने एक बार फिर अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया।

दुनिया की 23वें नंबर की भारतीय बैडमिंटन जोड़ी ने 10वीं रैंकिंग वाली जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्राजोंगजाई को 21-16, 18-21, 21-16 से हराकर भारत को 2-0 की बढ़त दिलाई।

इसके साथ ही बैडमिंटन एशिया कप चैंपियनशिप 2024 ने पेरिस 2024 ओलंपिक के सफर के लिए रैंकिंग प्वाइंट हासिल किए हैं। जो आगामी ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के इच्छुक शटलरों के लिए अहम होंगे।

वहीं इसी सिलसिले में पीएम मोदी ने भारतीय महिला टीम को बधाई दी है। पीएम ने भारतीय महिला टीम की जीत को ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा कि जिस तरह से हमारी नारी शक्ति विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है वह अभूतपूर्व है। मोदी ने एक्स पर लिखा, एक ऐतिहासिक उपलब्धि, अविश्वसनीय भारतीय टीम को बधाई। जिन्होंने पहली बार बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में महिला टीम ट्रॉफी जीती है। उनकी सफलता भविष्य में कई खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। पीएम ने आगे लिखा कि, हमारी नारी शक्ति जिस प्रकार विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है वह अभूतपूर्व है।

# भारत के लिए अच्छी खबर, रांची टेस्ट में हो सकती है केएल राहुल की वापसी

दरअसल, केएल राहुल की टीम में वापसी हो सकती है। भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा मैच 23 फरवरी से रांची में खेला जाएगा। सूत्र के मुताबिक, राहुल पूरी तरह फिट होने के करीब हैं और उन्हें रांची में टीम का हिस्सा होना चाहिए। भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ जारी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 2-1 से आगे है। वहीं दोनों टीमों के बीच चौथे टेस्ट से पहले भारत के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, केएल राहुल की टीम में वापसी हो सकती है। 23 फरवरी से रांची में खेले जाने वाले चौथे टेस्ट मैच में केएल राहुल प्लेइंग इलेवन में शामिल होने के लिए पूरी तरह फिट हो गए हैं। वहीं दूसरी तरफ कहा जा रहा है कि, जसप्रीत बुमराह को चौथे टेस्ट में आराम दिया जा सकता है। बता दें कि, इस समय बुमराह टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 17 विकेट लेने वाले गेदंबाज हैं। लेकिन वर्कलोड को देखते हुए उनका आराम की जरूरत है। केएल राहुल की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई के एक



सूत्र ने पीटीआई को बताया है कि, टीम कल रांची जाएगी और संभावना है कि बुमराह को आराम दिया जाएगा। सूत्र ने ये भी कहा कि केएल राहुल पूरी तरह फिट होने के करीब हैं और उन्हें रांची में टीम का हिस्सा होना चाहिए। अगर प्लेइंग इलेवन में राहुल की वापसी होती है तो फिर रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा। उन्हें मिले दो मौकों को वो भुना नहीं पाए। जसप्रीत बुमराह को इसलिए आराम दिया जा रहा है कि, क्योंकि पहले तीन टेस्ट मैचों में वे 80.5 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं। ये मैदान की बात है, लेकिन इसके इतर नेट सेशन में गेंदबाजी और फिर जिम और ट्रेनिंग का भी वर्कलोड देखा जाता है। ऐसे में ये किसी प्रकार से हैरान करने वाली बात नहीं है कि उनको रेस्ट की जरूरत है। इसी तरह सिराज को दूसरे टेस्ट में आराम दिया गया था। उनकी जगह मुकेश कुमार दूसरे मैच में खेले थे। भारतीय टीम अभी सीरीज जीतने के करीब है। वहीं बुमराह की वापसी चौथे टेस्ट मैच पर निर्भर करेगी। अगर टीम इंडिया रांची टेस्ट हार जाती है तो धर्मशाला में होने वाले आखिरी मुकाबले में बुमराह की वापसी हो सकती है।

# खेल मंत्रालय ने टेबल टेनिस खिलाड़ियों दीया और स्वस्तिका की विदेश में ट्रेनिंग को स्वीकृति दी

टेबल टेनिस खिलाड़ियों दीया चितले और स्वस्तिका घोष को शीर्ष स्तर की ट्रेनिंग के लिए क्रमशः दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा करने की अनुमति दे दी है। दीया जहां शिन मिन सुंग के मार्गदर्शन में दक्षिण कोरिया के पाजू-सी में ट्रेनिंग करेंगी तो वहीं स्वस्तिका जापान के ओसाका में कियू जियान शिन से ट्रेनिंग लेंगी। खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने टेबल टेनिस खिलाड़ियों दीया चितले और स्वस्तिका घोष को शीर्ष स्तर की ट्रेनिंग के लिए क्रमशः दक्षिण कोरिया और जापान की यात्रा करने की अनुमति दे दी है। दीया जहां शिन मिन सुंग के मार्गदर्शन में दक्षिण कोरिया के पाजू-सी में ट्रेनिंग करेंगी तो वहीं स्वस्तिका जापान के ओसाका में कियू जियान शिन से ट्रेनिंग लेंगी।

एमओसी ने बैडमिंटन खिलाड़ियों किरण जॉर्ज और अनुपमा उपाध्याय, त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल टीम और निशानेबाज



रुद्रांक्ष पाटिल के प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी। किरण और अनुपमा बीडब्ल्यूएफ ऑरलियन्स मास्टर्स में भाग लेंगे तो वहीं त्रीसा और गायत्री की जोड़ी अपने कोच और फिजियो के साथ बीडब्ल्यूएफ जर्मन ओपन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए जर्मनी जाएगी।

भारत के राइफल निशानेबाज रुद्राक्ष 'इंटरनेशनल सेसन स्टार्ट फॉर शूटर्स (आईएसएएस 2024)' प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने के लिए डोर्टमंड जाएंगे। एमओसी ने 'डब्ल्यूटीटी फीडर प्रतियोगिताओं' में भाग लेने के लिए वित्तीय सहायता के टेबल टेनिस खिलाड़ियों जी साथियान और मनिका बत्रा के प्रस्तावों को भी मंजूरी दे दी। साथियान डब्ल्यूटीटी फीडर और डब्ल्यूटीटी फीडर दो प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए लेबनान के बेरूत जाएंगे जबकि मनिका डब्ल्यूटीटी सिंगापुर स्मैश में प्रतिस्पर्धा के लिए अपने कोच के साथ जाएंगी और फिर बेरूत में दो डब्ल्यूटीटी फीडर टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी।

## राजकोट में बेहतरीन जीत के साथ भारत दूसरे नंबर पर काबिज, इंग्लैंड 8वें नंबर पर

भारत ने राजकोट टेस्ट में रिकॉर्ड 434 रन की जीत के साथ डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। तीसरे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल बल्ले से स्टार रहे, उन्होंने दोहरा शतक जड़ा जबकि रविंद्र जडेजा की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी देखने को मिली। इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने राजकोट टेस्ट में रिकॉर्ड 434 रन की जीत के साथ डब्ल्यूटीसी रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। तीसरे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल बल्ले से स्टार रहे, उन्होंने दोहरा शतक जड़ा जबकि रविंद्र जडेजा की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी देखने को मिली। जडेजा ने शतक के सात पांच बल्लेबाजों के विकेट झटके। 556 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम 122 रन पर ही आउट हो गई। जीत के साथ, भारत ने सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। वहीं अब भारतीय टीम 59.52 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में दूसरे स्थान पर काबिज हो गई है जबकि इंग्लैंड 21.87 अंकों के साथ आठवें नंबर पर है। फिलहाल 75 अंकों के साथ पहले नंबर पर न्यूजीलैंड टीम है।

# अब तो मार ही नहीं रहे राजकोट टेस्ट में जसप्रीत बुमराह ने उड़ाई बैज़बॉल की खिल्ली

वहीं राजकोट टेस्ट मैच के दौरान भारतीय तेज गेदंबाज जसप्रीत बुमराह ने बैजबॉल की खिल्ली उड़ाई। जिसके बाद बुमराह का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मराह ने 11वां ओवर डालने के बाद तंज कसा। उन्होंने हंसते हुए कहा, अब तो मार ही नहीं रहे हैं। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में तीन मैच खेले जा चुके हैं। जहां भारत 2 जीत के साथ आगे है वहीं मेहमान टीम को महज एक जीत नसीब हुई है। लेकिन इस बीच इंग्लैंड का बैजबॉल भारत के सामने पस्त हो गया है। राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारत ने 434 रनों के बड़े अंतर से इंग्लिश टीम की हवा निकाल दी है। वहीं इस मैच के दौरान भारतीय तेज गेदंबाज जसप्रीत बुमराह ने बैजबॉल की खिल्ली उड़ाई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पिछले डेढ़ सालों से इंग्लैंड का



बैजबॉल काफी चर्चा में है। बेन स्टोक्स की कप्तानी और ब्रेंडन मैकुलम की कोचिंग से इंग्लैड टीम आक्रामक अंदाज में टेस्ट क्रिकेट खेल रही है। मैकुलम के निकनेम बैज के आधार पर बैजबॉल ना दिया गया है। हैदराबाद में रोहित की सेना को हराने के बाद इंग्लैंड टीम का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर पहुंच गया था। वहीं विशाखापट्टनम टेस्ट में इंग्लिश तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन तो यहां तक कहे बैठे कि उनकी टीम 600 रन का टारगेट भी चेज कर लेगी। इंग्लैंड टीम जब तीसरी टेस्ट की दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करते हुए जूझ रही थी, तब बुमराह ने 11वां ओवर डालने के बाद तंज कसा। उन्होंने हंसते हुए कहा, अब तो मार ही नहीं रहे हैं। बता दें कि, बुमराह ने जिस वक्त ये बात कही, उस समय जो रूट और जॉनी बेयरस्टो क्रीज पर थे और इंग्लैंड ने 28 के स्कोर पर तीन विकेट खो दिए थे। इंग्लैंड की खस्ता हालात का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि 50 रन पर 7 खिलाड़ी पवेलियन लौट गए। इस दौरान रविंद्र जडेजा ने पांच जबकि कुलदीप ने दो विकेट अपने नाम किए।

वहीं दो टेस्ट में लगातार हार के बाद इंग्लैंड के बैजबॉल की आलोचना हो रही है। इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी ही बैजबॉल की आलोचना कर रहे हैं। फिलहाल, भारत और इंग्लैंड के बीच चौथा मैच रांची में 23 फरवरी से खेला जाएगा। जबकि पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच धर्मशाला में 7 मार्च से खेला जाएगा।

# भरत तख्तानी से अलग होने के बाद राजनीति में आएंगी ईशा देओल? हेमा मालिनी ने किया बड़ा खुलासा!

पति भरत तख्तानी से अलग होने के बाद ईशा देओल का राजनीति की ओर रुझान होने की अटकलें हैं। हेमा मालिनी ने अपनी बेटी के करियर को लेकर शेयर की बड़ी अपडेट देखिए अनुभवी अभिनेत्री का क्या कहना है।

हेमा मालिनी की बेटी ने 7 फरवरी, 2024 को पूरी दुनिया को आश्चर्यचकित करते हुए अपने पति से अलग होने की घोषणा की। ईशा और भरत के बीच परेशानी की अटकलें काफी समय से लगाई जा रही हैं। एक तरफ अफवाह है कि मां हेमा मालिनी अपनी बेटी के फैसले में दखल नहीं दे रही हैं और उसे खुद फैसला लेने दे रही हैं । हालाँकि, बताया जाता है कि पिता धर्मेंद्र देओल तलाक से नाराज़ हैं और चाहते हैं कि ईशा और भरत अपने फैसले पर दोबारा विचार करें। इन सबके बीच ऐसी खबरें जोरों पर थीं कि अलग होने के बाद ईशा अब अपने बॉलीवुड करियर पर ध्यान देंगी। विडंबना यह है कि हाल ही में एक साक्षात्कार के अनुसार, हेमा मालिनी ने कहा कि ईशा



का झुकाव राजनीति की ओर है और वह जल्द ही एक राजनीतिक पार्टी में भी शामिल हो सकती हैं।


एबीपी के साथ एक साक्षात्कार में, भाजपा नेता हेमा मालिनी ने बताया कि कैसे उनके परिवार ने उनके राजनीतिक करियर में बहुत सहयोग किया है। अभिनेत्री ने कहा कि यह उनके समर्थन के कारण है कि वह मथुरा और मुंबई के बीच अपने जीवन को आसानी से संतुलित कर रही हैं। हेमा मालिनी का कहना है कि धर्मेंद्र देओल उनके राजनीतिक करियर से बेहद खुश हैं और दिग्गज अभिनेता कभी-कभी उनके साथ मथुरा भी जाते हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या देओल की अगली पीढ़ी से कोई राजनीति में आना चाहता है, अभिनेत्री ने कहा कि अगर किसी को दिलचस्पी है तो वे निश्चित रूप से राजनीति में शामिल हो सकते हैं। हेमा मालिनी ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि उनकी बेटी ईशा देओल का झुकाव निश्चित रूप से राजनीति की ओर है और वह अक्सर इसके बारे में बात करती रहती हैं। दिग्गज अभिनेत्री ने कहा कि शायद आने वाले वर्षों में, अगर ईशा को अभी भी राजनीति में दिलचस्पी है, तो वह जल्द ही इसमें शामिल हो सकती हैं।

भरत और ईशा के अलगाव के बारे में बात करते हुए, दोनों ने अपने तलाक के बारे में कोई सोशल मीडिया पोस्ट नहीं किया था। ईशा और भरत बचपन से प्रेमी-प्रेमिका थे और उन्होंने साल 2012 में शादी कर ली थी। फिलहाल, उनकी बेटियां राध्या और मिराया ईशा के साथ रह रही हैं। क्या पूर्व जोड़ा संयुक्त अभिरक्षा साझा करेगा या बेटियां एक विशिष्ट माता-पिता के साथ रहेंगी, यह अभी भी तय नहीं है।

# कैद-नो वे आउट का ट्रेलर एलजीबीटीक्यू वास्तविकताओं पर प्रकाश डालता है

इस फिल्म का मकसद सिर्फ ऑडियंस का एंटरटेनमेंट करना नहीं है बल्कि एलजीबीटीक्यू व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली कठोर वास्तविकताओं का सामना करना है। आज के कंटेम्पररी सिनेमा के जीवंत परिदृश्य में, जो कहानियां एलजीबीटीक्यू अनुभवों पर की मुश्किलों पर प्रकाश डालती है, वह कहानियां सिनेमा में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इनमें से, सोनिया डब्ल्यू कोहली द्वारा लिखित और निर्देशित कैद-नो वे आउट प्रमाणिकता और सहानुभूति का प्रतीक बनकर सामने आयी है।कान्स फिल्म फेस्टिवल में इस फिल्म का प्रीमियर हुआ था और इस फिल्म को 2023 में प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ एलजीबीटीक्यू फिल्म के पुरस्कार से नवाजा गया था। यह फिल्म समझ और करुणा को बढ़ावा देती है और स्टोरीटेलिंग की शक्ति के रूप में सबके सामने खड़ी होती है।

कैद-नो वे आउट में ताई खान, मोहिंदर मोहन कोहली, अश्विनी किन्हीकर, आशीष दत्ता, सोनिया गोस्वामी और खालिद महमूद जैसे कलाकार शामिल हैं। फिल्म लंदन में




स्थित है और यह कहानी जिगर की है जो लंदन अपनी ज़िन्दगी अपने हिसाब से जीने के लिए जाता है और यहाँ उसकी किस्मत उसे एक ऐसे जाल में फंसा देती है जिस से वह बाहर नहीं निकल पाता। फिल्म में काफी प्रभावशाली एक्टर है और यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित एक कहानी को जीवंत करती है, जो दर्शकों को सामाजिक पूर्वाग्रह और भेदभाव से जूझ रहे एलजीबीटीक्यू व्यक्तियों के जीवन में एक गहन यात्रा का वादा करती है।

इस फिल्म का मकसद सिर्फ ऑडियंस का एंटरटेनमेंट करना नहीं है बल्कि एलजीबीटीक्यू व्यक्तियों द्वारा सामना की जाने वाली कठोर वास्तविकताओं का सामना करना है। उन लोगों को इस समाज में जज किया जाता है। सोनिया कोहली ने बहुत ही सावधानीपूर्वक यह कहानी कही और और सूक्ष्म चरित्र चित्रण के माध्यम से, उन्होंने दर्शकों को एलजीबीटीक्यू समुदाय की खुशियों, संघर्षों और जीत की एक झलक प्रदान की है। इसके साथ साथ ही सहानुभूति और समझ को बढ़ावा दिया है। ट्रेलर देखने के बाद मालूम पड़ता है कि फिल्म कैद के माध्यम से समाज में एक सवाल उठाया जाएगा और परिवर्तन लाने की बात जरूर की जाएगी। कुनिष्का प्रोडक्शंस लिमिटेड द्वारा निर्मित, यह फिल्म 23 फरवरी, 2024 को रिलीज होगी।

# देवों के देव महादेव की पार्वती सोनारिका भदोरिया ने रचाई शादी, अपने प्रेमी के साथ लिए साथ फेरे

देवों के देव महादेव में पार्वती की भूमिका के लिए मशहूर सोनारिका भदोरिया ने 18 फरवरी को अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड विकास पाराशर से शादी कर ली। शादी रणथंभौर के नाहरगढ़ पैलेस में हुई। उनके भव्य विवाह समारोह की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

देवों के देव महादेव में पार्वती की भूमिका के लिए मशहूर सोनारिका भदोरिया ने 18 फरवरी को अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड विकास पाराशर से शादी कर ली। शादी रणथंभौर के नाहरगढ़ पैलेस में हुई। उनके भव्य विवाह समारोह की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। वीडियो क्लिप में जोड़े को वरमाला के समय एक दूसरे को माला पहनाते हुए देखा जा सकता है। सोनारिका भदोरिया फूलों की कढ़ाई वाले लाल और सुनहरे लहंगे में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। अभिनेत्री ने इसे आधी बाजू की चोली के साथ जोड़ा, जिसमें पुराने धागे का काम था और सिर पर बॉर्डर वाला लाल दुपट्टा था। उन्होंने अपने लुक को ज्वैलरी, गजरे से सजे जूड़े और गुलाबी मेकअप से पूरा किया। जबकि विकास ने सोने की कढ़ाई वाली शेरवानी और पायजामा पहना था।

प्रशंसकों ने टिप्पणी अनुभाग में जोड़े को बधाई



दी और उन पर आशीर्वाद बरसाया। एक यूजर ने लिखा, बधाई हो पार्वती जी... एक अन्य यूजर ने लिखा, मेरी पसंदीदा टेली अभिनेत्री को बधाई। वह अपने सपनों के राजकुमार से शादी करके बहुत खुश है। भगवान दोनों को आशीर्वाद दें। तीसरे यूजर ने लिखा, नव जोड़े को बधाई।

सोनारिका और विकास का प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन चार दिन पहले शुरू हो गया था। अभिनेत्री ने हल्दी और मेहंदी समारोह की तस्वीरें भी साझा कीं।

सोनारिका भदोरिया एक ऐसी अभिनेत्री हैं जिन्होंने टीवी शो के अलावा तेलुगु, तमिल और हिंद फिल्मों में भी काम किया है। उन्हें टीवी शो देवों के देव महादेव में देवी पार्वती के किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने तुम देना साथ मेरा, पृथ्वी वल्लभ-इतिहास भी, रहस्य भी, दास्तान-ए-मोहब्बत सलीम अनारकली और इश्क में मरजावां सहित अन्य शो में भी काम किया है। उन्होंने मुख्य रूप से जादूगाडु, स्पीडुन्नोडु और ईदो रकम आदो रकम सहित तेलुगु फिल्मों में काम किया है। उन्होंने सांसें, इंद्रजीत और हिंदुत्व समेत हिंदी फिल्मों में भी काम किया है।

# मैंने हिंदी फिल्में देखना बंद कर दिया है, नसीरुद्दीन शाह ने जमकर की बॉलीवुड की बुराई

एक कार्यक्रम में बोलते हुए अभिनेता नसीरुद्दीन शाह ने कहा कि हिंदी फिल्म निर्माता पिछले 100 सालों से एक ही तरह की फिल्में बना रहे हैं।

नसीरुद्दीन शाह अपनी शानदार एक्टिंग के साथ-साथ अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जाने जाते हैं। हाल ही में एक्टर ने हिंदी सिनेमा में इस वक्त बन रही फिल्मों के बारे में खुलकर बात की। इस बातचीत में उन्होंने निराशा जाहिर करते हुए कहा कि हिंदी सिनेमा में तभी कुछ बेहतर हो सकता है जब पैसा कमाने का इरादा छोड़कर फिल्में बनाई जाएं।

एक कार्यक्रम में बोलते हुए नसीरुद्दीन ने कहा कि हिंदी फिल्म निर्माता पिछले 100 सालों से एक ही तरह की फिल्में बना रहे हैं। शाह ने कहा, मैं वास्तव में निराश हूं कि हम यह कहते हुए गर्व



महसूस करते हैं कि हिंदी सिनेमा 100 साल पुराना है, लेकिन हम वही फिल्में बना रहे हैं। मैंने अब हिंदी फिल्में देखना बंद कर दिया है। मुझे वे बिल्कुल पसंद नहीं हैं।

इस बातचीत में एक्टर ने आगे कहा कि दुनिया भर में रहने वाले भारतीय लोग हिंदी फिल्में देखने इसलिए जाते हैं क्योंकि उन्हें घर से जुड़ाव महसूस होता है, लेकिन वे जल्द ही इससे बोर हो जाएंगे। नसीरुद्दीन ने कहा, हमारा भारतीय खाना हर जगह पसंद किया जाता है क्योंकि इसमें दम है। हिंदी फिल्मों में क्या दम है? हां, ये हर जगह देखी जा रही है, लेकिन जल्द ही लोग इससे बोर हो जाएंगे क्योंकि इसमें कोई दम नहीं है।

अभिनेता ने कहा, हिंदी सिनेमा के लिए उम्मीद तभी है जब हम फिल्मों को पैसा कमाने के साधन के रूप में देखना बंद कर देंगे, लेकिन मुझे लगता है कि अब बहुत देर हो चुकी है। अब इसका कोई समाधान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि गंभीर फिल्मों की जिम्मेदारी है कि वे आज की हकीकत को इस तरह दिखाएं कि न तो उनके लिए फतवा जारी होगा और न ही ईडी उनके दरवाजे पर दस्तक देगी। उन्होंने कहा कि कई ईरानी फिल्म निर्माताओं ने अधिकारियों द्वारा सताए जाने के बाद भी फिल्में बनाईं। साथ ही उन्होंने भारतीय कार्टूनिस्ट आरके लक्ष्मण का उदाहरण भी दिया, जो आपातकाल के दिनों में भी कार्टून बनाते रहे।

# सफेद चादर में लिपटा मनाली

## शिमला को अब भी बर्फबारी का इंतजार...

एजेंसी



**शिमला/मनाली।** हिमाचल प्रदेश की राजधानी में सोमवार को बर्फबारी नहीं हुई, लेकिन एक अन्य पर्यटन स्थल मनाली को मध्यम बर्फबारी की सौगात मिली।

यहां मौसम कार्यालय ने बताया कि मनाली में आज न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाम के एक अधिकारी ने बताया, मनाली और उसके आसपास की पहाड़ियों पर सोमवार तड़के हल्की से मध्यम बर्फबारी हुई।

उन्होंने कहा कि शिमला से लगभग 250 किलोमीटर दूर सुरम्य कल्पा में भी 1.6 सेमी बर्फबारी हुई। लाहौल-स्पीति जिले के कुकुमसेरी में 50.6 सेमी बर्फबारी हुई, जो राज्य में सबसे अधिक है। न्यूनतम तापमान शून्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। केलांग में 21 सेमी बर्फबारी हुई।

लाहौल और स्पीति, चंबा, मंडी, कुल्लू, किन्नौर और शिमला जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में सोमवार सुबह से बर्फबारी हो रही है।

अधिकारी ने कहा, 19 से 20 फरवरी तक भारी से बहुत भारी बारिश और बर्फबारी के साथ आंधी, ओलावृष्टि और 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और अलग-अलग स्थानों पर बिजली गिरने की संभावना है।

जैसे ही बर्फबारी शुरू हुई पर्यटक बर्फीले परिदृश्य का आनंद लेने के लिए मनाली और आसपास की पहाड़ियों पर उतरने लगे।

नई दिल्ली से आई नेहा गर्ग ने कहा, हम वास्तव में एक-दूसरे पर बर्फ फेंकने का आनंद ले रहे हैं। उनके पति पंकज ने कहा, हम पिछले दो दिन से बर्फबारी शुरू होने का इंतजार कर रहे थे।

कल्पा, सांगला, धर्मशाला और पालमपुर जैसे अन्य लोकप्रिय पर्यटक रिसॉर्ट्स के आसपास की चोटियों को भी ताजा बर्फ की चादर मिल गई है।

## सीबीआई ने रेलवे के 4 अधिकारियों को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने रिश्वतखोरी के 2 अलग-अलग मामलों में 4 रेलवे अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पहला मामला दक्षिण मध्य रेलवे, तिरूपति से जुड़ा है। यहां एक वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (एसएसई) और सहायक मंडल विद्युत अभियंता को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया।दूसरा मामला मध्य रेलवे के सानपाड़ा से जुड़ा है, जिसमें एक एसएसई और एक बिचौलिये को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पूछताछ जारी है। शिकायतकर्ता एक निजी कंपनी का निदेशक है, जिनको तिरुपति में हेड ऑन जेनरेशन कोचों के रखरखाव के लिए बिजली आपूर्ति प्रणाली स्थापित करने के लिए 2.56 करोड़ रुपये का टेंडर मिला था।निदेशक को 1.99 लाख रुपये के 2 बिलों का भुगतान हुआ। इसके बाद उसे रिश्वत के लिए परेशान किया गया और अनुबंध के बगैर अतिरिक्त काम कराया गया।शिकायतकर्ता से 2.70 लाख मांगे गए, बाद में 40,000 में समझौता हुआ। शिकायत पर सीबीआई ने रंगे हाथ पकड़ा। दूसरे मामले में रेलवे अधिकारी ने बिल पास कराने के लिए शिकायतकर्ता से रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता दिल्ली में एक फर्म चलाता है और मध्य रेलवे को सामग्री आपूर्ति करता है।

# मोदी आज जम्मू में खोलेंगे सौगातों का पिटारा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 फरवरी को जम्मू के दौरे पर होंगे। इस दौरान वह जम्मू के लोगों को कई सौगात देंगे। वह यहां 30,500 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे।

पीएम मोदी 20 फरवरी को लगभग 11.30 बजे जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में एक सार्वजनिक समारोह में विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। ये परियोजनाएं स्वास्थ्य, शिक्षा, रेल, सड़क, विमानन, पेट्रोलियम, नागरिक बुनियादी ढांचे सहित कई क्षेत्रों से संबंधित हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर के करीब 1500 नए सरकारी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

प्रधानमंत्री विकसित भारत विकसित जम्मू कार्यक्रम के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं के



लाभार्थियों के साथ भी बातचीत करेंगे। देश भर में शिक्षा और कौशल बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में प्रधान मंत्री लगभग 13,375 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखेंगे।

राष्ट्र को समर्पित परियोजनाओं में आईआईटी भिलाई, आईआईटी तिरुपति, आईआईटी जम्मू, आईआईआईटीडीएम कांचीपुरम का स्थायी परिसर शामिल है। भारतीय कौशल संस्थान (आईआईएस) - उन्नत प्रौद्योगिकियों पर एक अग्रणी कौशल प्रशिक्षण संस्थान - कानपुर में स्थित है और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के दो परिसर - देवप्रयाग (उत्तराखंड) और अगरतला (त्रिपुरा) में।

प्रधानमंत्री देश में तीन नए आईआईएम यानी आईआईएम जम्मू, आईआईएम बोधगया और आईआईएम विशाखापत्तनम का उद्घाटन करेंगे। वह देश भर में केंद्रीय विद्यालय (केवी) के लिए 20 नए भवनों और 13 नए नवोदय विद्यालयों (एनवी) भवनों का भी उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री देश भर में पांच केंद्रीय विद्यालय परिसरों, एक नवोदय विद्यालय परिसर और नवोदय विद्यालयों के लिए पांच बहुउद्देशीय हॉल की आधारशिला भी रखेंगे। ये नवनिर्मित केवी और एनवी भवन देशभर के छात्रों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

जम्मू-कश्मीर के लोगों बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाले एक कदम के रूप में प्रधान मंत्री अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), विजयपुर (सांबा), जम्मू का उद्घाटन करेंगे। यह वही संस्थान है, जिसका शिलान्यास भी प्रधानमंत्री ने फरवरी 2019 में किया था।

## क्विक न्यूज

### लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने पटना पहुंची चुनाव आयोग की टीम

**पटना।** लोकसभा चुनाव की अब आहट सुनाई देने लगी है। चुनाव की तैयारियों का जायजा और समीक्षा करने के लिए चुनाव आयोग की एक उच्चस्तरीय टीम सोमवार को पटना पहुंच रही है। इस टीम में शामिल अधिकारी यहां के अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे। इस टीम का नेतृत्व देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार करेंगे। उनके साथ दोनों निर्वाचन आयुक्त अनुप चंद्र पांडेय और अरुण गोयल सहित कई अधिकारी रहेंगे। यह टीम क्षेत्रवार लोकसभा क्षेत्रों की तैयारियों की समीक्षा करेगी। टीम के शाम को पटना पहुंचने की उम्मीद है। बताया जाता है कि शाम को प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, पुलिस के नोडल अधिकारी और केंद्रीय पुलिस फोर्स के नोडल अधिकारी के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद मंगलवार को भी बैठकों का दौर जारी रहेगा। इस दौरान वे सभी राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे।

### दिल्ली में तापमान 14.1 डिग्री, कई स्टेशनों पर एक्यूआई खराब

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सोमवार को न्यूनतम तापमान 14.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, भारतीय मौसम विभाग ने कहा कि यह औसत से तीन डिग्री ऊपर है। पिछले हफ्ते तक तापमान 7 डिग्री के आसपास था और न्यूनतम तापमान 7-8 डिग्री के आसपास था। सोमवार को भारतीय मौसम विभाग ने पूर्वानुमान जताया कि अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है, जबकि अधिकतम तापमान 14 डिग्री है। मौसम विभाग ने कहा,आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। वहीं रात में हल्की बारिश, बूंदाबांदी और तेज हवा की भी संभावनाएं हैं। सुबह 9 बजे वायु गुणवत्ता विभिन्न शहरों में खराब और मध्यम महसूस की गई।

# भूस्खलन से श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग अवरुद्ध, यातायात रुका

एजेंसी

**श्रीनगर।** लगातार बारिश के कारण सोमवार को श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग के बनिहाल इलाके में भूस्खलन के बाद सड़क को यातायात के लिए बंद कर दिया गया।

राजमार्ग सुबह यातायात के लिए खुला था, लेकिन राजमार्ग के बनिहाल क्षेत्र में चामलवास में भूस्खलन के बाद इसे बंद कर दिया गया।

यातायात विभाग के अधिकारियों ने कहा, यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे श्रीनगर या जम्मू में नियंत्रण कक्ष से संपर्क किए बिना यात्रा न करें।

पिछले 24 घंटे के दौरान हुई भारी बर्फबारी के कारण सोमवार को जम्मू-कश्मीर में घाटी से बाहर जाने वाले सभी राजमार्ग बंद हो गए हैं।

अधिकारियों ने कहा कि श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग के अलावा, मुगल रोड, बांदीपोरा-गुरेज़ रोड, सिंथन-किश्तवाड़ रोड और केरन/करना सीमावर्ती कस्बों की ओर जाने वाली सड़कें भी बंद हैं।

जहां कश्मीर में बारिश हुई, वहीं जोजिला दर्रा, बालटाल, सोनमर्ग, पहलगाम, दूधपथरी, गुरेज आदि ऊंचे इलाकों में पिछले 24 घंटे के दौरान भारी बर्फबारी हुई।

गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट से मिली रिपोर्ट में कहा गया है कि वहां सुबह भारी बर्फबारी जारी है।

मौसम विभाग ने 21 फरवरी तक बारिश/बर्फबारी की भविष्यवाणी की है, और कहा है कि इसके बाद मौसम में सुधार की बात कही गई हैं।

इस बीच, कश्मीर विश्वविद्यालय ने सोमवार-मंगलवार के लिए निर्धारित सभी परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है और घोषणा की है कि नई तारीखों की घोषणा बाद में दी जाएगी।

# 21 फरवरी तक रुका किसानों का दिल्ली चलो मार्च

## केंद्र के प्रस्ताव के बाद, विचार के लिए मांगा समय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** किसान नेताओं और सरकार के साथ हुई रविवार की बैठक के बाद किसानों ने दिल्ली चलो मार्च को 21 फरवरी तक के लिए रोक दिया है। चौथे दौर की बीतचीत में केंद्र ने सरकार के सामने चार फसलों पर पांच साल तक एमएसपी देना का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव पर विचार करने के लिए किसानों ने समय मांगा है। जिसके चलते किसानों का दिल्ली चलो मार्च रोक दिया गया है। हालांकि, अभी भी किसान हरियाणा और पंजाब के बॉर्डर पर जमे हुए हैं। किसान नेताओं का कहना है कि वे एमएसपी पर सरकार के प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे और 21 फरवरी को फिर से शांतिपूर्वक मार्च शुरू करेंगे।

किसानों का कहना कि सरकार की ओर से रखे गए प्रस्ताव पर पहले वह अपने सभी सहयोगियों, कुछ कृषि विशेषज्ञों और अन्य



कानूनी विशेषज्ञों के साथ समीक्षा करेंगे। इसके बाद किसान तय करेंगे कि सरकार के प्रस्ताव पर क्या किया जाए। वहीं दिल्ली जाने के फैसले के सवाल पर किसानों ने कहा कि दिल्ली चलो मार्च अभी स्टैंडबाय पर है। सोमवार को पंजाब किसान मजदूर संघर्ष समिति के महासचिव सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि, 21 तारीख को सुबह 11 बजे हम शांति से आगे बढ़ेंगे।

बता दें कि रविवार को हुई चौथे दौर की वार्ता से पहले ही किसान अंबाला के पास शंभू बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं। विरोध प्रदर्शन रोकने के बाद भी विरोध प्रदर्शन बड़ी संख्या में किसानों के ट्रैक्टर, ट्रॉलियां और ट्रक सीमा पर खड़े हुए हैं। सरकार ने आंदोलनकारी किसानों को राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश करने से रोकने के लिए शंभू बॉर्डर और गाज़ीपुर बॉर्डर दोनों पर मल्टी-लेयर बैरिकेडिंग के साथ भारी सुरक्षा बढ़ा दी है। बता दें कि 12 फरवरी को दिल्ली आने की कोशिश कर रहे किसानों और सुरक्षा बलों के बीच हुई झड़प में कई किसान, पत्रकार और पुलिसकर्मी घायल हो गए।

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि किसानों के प्रतिनिधियों के साथ बहुत सकारात्मक और व्यापक चर्चा हुई। उन्होंने कहा, नए विचारों और विचारों के साथ, हमने भारतीय किसान मजदूर संघ और अन्य किसान नेताओं के साथ सकारात्मक चर्चा की। हमने पिछले 10 वर्षों में पीएम मोदी द्वारा किए गए कार्यों को कैसे आगे बढ़ाया जाए, इस पर विस्तृत चर्चा की।

# संदेशखाली पर संसद की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

## लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी

**उपयोग**

इस मामले में अगली सुनवई 4 हफ्ते बाद होगी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** संदेशखाली घटना से संबंधित संसदीय आचार समिति की याचिका के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। सुप्रीम कोर्ट ने विशेषाधिकार कमेटी की कार्रवाई पर रोक लगा दी। साथ ही उन्होंने लोकसभा सचिवालय को नोटिस भेजा है।

रिपोर्ट के अनुसार, वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने पश्चिम बंगाल में संदेशखाली घटना से संबंधित संसदीय आचार समिति के नोटिस के खिलाफ पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका का सुप्रीम कोर्ट में जिक्र किया। याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि राजनीतिक गतिविधियां विशेषाधिकार का हिस्सा नहीं हो सकती हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी समेत कई अधिकारियों के खिलाफ लोकसभा विशेषाधिकार समिति की कार्रवाई पर रोक लगा दी। इस मामले में अगली सुनवई 4 हफ्ते बाद होगी।

बता दें कि संसद की आचार समिति ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव समेत वरिष्ठ अधिकारियों को नोटिस जारी किया है। लोकसभा सांसद सुकांत मजूमदार की शिकायत पर विशेषाधिकार हनन नोटिस जारी हुआ था। संदेशखाली जाने से रोकने के मामले में मजूमदार ने शिकायत की थी।

# ईडी के छठे समन पर भी पेश नहीं हुए केजरीवाल

**पेश**

आबकारी नीति घोटाला

एजेंसी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में सोमवार को एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय समक्ष पेश नहीं हुए।

ईडी ने केजरीवाल को छठी बार समन भेजा है, लेकिन वह एक बार भी उपस्थित नहीं हुए हैं।

सूत्रों के मुताबिक, उन्होंने समन को असंवैधानिक करार दिया है, जबकि फिलहाल ईडी के सामने पेश होने की वैधता की अदालत जांच कर रही है।

आप के सूत्रों ने कहा, दिलचस्प बात यह है कि ईडी ने इस मामले को खुद अदालत में लाने की पहल की है। लगातार समन जारी करने की बजाय ईडी को अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए, जिससे उचित कानूनी प्रक्रिया शुरू हो सके।

इससे पहले, ईडी ने 31 जनवरी को केजरीवाल को समन जारी किया था और उन्हें 2 फरवरी को उसके सामने पेश होने के लिए कहा था। यह आप संयोजक को जारी किया गया पांचवां समन था।

वित्तीय जांच एजेंसी की शिकायत में आरोप लगाया गया कि केजरीवाल जानबूझकर समन का पालन नहीं करना चाहते हैं और इसके लिए उल्टे-सीधे बहाने बनाते हैं।

एजेंसी ने कहा था, अगर उनके जैसे उच्च पदस्थ सार्वजनिक पदाधिकारी ने कानून की अवज्ञा की, तो यह आम लोगों के लिए एक गलत उदाहरण स्थापित करेगा।

ईडी द्वारा 17 फरवरी को समन का पालन न करने के खिलाफ दिल्ली की अदालत में जाने के बाद केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राउज एवेन्यू कोर्ट की अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा के समक्ष पेश हुए और अदालत को बताया कि चालू बजट सत्र के कारण वह अदालत के समक्ष शारीरिक रूप से पेश नहीं हो सकते।

केजरीवाल द्वारा व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट के लिए आवेदन दायर करने के बाद अदालत ने मामले की सुनवाई 16 मार्च के लिए स्थगित कर दी।

## इंडिया गठबंधन परिवारवाद का, जबकि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रवाद के प्रतीक : गिरिराज

**पटना।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इंडिया गठबंधन पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन परिवारवाद का, जबकि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रवाद के प्रतीक हैं। सिंह ने पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने साल 2014 में पहले दिन ही लोकतंत्र के मंदिर की सीढ़ी को प्रणाम किया था। उनको क्या है। वो संत आदमी हैं। उनके अकाउंट में पैसा नहीं है। उनके पास कोई जमीन नहीं। कोई मकान नहीं है। वे सिर्फ राष्ट्र के लिए जीते हैं और राष्ट्र के लिए ही मरते हैं। दूसरे राजनीति दल, सिर्फ अपने वंश को बढ़ाने में लगे हैं। उन्होंने आगे कहा कि लालू प्रसाद अपने बेटे को सीएम बनाने में लगे हैं, मुलायम सिंह बेटे को सीएम बना दिए। ममता बनर्जी अपने भतीजे को, स्टालिन अपने बेटे में लगे हैं। ये जो पूरा गठबंधन है, यह परिवारवाद का है और प्रधानमंत्री राष्ट्रवाद के प्रतीक हैं, तो कहां से मेल खायेगा।

# पाकिस्तान को 1971 की तरह तोड़ देंगे, तालिबान ने पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांटने की दी धमकी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तालिबान के विदेश उपमंत्री ने अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान से निकाले जाने पर धमकी दी है। तालिबानी विदेश उपमंत्री शेर मोहम्मद अब्बास स्टेनिकजई ने पाकिस्तान को 1971 की तरह तोड़ने की धमकी दी है। तालिबान ने कहा कि वो नकली डूरंड रेखा को मान्यता देता है, हम इस रेखा को कोई मान्यता नहीं देते। इस रेखा के उसपार भी अफगानिस्तान है।

तालिबान के वरिष्ठ मंत्री ने अफगान शरणार्थियों को पाकिस्तान से निकाले जाने पर ये बयान दिया है। विदेश उपमंत्री ने कहा है कि पाकिस्तान विभाजन का एक बार फिर इतिहास दोहराया जाएगा और पाकिस्तान को दो टुकड़ों में बांट दिया जाएगा।

द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, तालिबान द्वारा नियुक्त



उप विदेश मंत्री शेर मोहम्मद अब्बास स्टानिकजई ने पाकिस्तान में पश्तून जनजातियों के बीच एकता को उनकी स्वतंत्रता के लिए महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि डूरंड रेखा ने अफगानिस्तान के आधे हिस्से को उनसे विभाजित कर दिया है और कहा कि उन्होंने डूरंड रेखा को कभी भी वैध सीमा के रूप में स्वीकार नहीं किया है और भविष्य में भी ऐसा नहीं करेंगे।


स्टैनिकजई ने इसे अफगानों के दिलों पर खींची गई एक काल्पनिक रेखा कहा। अफगानिस्तान के लोगर में एक सामुदायिक सभा में अपने सार्वजनिक संबोधन में उन्होंने पाकिस्तान पर बेहद दमनकारी तरीके से अफगान प्रवासियों को बलपूर्वक बाहर निकालने और उन्हें अपने वतन लौटने पर जोर देने का आरोप लगाया।

द बलूचिस्तान पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, शेर मोहम्मद अब्बास स्टानिकजई ने कहा कि पश्तूनों की भूमि पाकिस्तान की नहीं है और प्रवासियों के साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार के बारे में बात की। उन्होंने जोर देकर कहा कि वीजा और पासपोर्ट प्रणाली को कभी स्वीकार नहीं किया गया है और डूरंड रेखा को इन पश्तून जनजातियों पर लागू नहीं किया जा सकता है।

रिपोर्ट के मुताबिक, तालिबान ने कहा कि पाकिस्तान लगातार अपने देश में आतंकियों को शह देता है, भारत समेत कई देशों में आतंकवादियों को भेजने का प्रयास करता है। पिछले दिनों पाकिस्तान से अफगानिस्तान की सीमा में भी आतंकवादियों को भेजने के दौरान गोलीबारी की खबर आई थी।

# जिसने मेरे पति को मार डाला उसे... एलेक्सी नवलनी की विधवा ने पुतिन को दी खुली चुनौती

एजेंसी



**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी रहे विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की बीते शुक्रवार (16 फरवरी) की जेल में मौत हो गई। नवलनी की मौत रूस के अलावा अमेरिका और पश्चिमी देशों में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस बीच नवलनी की विधवा पत्नी यूलिया नवलन्या ने राष्ट्रपति पुतिन पर अपने पति को मारने का आरोप लगाया है।

एलेक्सी नवलनी की विधवा ने सोमवार को कहा कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने उनके पति की हत्या की है। उन्होंने आगे कहा कि वो अपने दिवंगत पति के काम को आगे बढ़ाएंगी। सोमवार को जारी किए गए वीडियो अपने आंसू रोकते हुए यूलिया नवलन्या ने कहा, तीन दिन पहले, व्लादिमीर पुतिन ने मेरे पति एलेक्सी नवलनी को मार डाला।

यूलिया नवलनया ने आगे कहा कि तीन साल की पीड़ा और यातना के बाद एलेक्सी की जेल कॉलोनी में मौत हो गई। बता दें कि यूलिया नवलनया पुतिन के खिलाफ लड़ाई में एक दशक से भी ज्यादा समय तक अपने पति के साथ काम कर रही थीं। उन्होंने अपने पति के काम को जारी रखने की कसम खाई है।

उन्होंने कहा, हम एलेक्सी और खुद के लिए जो सबसे जरूरी चीज कर सकते हैं, वो ये कि हम पहले से भी ज्यादा आक्रमकता के साथ लड़ाई जारी रखें। यूलिया ने कहा, हमें युद्ध के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ, अन्याय के खिलाफ, निष्पक्ष चुनाव और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए लड़ने, अपने देश को वापस लेने के लिए लड़ने की जरूरत है।

यूलिया ने उन लोगों को बेनकाब करने की भी कसम खाई, जिन्होंने उनके पति की हत्या की है। उन्होंने कहा, हम ठीक से जानते हैं कि पुतिन ने तीन दिन पहले एलेक्सी को क्यों मारा... हम निश्चित रूप से पता लगाएंगे कि इस अपराध को किसने अंजाम दिया और इसे कैसे किया दिया गया। हम नाम बताएंगे और चेहरे बेनकाब करेंगे। वहीं, क्रेमलिन ने सोमवार को पहले कहा था कि नवलनी की मौत की जांच चल रही है। इसी दौरान पश्चिमी देशों ने पुतिन पर नवलनी की हत्या करने का आरोप लगाया है, जिसकी रूस ने आलोचना की है।

# पुलिस पर बड़ा गैंगस्टर दिखाने का लगाया आरोप

## जबरन वसूली के आरोप में गिरफ्तार भारतीय मूल के अरुणदीप थिंड ने खुद को बताया निर्दोष

एजेंसी

**टोरंटो।** कनाडा में साउथ एशियन व्यापारियों से जबरन वसूली के आरोप में भारतीय मूल के नागरिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। अपनी गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने खुद को निर्दोष बताया और कहा कि पुलिस मुझे गलत तरीके से एक बड़े गैंगस्टर के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रही है।

बता दें कि अरुणदीप थिंड उन पांच पंजाबी मूल के लोगों में शामिल है, जिन्हें 8 फरवरी को पील क्षेत्रीय पुलिस की जबरन वसूली टास्कफोर्स ने गिरफ्तार किया था। हालांकि, अरुणदीप दो सप्ताह जेल में बिताने के बाद अब जमानत पर रिहा है। जेल से बाहर आने के बाद उसने कनाडाई मीडिया से कहा कि वो गुनाहगार नहीं है।

सीटीवी न्यूज को दिए इंटरव्यू में थिंड ने कहा, मेरा परिवार है। मेरे बच्चे हैं। मेरे बच्चे बार-बार कह रहे हैं कि




मेरे पिता अपराधी नहीं हैं। लेकिन, आप लोगों ने मुझे एक अपराधी के रूप में चित्रित करने का प्रयास किया।

वहीं, कनाडा में पिछले कई दिनों से भारतीय मूल के नागरिकों और साउथ एशियन व्यापारियों के साथ जबरदस्ती वसूली के बढ़ते मामलों को ध्यान में रखते हुए थिंड ने इंटरव्यू में बातचीत के दौरान कहा, मैं कभी-भी इस तरह के संगठित अपराधों का हिस्सा नहीं रहा हूं। मेरा इन सबसे कोई लेना-देना नहीं है।

थिंड ने इस बात पर जोर देकर कहा कि वो इन सबका पीड़ित रहा है। थिंड ने कहा कि बीते दिनों उसके एक दोस्त, जो कि ब्रैंपटन में एक रेस्टोरेंट का संचालक है। उसे भी कुछ लोगों ने फोन किया था और पैसे देने की धमकी दी थी।

थिंड ने समाचार चैनल को बताया कि उन्होंने उस व्यक्ति से फोन पर बात की जिसने उन्हें कार डीलरशिप पर जाकर उनकी ओर से जबरन वसूली का अनुरोध करने के लिए मजबूर किया। डीलरशिप पर उन्होंने बस कार कंपनी के मालिक को एक फोन सौंप दिया।

थिंड ने कहा, मैंने उनसे कहा कि मेरा इससे कोई लेना-देना नहीं है। आप खुद आपस में इस बार में बात करो और इन सबसे दूर ही रखो। थिंड ने कहा, इसके बाद पुलिस ने मुझे गिरफ्तार कर लिया।

इसके बाद थिंड से उसकी उस तस्वीर के बारे में सवाल किया गया, जिसमें वो अपने हाथों में बंदूक लिया हुआ नजर आ रहा था। थिंड से जब इस बारे में सवाल किया गया, तो उसने स्पष्ट कह दिया कि वो तस्वीर आज की नहीं, बल्कि बहुत साल पुरानी है और उस तस्वीर में दिख रही बंदूक भी नकली है। यह तस्वीर उन दिनों की है, जब एक म्यूजिक गाने की शूटिंग की जा रही थी।

थिंड ने कहा कि वो कभी-भी इस देश में किसी भी प्रकार के संगठित अपराध का हिस्सा नहीं रहा है। थिंड ने कहा कि पुलिस मुझे गलत तरीके से एक बड़े अपराधी के रूप में चिति‍त्र करने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा, थिंड ने कहा कि वह पील पुलिस द्वारा आरोपित अन्य चार लोगों, अर्थात् गगन अजीत सिंह, अनमोलदीप सिंह, हशमीत कौर और ल्यमनजोत कौर से नहीं मिले हैं और उनका उनसे कोई संबंध नहीं है।

थिंड पर अभी भी अदालत में मुकदमा चलाया जाना बाकी है, ब्रैम्पटन सिटी काउंसिलर गुरपरताप सिंह तूर ने सीटीवी को बताया कि थिंड की रिहाई उनके समुदाय के लिए ठीक नहीं है। पील क्षेत्रीय पुलिस (पीआरपी) प्रमुख निशान दुरईअप्पा ने एक बयान में कहा था कि इन अपराधों में लोगों का एक जटिल पारिस्थितिकी तंत्र शामिल है।

पीआरपी के टास्कफोर्स ने कहा कि वर्तमान में जबरन वसूली के 29 मामलों की जांच चल रही है और इनमें से नौ घटनाओं में स्थानीय व्यवसायों पर गोलीबारी शामिल है। इसमें कई गोलियां चलाई गई हैं। लक्षित किए जा रहे व्यवसाय दक्षिण एशियाई स्वामित्व वाले रेस्तरां, बेकरी, ट्रकिंग और परिवहन कंपनियां, स्वतंत्र प्रयुक्त कार डीलरशिप और आभूषण स्टोर हैं।

# प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान से जुड़ना गौरव की बात: प्रो. वंदना सिंह

- पूर्वांचल विश्वविद्यालय को पीएम- उषा योजना के तहत 20 करोड़ का अनुदान मिला
- जल, सोलर, हाईड्रोजन एनर्जी समेत अन्य क्षेत्रों पर होगा शोध

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को प्रतिष्ठित प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) योजना के अन्तर्गत 20 करोड़ रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ है। देश के राज्य विश्वविद्यालयों से प्रतिस्पर्धा स्तर पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय को यह अनुदान पीएम-उषा योजना के ग्रांटस टू स्ट्रेनथेन यूनिवर्सिटी के अंतर्गत प्राप्त हुआ है। इस श्रेणी में देश के मात्र 52 विश्वविद्यालयों को अनुदान प्राप्त हुआ है जिसमें पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने अपना जगह बनाया है। इस उपलब्धि पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह को विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने बधाई दी है। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर आगे बढ़े इसलिए हम सब मिलकर कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को अनुदान मिलना शिक्षा में उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है इससे शोध को और गति मिलेगी. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान से जुड़ना गौरव की बात है। उन्होंने बताया कि पीएम-उषा योजना के तहत यूनिवर्सिटी को 20 करोड़ रुपये का अनुदान मिला है। इसका उपयोग राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप विश्वविद्यालय को अंतरविषयक शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय के रूप में विकसित करने के लिए किया जाएगा। अनुदान से भारत सरकार के द्वारा फोकस विश्वस्तर के अंतरविषयक क्षेत्रों जैसे सोलर, हाईड्रोजन एनर्जी और वाटर रिसर्च के विभिन्न पहलुओं पर कार्य किया जाएगा। जिसके लिए विश्वविद्यालय में एक इन्टर डिसिप्लिनरी सेंटर फॉर वाटर एण्ड एनर्जी रिसर्च की स्थापना की जाएगी। साथ ही विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के स्नातक, परास्नातक प्रयोगशालाओं को उन्नयन किया जाएगा जिससे विश्वविद्यालय में प्रभावी रूप से शिक्षण एवं शोध कार्यों को बढ़ावा मिलेगा।

## राम बाबू पाल व मनोज यादव टी-20 क्रिकेट चार से

**प्रयागराज।** जस्टिस ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित राम बाबू पाल व मनोज यादव स्मारक टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता चार मार्च से डीएवी मैदान पर शुरू हो रही है। जस्टिस ग्रुप के सचिव प्रदीप सिंह के अनुसार लीग कम नॉकआउट के आधार पर आयोजित इस प्रतियोगिता में आठ टीमों को प्रवेश दिया जाएगा।

## ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज को पूरे अंक

**प्रयागराज।** ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने फाफामऊ क्लब को पांच विकेट से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। फाफामऊ क्लब ने अपने मैदान पर सोमवार को 33 ओवर में 125 रन (रॉकी राज 35, शक्तिजीत 29, त्रिपुरेश सिंह 4/24, दिव्यांश त्रिपाठी 2/11, आदर्श मिश्र 2/33) बनाये। जवाब में ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज ने 25.2 ओवर में 5 विकेट पर 128 रन (राहुल राजपाल 44, त्रिपुरेश सिंह 30, रुद्रांश सिंह 23, प्रियांशु यादव 2/33) बना लिए।

# झांसी वर्कशॉप ने उद्घाटन मुकाबला जीता

- उत्तर मध्य रेलवे अंतर मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** झांसी वर्कशॉप ने आरपीएफ को आठ विकेट से हराकर अंतर मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया।

रेलगांव सूबेदारगंज मैदान पर सोमवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर आरपीएफ ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 94 रन (नरेश धनकर 45, जितेंद्र शर्मा 3/15, अनिल जैकब 2/15, रोहित कुमार 2/18, प्रदीप सिंह 2/18) बनाये। जवाब में झांसी वर्कशॉप ने 16.5 ओवर में दो विकेट पर 97 रन (जेपी सिंह 40 नाबाद, सचिन शिवहरे 26, कुणाल गोस्वामी 23, अवनीश यादव 1/14, राम बाबू सिंह 1/25) बना लिए। मैच में मोहम्मद आरिफ व राहुल सिंह ने अंपायरिंग और खुर्शीद अहमद ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता का शुभारंभ अपर महाप्रबंधक जोगिंदर सिंह लाकरा द्वारा प्रताप सिंह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एवं उपाध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ एवं मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/योजना बीपी सिंह की उपस्थिति में किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर मध्य रेलवे रेलवे खेल संघ द्वारा 19 से 23 फरवरी तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल, झाँसी मंडल, आगरा मंडल, झाँसी वर्कशॉप, रेल सुरक्षा बल एवं मुख्यालय की टीम को मिलकर कुल 06 टीमें हिस्सा ले रहीं है। कार्यक्रम के शुभारंभ में सर्वप्रथम अपर महाप्रबंधक जोगिंदर सिंह लाकरा का उपाध्यक्ष उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ द्वारा स्वागत किया गया। इसी क्रम में अपने स्वागत उदबोधन में बीपी सिंह ने बताया कि यह आयोजन 05 वर्षों से अधिक के अंतराल पर हो रहा है। साथ ही उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा के विषय में जानकारी भी प्रदान की। इसी क्रम में अपने संबोधन में अपर महाप्रबंधक ने कहा कि खेल हमारे लिए बहुत ही लाभदायक हैं क्योंकि वे हमें समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन, समूह में कार्य करना और लगन सिखाते हैं। खेलना हमें, आत्मविश्वास के स्तर का निर्माण करना और सुधार करना सिखाता है। यह हमें जीवन में अधिक अनुशासित, धैर्यवान, समयबद्ध और विनम्र बनाता है। यह हमें जीवन में सभी कमजोरियों को हटाकर आगे बढ़ना सिखाता है। यह हमें बहादुर बनाता है, और खुशी का अहसास देता है। यह हमें टीम भावना सिखाता है, जिससे कि हम कठिन परिस्थियों और सभी समस्याओं से आसानी से एक साथ मिल कर निपटने मे सहायता मिलती है।

# विधायक जगदीश नारायण ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

- 33 केवी के दो विद्युत सब स्टेशन बनवाने की उठायी आवाज

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जफराबाद क्षेत्र के विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री जगदीश नारायण राय ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर जफराबाद विधानसभा क्षेत्र के पिलखिनी एवं इटाएं में प्रस्तावित 33 के0बी0 के विद्युत सब स्टेशन के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द आरंभ करने तथा तय सीमा समय के अंदर पूरा करवाकर विद्युत वितरण सुनिश्चित कराने की मांग किया, ताकि इस क्षेत्र के स्थानीय लोगो को निर्वाध रूप से विद्युत सप्लाई मिल सके। पत्र लिखे जाने के बारे में पूछे जाने पर राय ने बताया कि एक ही सब स्टेशन होने के कारण ज्यादा लोड पड़ रहा है। स्थानीय लोग बिजली की समस्या से परेशान हैं। लोगों द्वारा लगातार इस समस्या के बारे में अवगत कराया जा रहा था जिस पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा हूं। यदि उक्त दोनों स्थानों पर नए 33 के0बी0 के विद्युत सब स्टेशन का निर्माण हो जाएगा तो स्थानीय लोगों को ओवरलोडिंग की समस्या से निजात मिल जाएगी। बिजली की ट्रिपिंग बंद हो जाएगी।

## चोरी के 5 दिन बाद भी पुलिस नहीं कर पाई खुलासा

**जौनपुर(मड़ियाहूं)।** बरसठी थाना क्षेत्र के बारीगांव डीह में स्थित राम देवी उच्चतर माध्यमिक बालिका विद्यालय में हुई चोरी के 5 दिन बाद भी चोरों का सुराग लगाने में पुलिस को कामयाबी नहीं मिल सकी। बताते चलें कि चोरों ने बसंत पंचमी सरस्वती पूजा की रात 42 हजार नगदी पर हाथ साफ कर दिया था। प्रधानाध्यापक ओम प्रकाश सिंह ने बताया कि 13/14 फरवरी की रात चोर विद्यालय की बाउंड्री से प्रवेश कर गए कार्यालय का खिड़की तोड़कर अंदर घुसे लाकर में रखे 42 हजार जो बच्चों का फीस इकठ्ठा किया गया था। अध्यापकों को वेतन देने के लिए उसे चोर उठा ले गए थे। घटना की जानकारी सुबह हुई थी। तहरीर पर स्थानीय पुलिस संबंधित धाराओं मुकदमा दर्ज कर लिया गया था परंतु अभी तक चोरों का पता नहीं लगाया जा सका है। इस चोरी की घटना से ग्रामीणों में जहां दहशत है, वहीं ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की गश्त गांवों में न होने से चोर सक्रिय हैं।

# सीएम डैशबोर्ड संबंधी बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड संबंधी बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड पर पंचायतीराज, शिक्षा, मत्स्य, कृषि, पशुपालन सहित अन्य विभागों जिनकी भिन्न भिन्न पैरामीटर पर खराब रैंकिंग थी उनसे खराब रैंकिंग के कारण के संदर्भ में जानकारी लेते हुए विभिन्न योजनाओं की प्रगति की पोर्टल पर फीडिंग कराने, फीडिंग के कार्य को अपनी निगरानी में पूर्ण कराने, कार्य की प्रगति तेज करने सहित आवश्यक दिशा-निर्देश देने के साथ ही रैंकिंग में सुधार न होने की स्थिति में भविष्य में कड़ी कार्यवाही करने के साथ ही वेतन रोकने का चेतावनी दिया। बैठक में जिला विकास अधिकारी वी.के. यादव, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल, जिला अर्थ तथा संख्याधिकारी डॉ0 अरुण कुमार यादव, कृषि उपनिदेशक हिमांशु पांडेय, सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 25 को आयोजित

**आजमगढ़।** लायन्स क्लब के तत्वाधान में निरूशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन 25 फरवरी को गर के बदरका मोहल्ला स्थित डा. वत्सल होम्योपैथी क्लीनिक पर सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया है। इस शिविर में बुखार, चर्मरोग, फाइलेरिया, बवासीर, मिर्गी, लकवा, सायटिका, टीबी, गठिया, पथरी, एलर्जी, स्त्री रोग एवं अन्य रोगों के जांच एवं दवा वितरण किया जाएगा। इसी के साथ शिविर में डायबिटीज एवं एनेमिया की निरूशुल्क जांच भी की जाएगी। इस शिविर के संयोजक डा. भक्तवत्सल, डा. अनुतोष वत्सल, सह संयोजक डा. सीजी मौर्या,डा देवेश दूबे स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. ऋतु अत्रीवाल, डा. नेहा दूबे, डा. वत्सला आदि मौजूद रहेंगे। इसका निर्णय संगठन के अध्यक्ष ला अशोक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में लिया गया। उक्त निर्णय की सूचना संगठन के सचिव ला सुनील अग्रवाल द्वारा दी गई।

# आयोजित हुआ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने निर्देशित किया है कि विगत लोकसभा चुनाव 2019 में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर विशेष रुप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए। मतदान बूथ जहाँ पर मतदान प्रतिशत राज्य औसत 59.11 प्रतिशत से कम है वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए टारगेटेड स्वीप गतिविधियां संचालित किया जाय, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके तथा किन कारणों से कम मतदान हुआ इसका कारण ज्ञात करते हुए समस्या दूर कर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित किया जाए।

इसी क्रम में आज जनपद के 9 विधानसभाओ में सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले 366 जौनपुर विधानसभा के बूथ संख्या 146 कम्पोजिट विद्यालय मानीकलां (जिसपर 2019 में 28.87 प्रतिशत मतदान हुआ था) पर चुनावी पाठशाला आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। मानीकलां मतदान केंद्र पर स्थित बूथ संख्या 147 पर 34.15 प्रतिशत व 148 पर 36.36 व 149 पर 36.84 व 150 पर 40.91 प्रतिशत मतदान हुआ था। स्वीप टीम द्वारा इस क्षेत्र का भ्रमण करने पर ज्ञात हुआ कि पिछले लोकसभा चुनाव में इस मतदान केन्द्र पर कम मतदान प्रतिशत होने का सबसे बड़ा कारण जो ज्ञात हुआ वो यहाँ के मतदाता का रोज़गार के सिलसिले से व शिक्षा के लिए बाहर रहना पाया गया।

# मानव आहार में फल एवं सब्जियों का महत्व: डॉ. मनोज कुमार

अवधनामा संवाददाता

- कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर आयोजित



**प्रयागराज।** माघ मेला सेक्टर 5 गाटा संख्या 2 प्रयागराज में चल रहे विशेष शिविर राष्ट्रीय सेवा योजना कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज के दूसरे दिन महाविद्यालय के प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में प्रोफेसर पवन कुमार पचौरी विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा कुल भास्कर आश्रम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज प्रयागराज के योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ। प्रथम सत्र में डॉक्टर मनोज कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर उद्यान विज्ञान विभाग कुलभास्कर आश्रम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज प्रयागराज ने मानव आहार में फल एवं सब्जियां का महत्व विषय पर अपना व्याख्यान दिया। अपने व्याख्यान में डॉक्टर सिंह ने बताया प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन 300 ग्राम सब्जी और 85 ग्राम फल खाना चाहिए। साथ ही यह भी सलाह दी कि हमेशा फल और सब्जी का सेवन मौसम के अनुसार मौसमी ही करना चाहिए जिसके पीछे उन्होंने कारण बताया की उत्पादन लागत मौसम में कम काम आती है इसलिए कम मूल्य में मिलती है । उनपर कीटनाशी एवं रोगनाशी का कम से कम प्रयोग या नहीं हुआ रहता है जिसके कारण हमें फल और सब्जियां गुणवतयुक्त कम मूल्य पर प्राप्त होती है। दूसरे सत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर सेक्टर 5 साफ सफाई स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने किया किया। विशेष शिविर के तीसरे दिन आज प्रातः योगाभ्यास से शिविर का प्रारंभ हुआ। प्रथम सत्र में डॉ. ध्यानेश शुक्ला का व्याख्यान भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व विषय पर हुआ। तत्पश्चात डॉक्टर एस पी यादव असिस्टेंट प्रोफेसर मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज का एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन विषय पर व्याख्यान हुआ। डॉ यादव ने अपने व्याख्यान में बताया कि मृदा को सुरक्षित रख करके ही आगे उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। अंधाधुंध रसायनों का प्रयोग ना करके मृदा जांच कराकर पोषक तत्वों की आवश्यकतानुसार ही खाद एवं उर्वरक का प्रयोग करें। साथ ही यह भी बताये कार्बनिक खादो पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिए। दूसरे सत्र में भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर कायस्थ पाठशाला प्रयागराज के उपाध्यक्ष पर्यटन रतन खरे ने अपने उद्बोधन में मुन्शी काली प्रसाद एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजेन्द्र प्रसाद के जीवन के संघर्ष प्रकाश डाला और उनसे सीख लेने के लिए प्रेरित किया। उनके साथ पी एन पांडेय धजी उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी ने मऊआइमा में किया रात्रि विश्राम

अवधनामा संवाददाता



- पदाधिकारियों के साथ बनाई रणनीति

**प्रयागराज।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा रविवार शाम पौने सात बजे मऊआइमा के सकरामऊ खेल मैदान में पहुंची। यहां राहुल गांधी ने रात्रि विश्राम के लिए बने टेंट में रुके। देर रात तक उन्होंने तमाम पदाधिकारियों से साथ बातचीत कर आगामी रणनीति पर चर्चा की। साथ ही यात्रा को लेकर मंथन किया।राहुल गांधी ने राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़ के न्याय यात्रा प्रभारी फुजैल हाशमी, रामयज्ञ द्विवेदी, पूर्व जिलाध्यक्ष कौशाम्बी तलत अजीम, परवेज सिद्दीकी, हरिकेश त्रिपाठी, अरशद अली आदि कांग्रेसियों के साथ विश्राम गृह में बैठक की। यहां घंटों पार्टी के लोगों से यात्रा पर मंथन किया गया। राहुल गाधी ने यहां थोड़ी देर आराम किया।राहुल गांधी की स्वास्थ्य और रात के भोजन की जांच मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी राम गोपाल वर्मा, चीफ फूड शेफ्टी अफसर डॉ. संजय सिंह, संजीव राय तथा चीफ फार्मासिस्ट अब्दुल हमीद ने की। इधर, टेंट के बाहर राहुल गांधी की झलक पाने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी थी। वह बिना रूके ही कैंप में चले गए। सुरक्षा के लिए यहां बड़ी संख्या में फोर्स तैनात रही। राहुल गांधी सोमवार सुबह प्रतापगढ़ के देल्हूपुर के लिए रवाना हो गए।

# बोलेरो की चपेट में आये युवक की मौत, साइकल सवार घायल

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बम्हौर मोलना मोङ के पास रविवार को सायं सात बजे बोलेरो की चपेट आकर एक युवक की मौके पर मौत हो गयी तो सा इकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को तथा वाहन को कब्जे में ले लिया।

मुबारकपुर के ग्राम बम्हौर निवासी शिव प्रकाश यादव 25वर्ष पुत्र राजकुमार यादव रविवार को घर से मोलनापुर मोड़ अपने खेत की तरफ गया था। ग्राम निवासी सिंगार यादव मुबारकपुर से सायकिल से घर वापस लटा रहा था। अभी घर से दूर था कि दोनो बोलेरो की चपेट आ गए। शिव प्रकाश की मौके पर मौत हुई और सिंगार यादव सायकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर परिजन और पुलिस दोनों मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोग घायल को उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। वही पुलिस ने मौके से शव को और वाहन को हिरासत में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम रिपोर्ट हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक तीन भा ई में तीसरो नंबर पर था। वह अविवाहित था। वह सूरत रहकर कम्पनी मे काम करता था। वह चार माह पूर्व आया था। ब्ड़े भा ई ओमप्रकाश यादव के निधन पर घर आया हुआ था। घर से सूरत जाने वाला था कि यह घटना घट गई।

## पी डी ए व्यापारी पंचायत के लिए प्रवीण केसरवानी को प्रयागराज मण्डल का बनाया गया सह प्रभारी

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल द्वारा व्यापारी नेता व व्यापार सभा के प्रदेश सचिव प्रवीण केसरवानी को विधान सभा ज़ोनल ब्लाक एवं मुख्य बाज़ार स्तर पर पीडीए व्यापारी पंचायत कार्यक्रम आयोजित कराने के कार्य को लेकर प्रयागराज मण्डल सह प्रभारी नियुक्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने प्रत्येक ज़िलों में प्रभारी व सहप्रभारी की नियुक्ति कर व्यापारी समाज में समाजवादी पार्टी की नीतियों व सपा सरकार में व्यापारी हित में लिए गए फैसलों को जन जन तक पहुंचाने की ज़िम्मेदारी दी। प्रयागराज के व्यापारी नेता प्रवीण केसरवानी को सह प्रभारी प्रयागराज मण्डल बनने पर पूर्व विधायक हाजी परवेज़ अहमद, महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, नगर उपाध्यक्ष मो0ग़ौस, महासचिव रवीन्द्र यादव रवि, नगर उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता, समाजवादी पार्टी व्यापार के महानगर अध्यक्ष अमित गुप्ता, महानगर मीडिया प्रभारी सैय्यद मोहम्मद अस्करी आदि ने बधाई दी।

# अधिशाषी अधिकारी के खिलाफ महिलाओं ने किया प्रर्दशन



अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर, आजमगढ़।** नगरपालिका मुबारकपुर मे विकास कार्य न होने पर नगरपालिका अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी के खिलाफ महिलाऔ का फुटा गुस्सा नगरपालिका मुबारकपुर के खिलाफ महिलाऔ का फुट गुस्सा नगरपालिका क्षेत्त के वार्ड न 6 अमिलो लगभग वर्षो से गन्दे जल जमाव को लेकर स्थानिय लोगो ने अधिशाषी अधिकारी से लेकर पालिकाध्यक्ष तक कई बार चक्कर काटते रहे। लेकिन गन्दे जलजमाव की निकासी के लिए कोई नाले का निर्माण नही हो सका महिलाऔ ने आरोप लगाया की हमलोग लगातार नगरपालिका का चक्कर लगाते रहे और क ई बार पालिकाध्यक्ष से मिले परन्तु पालिकाध्यक्ष तनिक भर बात सुनने को रवादार न हुए अगर गन्दे जल जमाव का समाधान नही हुआ तो हम महिलाए बाध्य होकर नगरपालिका मे प्रदर्शन करेगी। उन्होने नगरपालिका मे प्रार्थना पत्र देकर जल निकासी की समस्या की माग की इसमे मुख्य रूप से दर्गावती, उर्मिलादेवी, अनीता, रीना, पुष्पा, मन्जू, रादासी, गीता, दुख्खी, गुड्डीया, रीता , शितला, जगवन्ता, मीना, प्रभा देवी एव रेनू सहित कई महिलाए उपस्थित रही।

# 121 विशिष्ट समाज सेवियों को किया सम्मानित

**पीडब्ल्यूएस शिक्षालय तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का राष्ट्रीय अधिवेशन प्रयागराज में आयोजित**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** पीडब्ल्यूएस शिक्षालय तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार नियंत्रण ब्यूरो का प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन संगम पर चल रहे माघ मेला के दौरान भईया जी का दाल-भात परिवार शिविर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 1 ईट 1 रुपए के जन सहयोग से परम शक्ति धाम, गोरसरा शुक्ल, अयोध्या में निर्माणाधीन पीडब्ल्यूएस शिक्षालय का निर्माण अगले 15 महीने में पूरा करके उसके सफलतापूर्वक संचालन तथा मानवाधिकार संरक्षण, भ्रष्टाचारमुक्त भारत अभियान व सामाजिक सेवा कार्य में तेजी लाने के साथ कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया गया तथा 121 विशिष्ट समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के पाण्डेय एडवोकेट, मां काली के अनन्य साधक व भईया जी दाल भात परिवार के संस्थापक पंडित गुड्डू मिश्रा व वरिष्ठ समाजसेवी रविराज द्वारा विद्वान आचार्यगणों के उपस्थिति में दीप प्रज्वल करके मंगलाचार के साथ शुरू किया गया। इस अवसर पर संगठन व समाज में कार्य कर रहे विशेष 121 विशिष्ट समाजसेवियों को राष्ट्रीय मानवाधिकार गौरव रत्न सम्मान देकर सम्मानित किया गया तथा पीडब्ल्यूएस शिक्षालय परिवार के तरफ से 9 अत्यंत विशिष्ट समाजसेवियों को पीडब्ल्यूएस परम रत्न सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के पाण्डेय एडवोकेट ने बताया कि 1 ईट 1 रुपए के जन सहयोग से निर्माणाधीन पीडब्ल्यूएस शिक्षालय व्यवस्था पूर्णतया लोकतांत्रिक व्यवस्था व्यवस्था पर आधारित है। इस अवसर पर आर के पाण्डेय एडवोकेट, पण्डित गुड्डु मिश्र, मनीषा पाण्डेय, सूर्या धैर्य स्नेहा पटेल, शत्रुघ्न परित, सुरेंद्र मक्कड़, ममता अहिरवार मक्कड़, अनिल कुमार तिवारी, पवन कुमार गुप्ता, पत्रकार अभिषेक गुप्ता, अनिल कुमार सिंह, भुवनेश्वर, ट्रैफिक इंस्पेक्टर पवन कुमार पाण्डेय, बाल कल्याण समिति सदस्य सुषमा शुक्ला, डॉक्टर रश्मि शुक्ला, ज्ञानेश्वर कुमार शर्मा, विजय कुमार शर्मा, रवि शंकर यादव, प्रकाश शर्मा, निसार अहमद, क्याम उद्दीन, छाया त्रिपाठी, उमा सिंह आदि विशिष्ट समाजसेवी उपस्थित रहे।

# कोतवाली प्रभारी ने दुष्कर्म के आरोपित को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र की निवासी युवती ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का एक युवक पर आरोप लगाया। जीयनपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की देर शाम को जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र की निवासी एक युवती ने कोतवाली पर तहरीर देकर युवक पर विगत 3 वर्षो से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था वही नशे की गोली खिलाकर दुष्कर्म करने के साथ नशे में मांग में सिंदूर भरकर फोटो खींचकर युवती की ससुराल में भेज दिया जिसके कारण 23 अप्रैल को होने वाली शादी तोड़ दिया। वहीं 13 फरवरी को विरोध करने पर युवती से मारपीट कर जबरदस्ती दुष्कर्म किया युवती की शुक्रवार को शिकायत पर जीयनपुर कोतवाली प्रभारी विवेक पांडेय के निर्देश पर जीयनपुर पुलिस ने आरोपित को दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपित को मुखबिर की सूचना पर आंखेपुर बाजार से जीयनपुर कोतवाली प्रभारी विवेक पांडेय ने पुलिस बल के साथ गिरफ्तार कर लिया और जेल के लिए भेज दिया।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल हुए अधिवक्ता

- यूपी कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के चेयरमैन नितिन मिश्रा ने किया नेतृत्व

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रयागराज पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने वकीलों ने भी बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के चेयरमैन नितिन मिश्रा और प्रदेश संगठन उपाध्यक्ष अनस खान के नेतृत्व में प्रयागराज स्थित इलाहाबाद हाईकोर्ट, जनपद न्यायालय और तहसील के अधिवक्ताओं के साथ ही मुरादाबाद, अयोध्या, जौनपुर, मिर्जापुर, कौशांबी, आजमगढ़, मऊ, गाजीपुर, बलिया, गाजियाबाद, समेत कई सीमावर्ती जिलों के लगभग एक हजार वकील यात्रा में शामिल हुए। इस मौके कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के महानगर अध्यक्ष जितेंद्र नायक, प्रदेश उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह, महासचिव हरिश्चंद्र दुबे, प्रदेश सचिव सुनील यादव, अकीक अहमद, अविनाश वर्मा, जेपी सिंह, अतुल श्रीवास्तव, असीम राय, सौरभ कुमार यादव, अशोक कुमार श्रीवास्तव, बृजेंद्र कुमार पांडेय, जितेंद्र चक्रवर्ती, सतेंद्र गुप्ता, अभिनव त्रिपाठी, आरएसएस पांडे, सुशील कुमार दुबे, अच्युतानंद पांडे, चौधरी शौलत, सिद्धार्थ सिंह, अजहर खान, उदय प्रताप राय, अनस चौधरी, अजीत मिश्रा, जगदंबिका चतुर्वेदी, एसपी यादव, दीनदयाल, सूर्यमणि यादव, सुधीर दीक्षित, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## बेदखली सूचना

मैं अपने पुत्र बेलाल अहमद खान को उनके गलत चाल चलन के कारण मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य एवं लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोंकार नहीं होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**अफजाल अहमद पुत्र इकबाल अहमद साकिन -बबुआन थाना- सिधारी तहसील- सदर जिला- आजमगढ़**

# सीबीडीटी ने पुराने टैक्स डिमांड वापस लेने के लिए एक लाख रुपये की सीमा तय की

**नई दिल्ली।** सीबीडीटी के आदेश में कहा गया है कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित बकाया डिमांडों को करदाता के लिए 1 लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय करते हुए समाप्त कर दिया जाएगा।

आयकर विभाग ने बजट में हुई घोषणा के अनुसार आकलन वर्ष 2015-16 तक के छोटे टैक्स डिमांड (कर मांग) पर प्रति करदाता एक लाख रुपये की सीमा तय की है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से 2024-25 के अंतरिम बजट में हुई घोषणा को प्रभावी करने का आदेश जारी किया है।

बजट के अनुसार आकलन वर्ष 2010-11 के लिए 25,000 रुपये तक और आकलन वर्ष 2011-12 से 2015-16 के लिए 10,000 रुपये तक की कर मांग वापस ली जाएगी। घोषणा के बाद लगभग 3,500 करोड़ रुपये की कर मांग




वापस ले ली जाएगी।

सीबीडीटी के आदेश में कहा गया है कि 31 जनवरी, 2024 तक आयकर, संपत्ति कर और उपहार कर से संबंधित बकाया डिमांडों को करदाता के लिए 1 लाख रुपये की अधिकतम सीमा तय करते हुए समाप्त कर दिया जाएगा। एक लाख रुपये की सीमा में कर मांग का मूल घटक, ब्याज, जुर्माना या शुल्क, उपकर और अधिभार शामिल होगा। हालांकि, आयकर कानून के टीडीएस या टीसीएस प्रावधानों के तहत कर कटौतीकर्ताओं या कर संग्रहकर्ताओं के खिलाफ की गई मांगों पर यह छूट लागू नहीं होगी।

नांगिया एंडरसन इंडिया के पार्टनर मनीष बावा ने कहा कि निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि इस छूट या निरस्तीकरण से करदाताओं को क्रेडिट या रिफंड के लिए किसी भी दावे का अधिकार नहीं होगा। इसके अतिरिक्त, यह छूट या रद्दीकरण करदाता के खिलाफ किसी भी चल रहे, नियोजित या संभावित आपराधिक कानूनी कार्यवाही को प्रभावित नहीं करेगा और किसी भी कानून के तहत कोई प्रतिरक्षा प्रदान नहीं करता है।

बावा ने कहा, करदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपने ऑनलाइन खातों का उपयोग करें। वे Navigate to Pending Action > Response to Outstanding Demand पर जाकर status of 'Extinguished Demands' को चेक करें। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि इस तरह की 1.11 करोड़ कर मांगें हैं।

## सोना 250 रुपये मजबूत हुआ, चांदी 500 रुपये कमजोर हुई

**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 250 रुपये की तेजी के साथ 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। हालांकि, इस दौरान चांदी 500 रुपए टूटकर 76,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने का भाव 250 रुपये की तेजी के साथ 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र के दौरान सोना 62,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। हालांकि, इस दौरान चांदी 500 रुपए टूटकर 76,000 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत 250 रुपये की तेजी के साथ 62,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करती दिखी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स पर सोने का हाजिर भाव सात डॉलर की तेजी के साथ 2,020 डॉलर प्रति औंस हो गया।

# पीपीएफएएस म्युचुअल फंड ने पराग पारेख डायनैमिक असेट अलोकेशन फंड को लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** पीपीएफएएस म्युचुअल फंड ने आज पराग पारिख डायनैमिक असेट एलोकेशन फंड को लॉन्च करने की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड डायनैमिक असेट एलोकेशन फंड है। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 20 फरवरी, 2024 से 22 फरवरी, 2024 तक सब्सक्रिप्शन के लिए उपलब्ध होगा। स्कीम का निवेश उद्देश्य इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव और निश्चित आय उपकरणों में निवेश के जरिए दीर्घकालिक रिटर्न हासिल करना है।इक्विटी उपकरणों और निश्चित आय के बीच आवंटन को गतिशील रूप से प्रबंधित किया जाएगा ताकि गिरावट से उत्पन्न होने वाले जोखिम का प्रबंधन करते हुए दीर्घकालिक रिटर्न हासिल किया जा सके। इस योजना में न्यूनतम निवेश 5,000 रुपये होगा और उसके बाद किसी भी राशि का निवेश किया जा सकता है। यह योजना 28 फरवरी, 2024 को फिर से खुलेगी। इस योजना का प्रदर्शन टियर 1 बेंचमार्क इंडेक्स - क्रिसिल हाइब्रिड 50+50 मॉडरेट इंडेक्स के विरुद्ध बेंचमार्क किया जाएगा। इसका प्रबंधन राजीव ठक्कर, रौनक ओंकार, राज मेहता, रुकुन ताराचंदानी और मानसी करिया करेंगे। पीपीएफएएस असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड (पीपीएफएएस म्युचुअल फंड के निवेश प्रबंधक) के अध्यक्ष और सीईओ नील पराग पारिख ने कहा, ÷पराग पारिख डायनैमिक असेट एलोकेशन फंड एक अनूठी पेशकश है जो हमारी तरफ से पेश किए जाने प्रॉडक्ट्स के बीच मौजूद अंतर को पाटता है। इंडेक्सेशन फायदे की पेशकश को देखते हुए, निवेशक इस योजना को उनके डेट आवंटन के लिए अपेक्षाकृत टैक्स के लिहाज से हितैषी विकल्प के रूप में देख सकते हैं।÷ डायरेक्ट और रेग्युलर दोनों योजनाएं ग्रोथ और इनकम डिस्ट्रीब्यूशन सह पूंजी निकासी की सुविधा के साथ उपलब्ध होंगी।

मई 2013 में अपनी स्थापना के बाद से फंड हाउस द्वारा यह छठी योजना होगी। बैलेंस्ड एडवांटेज फंड या डायनैमिक एसेट एलोकेशन फंड श्रेणी की अधिकांश योजनाएं इक्विटी-आधारित हैं, हालांकि, यह योजना भी इंडेक्सेशन लाभ के लिहाज से इक्विटी आवंटन को 35त्न से 65त्न के बीच बनाए रखेगी। आवंटन की तारीख से 10त्न यूनिट के लिए कोई निकास शुल्क नहीं लगाया जाएगा, हालांकि, 10त्न से अधिक यूनिट्स के लिए आवंटन की तारीख के एक वर्ष के भीतर भुनाए जाने पर 1त्न लोड लागू होगा। यदि यूनिट्स के आवंटन की तारीख से 1 वर्ष के बाद उसे भुनाया जाता है, तो उस पर कोई निकास शुल्क नहीं लगेगा। कोई भी एग्जिट लोड चार्ज (शुद्ध जीएसटी के मुकाबले) को वापस योजना में जमा कर दिया जाएगा।

योजना सूचना दस्तावेज़ (एसआईडी) और अन्य विवरणों के लिए कृपया देखें।

https://amc.ppfas.com/downloads/kim-sid-and-sai/

## अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के यूजी कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं

**लखनऊ।** अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय स्नातक कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इनमें बी.ए. ऑनर्स, बी. एससी.ऑनर्स और बी. एससी. बी.एड. ड्युअल-डिग्री कोर्स प्रस्तुत किए जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया और उससे जुड़ी ज़रुरी तारीखें निम्नलिखित हैं - आवेदन करने की आख़िरी तारीख़ 6 मार्च 2024, राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल 2024, साक्षात्कार अप्रैल 2024, एडमीशन मई 2024, क्लास की शुरुआत जुलाई 2024 हैं।

ये कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किए गए हैं। इनका मकसद सामाजिक रूप से जागरूक, चिंतनशील और स्वयं सीखने में सक्षम युवा नागरिकों को तैयार करना है। ये कोर्स चार अनिवार्य पहलुओं से मिलकर बने हैं; इन पाठ्यक्रमों में मुख्?य रूप से चार तरह के कोर्स शामिल है- विषय आधारित मेजर कोर्स, विद्यार्थियों को व्?यावसासिक रूप से तैयार करने के मकसद से बनाये गये इंटर्नशिप आधारित इंटर-डिसेप्लनरी कोर्स, विद्यार्थियों की क्षमता निर्माण के लिए बनाये गये फाउन्?डेशन कोर्स और व्?यापक रुचि आधारित कोर्स, जिनका क्रेडिट सिस्?टम बहुत लचीला होता है।

यह कोर्स अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल स्थित कैम्पस में चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनमें विषय विशेषज्ञता व सामाजिक प्रतिबद्धता का निर्माण करना इन कोर्सेस का लक्ष्य है। उन्हें सार्थक करिअर की तलाश के लिए प्रेरित करना और शिक्षा की राह पर आगे बढ़ाना इन कोर्सेस का उद्देश्य है।

कैम्पस स्नातकोत्तर (4-वर्ष), भोपाल

बायोलॉजी में बी.एस-सी. ऑनर्स अर्थशास्त्र, अंग्रेज़ी और इतिहास में बी.ए. ऑनर्स, बेंगलूरु

अर्थशास्त्र,अंग्रेज़ी, इतिहास, दर्शन, समाज विज्ञान और में बी.ए. ऑनर्स

बायोलॉजी, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिकी, पर्यावरण विज्ञान व सस्टेनब्लिटी, और सूचना विज्ञान में बी.एस-सी. ऑनर्स

बायोलॉजी, रसायन विज्ञान, गणित, और भौतिकी तथा एजुकेशन में बी.एस-सी., बी.एड. (ड्युअल-डिग्री)

अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में शिक्षा हासिल करने के कई समृद्ध और आकर्षक पहलू हैं-

विषय के ज्ञान का गहराई से विकास करना ङ्क हमारे मुख्य कोर्सेस अकादमिक नींव मज़बूत करते हैं, वहीं ऐच्छिक विषय विद्यार्थियों को अपने पसंदीदा व रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने मदद करते हैं।

विद्यार्थियों को फ़ील्ड-प्रैक्टिस के ज़रिए जीवन के वास्तविक अनुभवों से गहराई से जोड़ा जाता है। विद्यार्थियों को इन्टनशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं और मेंटरिंग के साथ फ़ील्ड-वर्क प्रोजेक्ट करवाए जाते हैं।

विद्यार्थियों को अकादमिक विकास, भाषाओं को सीखने, इन्टनशिप, व्यावसायिक विकास और प्लेसमेंट आदि के लिए व्यापक रूप में ज़रूरी सहायता प्रदान की जाती है।

कैम्पस में आयोजित की जाने वाले वर्कशॉप, सेमिनार, गेस्ट-लेक्चरर जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के ज़रिए विद्यार्थियों को तरह-तरह के अनुभवों व विचारों से परिचित करवाया जाता है।

प्रवेश प्रक्रिया और उससे जुड़ी ज़रुरी तारीखें ~विद्यार्थी हमारे विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदकों की लिखित परीक्षा ली जाएगी। लिखित परीक्षा में शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों को साक्षात्कार लिया जाएगा। आवेदकों को परीक्षा और साक्षात्कार के प्रदर्शन के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

एडमीशन से जुड़ी महत्त्वपूर्ण तारीखें

प्रवेश का पहला राउण्ड, तारीखें

आवेदन करने की आख़िरी तारीख़, 6 मार्च 2024

**राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा** 7 अप्रैल 2024, साक्षात्कार, अप्रैल 2024

**एडमीशन** मई 2024

**क्लास की शुरुआत** जुलाई 2024

# सैमसंग ने अपना पहला एंटरप्राइज एक्सक्लूसिव स्मार्टफोन गैलेक्सी एक्सकवर7 लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने पहले एंटरप्राइज केंद्रित



स्मार्टफोन गैलेक्सी एक्सकवर7 को लॉन्च किया। यह एक जबरदस्त और मजबूत डिवाइस है, जो असाधारण इस्तेमाल योग्य क्षमता से लैस है। बेहद प्रतिकूल स्थितियों में काम करने के लिहाज से इंजीनियर किए गए गैलेक्सी एक्सकवर7 का उद्देश्य पेशेवरों के जीवन को आसान बनाना, तेज कनेक्टिविटी, व काम करने की निरंतरता देना और बाहरी कारकों की वजह से पैदा होने वाली रुकावटों के जोखिम को कम करना है, ताकि वे तेज गति और स्मार्ट तरीके से काम कर सकें। गैलेक्सी एक्सकवर7 5G कनेक्टिविटी, अपग्रेडेड मोबाइल प्रोसेसर परफॉर्मेंस और बढ़ी हुई मेमोरी के साथ मजबूत मोबिलिटी प्रदान करेगा। साथ ही गैलेक्सी एक्सकवर7 सिंगल और मल्टीपल बारकोड/क्यूआर कोड स्कैनिंग और विस्तारित डिस्प्ले आकार और रिजॉल्यूशन के लिए ऑप्टिमाइज्ड नए शक्तिशाली रियर कैमरे के साथ आता है, जो यूजर्स को विभिन्न सेटिंग्स में काम करने की क्षमता प्रदान करता है। किसी भी सेटिंग में सुविधाजनक रिचार्जिंग के लिए आसान पीओजीओ चार्जिंग पिन, और दस्ताने पहनकर इस्तेमाल किए जाने की क्षमता से युक्त टच सेंसेटिविटी गैलेक्सी एक्सकवर7 को एक विश्वसनीय और उपयोग में आसान डिवाइस बनाती है।

अपनी ड्युरैबिलिटी और अत्याधुनिक विशेषताओं के लिए मशहूर, गैलेक्सी एक्सकवर7 निरंतरता और बढ़ी हुई उत्पादकता सुनिश्चित करता है जो यूजर्स को दुनिया में कहीं से भी काम करने की सुविधा देता है। यह स्मार्टफोन सीरीज इमर्सिव, वाइड-स्क्रीन डिस्प्ले के साथ आती है, जो विजुअल क्लैरिटी को बढ़ाती है, जिसमें यूजर्स मैदानी इलाकों में भी अधिक कुशलता से काम कर सकते हैं। गैलेक्सी एक्सकवर7 में नॉक्स वॉल्ट इन उपकरणों पर लॉक स्क्रीन जानकारी जैसे पिन कोड, पासवर्ड और पैटर्न समेत सर्वाधिक महत्वपूर्ण डेटा को सुरक्षित रखने में मदद करता है।

सैमसंग इंडिया, उद्यम व्यवसाय, के वाइस प्रेसिडेंट आकाश सक्सेना ने कहा, सैमसंग में हमारा उद्देश्य अपने प्रॉडक्ट्स की पेशकश के माध्यम से यूजर्स को सुविधा और ड्युरैबिलिटी प्रदान करना है। हमने गैलेक्सी एक्सकवर7 सीरीज को दो वैरिएंट्स, गैलेक्सी एक्सकवर 7 एंटरप्राइज एडिशन और स्टैंडर्ड एडिशन में पेश किया है। दोनों डिवाइसेज को अत्याधुनिक तकनीकी के साथ तैयार किया गया है जो उन्हें बेहद शक्तिशाली और कठिन मौसम में काम करने वाला बनाता है। नॉक्स संचालित, हम अपने कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए भारत में निर्मित इन क्रांतिकारी उत्पादों को लाने के लिए उत्साहित हैं। हमें उम्मीद है कि यह कर्मचारी उत्पादकता को बढ़ाएंगा और डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करेगा।

## उप्र ट्रिलियन डॉलर विज़नः ओमनीसाइंस कैपिटल ने लॉन्च की अयोध्या निवेश रणनीति

**नई दिल्ली।** वैश्विक और भारतीय इक्विटी निवेश में विशेषज्ञता वाली अग्रणी वैश्विक निवेश प्रबंधन फर्म ओमनीसाइंस कैपिटल ने अपनी क्रांतिकारी निवेश रणनीति - ओमनी अयोध्या यूपी (उत्तर प्रदेश) रणनीति के लॉन्च की घोषणा की है। लोकप्रिय स्मॉलकेस प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध यह अग्रणी निवेश पहल, अयोध्या और व्यापक उत्तर प्रदेश क्षेत्र के विकास के साथ जुड़े विविध क्षेत्रों की क्षमता का लाभ उठाने के लिए है, जो इस सबसे तेज गति से उभरते हुए राज्य को ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने में मदद करेगी। 22 जनवरी, 2024 को अनावरण की गई रणनीति, ओमनीसाइंस कैपिटल के 7वें स्थापना दिवस के अवसर पर, 1 फरवरी, 2024 से निवेशकों के लिए उपलब्ध है।

ओमनीसाइंस कैपिटल के सीईओ और मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. विकास गुप्ता ने इस नए ग्रोथ वेक्टर के बारे में उत्साह व्यक्त किया और उन्होंने कहा ÷यह ओमनीसाइंस की एक और अग्रणी रणनीति है जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश में नियोजित घातीय आर्थिक विकास को उत्प्रेरित करना है, जो कि यूपी सरकार के मास्टर प्लान 2031 में उल्लिखित अयोध्या के पुनर्विकास पर केंद्रित है। 85,000 करोड़ रुपये (9 .10 बिलियन) से अधिक के निवेश के साथ ), यूपी की इस पहल का उद्देश्य इस पवित्र शहर के बुनियादी ढांचे को बढ़ाना और रोजगार सृजन पर ध्यान केंद्रित करना है। श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले ही 20,000 नौकरियां पैदा हो चुकी हैं और अंततः 150,000 से अधिक स्थायी नौकरियों की उम्मीद है। जो यूपी को ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य में योगदान देगा। इस निवेश से कनेक्टिविटी, सड़क और बुनियादी ढांचा कंपनियों, इलेक्ट्रिक वाहन, होटल, ऋण और भुगतान बैंक (क्रेडिट कार्ड और यूपीआई), और दूरसंचार क्षेत्रों से संबंधित शेयरों को लाभ होने का अनुमान है।

## सुप्रीम कोर्ट का स्पाइसजेट को निर्देश

### क्रेडिट सुइस को 15 मार्च तक दें बकाया 12.5 लाख डॉलर

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट की ओर से गो एयर की अधिग्रहण प्रक्रिया में शामिल होने की पिछले हफ्ते की खबरों का उल्लेख करते हुए अदालत ने सवाल किया कि इतना कुशन उपलब्ध होने के बावजूद, भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को किफायती विमानन कंपनी स्पाइसजेट को क्रेडिट सुइस मामले में 15 मार्च तक सभी बकाया राशि का भुगतान करने को कहा है। अदालत ने कहा, ÷देरी से भुगतान की कोई गुंजाइश नहीं है। प्रतिवादी का ऐसा कहना उचित नहीं है।÷ सुप्रीम कोर्ट के अनुसार जो डेटलाइन दी गई थी उसे देखते हुए स्पष्ट है कि प्रतिवादी डिफॉल्ट है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पाइसजेट लिमिटेड को 15 मार्च से पहले क्रेडिट सुइस एजी को 1.25 मिलियन डॉलर का भुगतान करने का निर्देश दिया, ताकि सुनवाई की अगली तारीख से पहले बकाया का भुगतान सुनिश्चित हो सके। क्रेडिट सुइस की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ दवे ने न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ को बताया कि 15 फरवरी तक बजट वाहक 12.5 लाख डॉलर का डिफॉल्ट कर चुका था। शीर्ष अदालत ने स्पाइसजेट से कहा, ÷हम आपको एक लंबी रस्सी दे रहे हैं, इस मामले में कोई जोखिम न लें। स्पाइसजेट ने 12.5 लाख डॉलर के एरियर को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि बकाया राशि का भुगतान देर से ही किया गया है। पीठ ने कहा, इस मामले में किसी भी तरह के विलंबित भुगतान की गुंजाइश नहीं है। इसलिए क्रेडिट सुइस का यह कहना न्यायोचित है कि राशि का भुगतान नहीं किया गया है। स्पाइसजेट की ओर से गो एयर की अधिग्रहण प्रक्रिया में शामिल होने की पिछले हफ्ते की खबरों का उल्लेख करते हुए अदालत ने सवाल किया कि इतना कुशन उपलब्ध होने के बावजूद, भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा। पीठ ने स्पाइसजेट के अध्यक्ष अजय सिंह को निर्देश दिया कि वह मार्च के तीसरे सप्ताह में सुनवाई की अगली तारीख पर अदालत के समक्ष उपस्थित हों।

## अपनी नई एड फिल्म में, मोर्टिन ने समाज के गुमनाम नायकों का किया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** पेस्ट कंट्रोल की दुनिया के अग्रणी ब्रांडों में से एक, मोर्टिन ने अपने मौजूदा कैम्पेन मोर्टिन की रक्षा ज्योति के तहत एक एड फिल्म पेश की है। इस एड फिल्म में समाज की सुरक्षा करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। यह फिल्म सामुदायिक कार्यकर्ताओं के निस्वार्थ काम को सम्मान देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करती है। ये सामुदायिक कार्यकर्ता चौबीसों घंटे काम में जुटे रहते हैं और समाज तक रक्षा ज्योति पहुंचाते हैं और समाज को मच्छर जनित बीमारियों से बचाते हैं।बीमारी फैलाने वाले मच्छरों से सुरक्षित रहने के लिए, हर परिवार कई प्रकार के पेस्ट कंट्रोल सॉल्यूशंस का इस्तेमाल करता है। लेकिन वे लोग, जो बिना थके पूरे समाज को सुरक्षित रखने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं, वे ही अक्सर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के संपर्क में आ जाते हैं। इस कैम्पेन फिल्म के साथ, मोर्टिन उन लोगों की अधिक देखभाल करने के जरूरत पर जोर देता है जो समाज की देखभाल करते हैं। उन्हें हम मोर्टिन की सुरक्षा की ढाल प्रदान करते हैं। सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया हाइजीन, रेकिट ने कहा, बीते कई सालों से, मोर्टिन भारतीय




घरों में एक विश्वसनीय पेस्ट कंट्रोल सॉल्यूशन के रूप में मौजूद रहा है। मॉर्टीन परिवारों को मच्छरों से पैदा होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हमारी फिल्म की रिलीज के साथ, हम सामाजिक कार्यकर्ताओं की सेहत और सुरक्षा पर ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं। ये गुमनाम नायक हमें सुरक्षित रखने के लिए दिन रात अथक परिश्रम करते रहते हैं। फिल्म का मुख्य संदेश उनकी रक्षा करें जो रोज हमारी रक्षा करें लोगों से मोर्टिन लिक्विड वेपोराइज़र के साथ हमारे रक्षकों की सुरक्षा करने का आग्रह करता है। हमारा उद्देश्य उन्हें रोग फैलाने वाले मच्छरों से सुरक्षित रखना है। इस एड फिल्म की परिकल्पना हवास वर्ल्डवाइड इंडिया द्वारा की गई है। यह फिल्म एक मार्मिक दृश्य के साथ मॉर्टीन के संदेश को बेहद खूबसूरती से पेश करती है। इस फिल्म में एक मां और उसका बच्चा अपनी हाउसिंग सोसाइटी के सुरक्षा गार्ड को उसके केबिन के लिए मोर्टिन लिक्विड वेपोराइज़र प्रदान करके उसके प्रति अपने प्यार को प्रदर्शित करते हैं। यह फिल्म उन सामाजिक कार्यकर्ताओं के निस्वार्थ समर्पण पर प्रकाश डालती है जो लगातार दुनिया की भलाई की दिशा में काम कर रहे हैं और हमारी सुरक्षा का ख्याल रख रहे हैं। इसके बाद मां अपने बच्चों से उन लोगों की रक्षा करने का आग्रह करती है जो दुनिया की रक्षा करते हैं। यहां मोर्टिन के साथ कैम्पेन संदेश उनकी रक्षा करें जो रोज़ हमारी रक्षा करें को बहुत ही खूबसूरती के साथ शामिल किया गया है। हवास वर्ल्डवाइड इंडिया की चीफ क्रिएटिव ऑफीसर अनुपमा रामास्वामी ने कहा, मच्छर जनित बीमारियों के खिलाफ मोर्टिन के मिशन ने हमें काफी प्रेरित किया है। हम सभी इन मेहनती सुरक्षा गार्डों द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा के बीच पले बढ़े हैं। ये गार्ड जिन जोखिमों का सामना करते हैं हम इसी पर प्रकाश डाल रहे हैं। सम्मोहक कहानी के साथ इस सार्थक बदलाव को प्रदर्शित करते हुए, हमारा लक्ष्य एक ही है~ मोर्टिन की रक्षा ज्योति पहल के साथ सामुदायिक कार्यकर्ताओं के जीवन को बेहतर बनाना। हम मलेरिया और डेंगू मुक्त भारत की दिशा में योगदान देने के लिए इस प्रयास को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

### दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में की शानदार कमाई

## शुद्ध लाभ में तिमाही दर तिमाही 478 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** चीनी, सस्टेनेबल पॉवर और इथेनॉल के अग्रणी खिलाड़ी दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड ने 14 फरवरी 2024 को हुई अपनी बोर्ड बैठक में 31 दिसंबर 2023 को समाप्त हुई तिमाही और नौ महीनों के लिए अपने अनऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स को मंजूरी दी।

पिछली तिमाही की तुलना में, दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड ने कुल राजस्व में 190 प्रतिशत की भारी वृद्धि देखी, जो वित्तीय वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 26.92 करोड़ से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में ?78.31 करोड़ हो गई। इसी के साथ, नेट प्रॉफिट में उल्लेखनीय 478 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 0.97 करोड़ से बढ़कर 5.61 करोड़ हो गई।

इसके साथ ही, कंपनी बोर्ड ने अपशिष्ट गुड़ किण्वन (फर्मन्टेशन) को लिक्विडिफाइड कार्बन डाइऑक्साइड और ड्राई आइस में बदलने के लिए 3 करोड़ के निवेश से सीओ2 प्लांट को चालू करने की मंजूरी दे दी।

कुक्कुवाड़ा, कर्नाटक में 1970 में




अपनी स्थापना के बाद दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड निरंतर विकास के पथ पर आगे बढ़ते हुए होकर शहर के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इनोवेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत, कंपनी ने अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को चीनी से आगे बढ़ाकर सस्टेनेबल पॉवर और इथेनॉल सॉल्यूशन में विस्तारित किया है। कंपनी की पेशकश परंपरा और आधुनिकता के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण को दर्शाती हैं, जो ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी वाले उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती हैं।

अपने रिफाइनरी और उच्च क्षमता वाले इथेनॉल फैसिलिटी के साथ दावणगेरे शूगर फैक्ट्री ने सस्टेनेबिलिटी में अग्रणी भूमिका निभाई है। जीरो वेस्ट और ग्रीन एनर्जी प्रिंसिपल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अलावा, कंपनी सक्रिय रूप से स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देती है और रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है।

वर्तमान में, दावणगेरे शुगर कंपनी लिमिटेड अपने विशाल चीनी प्लांट में 6000 टीसीडी (टन्स ऑफ केन क्रश्ड पर डे) की क्षमता रखती है। लगभग 2,83,874 वर्ग फुट के क्षेत्रफल के साथ, कंपनी की शुगर यूनिट कंपनी की दक्षता के प्रति उनके समर्पण को दिखाती है। इसके अलावा, पांच बड़े गोदामों की स्थापना, जो 6 लाख क्विंटल चीनी का भंडारण करने में सक्षम हैं, मजबूत भंडारण और वितरण क्षमताओं पर इसके जोर को रेखांकित करती है, जिससे एक बिना किसी रूकावट के एक सप्लाई चैन बन सके।

# कानपुर में टॉपरैंकर्स द्वारा नए सेंटर की शुरुआत



**कानपुर।** भारत के अग्रणी डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म, टॉप रैंकर्स ने अपनी उपस्थिति को और मजबूत करते हुए कानपुर में अपने नए सेंटरकी शुरुआत की मोतीझील मेट्रो स्टेशन के पास, स्वरूप नगर में स्थित, केंद्र का उद्देश्य क्षेत्र में इच्छुक छात्रों को असाधारण शैक्षणिक सहायता प्रदान करना है।

हमें खुशी है कि हम अपनी मौजूदगी को कानपुर में विस्तारित कर रहे हैं और छात्रों को उनकी शैक्षिक यात्रा के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य हर छात्र को उनके शैक्षिक और करियर लक्ष्यों को हासिल करने में सहायता करना है, टॉपरैंकर्स कानपुर के केंद्र के हेड श्री नीरज कुमार ने कहा।

प्रविष्टि छात्रों को कानून, सीयूईटी और आईपीएम परीक्षाओं की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करते हुए, केंद्र में चार बड़े क्लासरूम हैं, जो एक साथ 150 छात्रों को समाहित करने की क्षमता रखते हैं, कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, विशेष शंका सुलझाने के सत्र कमरा, और व्यक्तिगत एक से एक मेन्टरिंग सत्र क्लासरूम जैसी अन्य सुविधाएं हैं।

# नेटफ्लिक्स ने 'मामला लीगल है' का ट्रेलर जारी किया- जहां फैसले में मिलते हैं केवल ठहाके

**नई दिल्ली।** मामला लीगल है के साथ नेटफ्लिक्स एक ऐसे क्षेत्र में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार है, जो अभी तक उतना प्रचलित नहीं है। इससे पहले ऐसा कोर्टरूम ड्रामा शायद ही किसी ने देखा होगा। हाल ही में रिलीज हुए मामला लीगल है के ट्रेलर में दर्शकों को पटपड़गंज जिला न्यायालय की अफरा-तफरी भरी काल्पनिक दुनिया में झांकने का मौका मिला। यहां वकीलों की एक ऐसी अनोखी टीम है जोकि विचित्र मामलों को थोड़े मजाकिया अंदाज में सुलझाते हैं। पोशम पा पिक्चर्स (जादूगर, कालापानी) द्वारा निर्मित, शोरनर समीर सक्सेना के नेतृत्व में और राहुल पाण्डे के निर्देशन में बनी यह सीरीज 1 मार्च को प्रसारित होने वाली है।



क्या आपको पता है, पांच लोग मिलकर लूट कर ही नहीं सकते÷। आप ऐसा क्यों पूछ रहे हैं? क्योंकि ये तो डकैती का केस है! तोते को अभद्र भाषा के लिए ट्रायल में पेश होने से लेकर वास्तविक घटनाओं पर आधारित अजीबोगरीब मामलों तक, ये जुगाड़ू वकील कुछ बेहद हटकर कोर्टरूम पंचलाइन पेश कर रहे हैं। वो भी अपनी हाजिरजवाबी और अनूठे अंदाज के साथ। मिलिए पटपड़गंज जिला न्यायालय के वकीलों से वीडी त्यागी (रवि किशन), यह एक चालाक किस्म का वकील है जोकि कानून के लंबे हाथ को ही चुनौती दे रहा है। इनके साथ है हार्वर्ड एएलएम की पूर्व विद्यार्थी, अनाया श्रॉफ (नायला ग्रेवाल), ये न्याय दिलाने के लिए शिद्दत से लड़ने वाली वकील हैं और इस मंडली की नई सदस्य भी हैं। इसी बीच, सुजाता नेगी (निधि बिष्ट), यानी ओजी दीदी ने अभी तक कोई भी केस नहीं लड़ा, लेकिन उन्हें अपना एक एयर-कंडीशन वाला चैम्बर चाहिए। और अंत में कोर्ट के मैनेजर विश्वास पाण्डे (अनंत वी जोशी) जोकि खुद को पटपड़गंज जिला न्यायालय का डोना पॉल्सन मानते हैं। दरअसल यह एक मशहूर टीवी शो, सूट्स के एक होशियार सेक्रेटरी की ओर ओर इशारा है। इन सबके बावजूद एक बात तो तय है कि इनका सिर्फ कोट ही काला है पर दिल नहीं। इस शो के बारे में एक्टर रवि किशन कहते हैं, ÷मैं पहली बार एक वकील की भूमिका निभा रहा हूं और मैं आपको बता नहीं सकता कि मुझे इसमें कितना मजा आ रहा है।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का अमेठी में जोरदार स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का अमेठी में जगह जगह जोरदार स्वागत हुआ। राजनीतिक दृष्टिकोण से संसदीय क्षेत्र अमेठी हमेशा सुर्खियों में रहा है। सोमवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर अमेठी पहुंचे तो वहीं स्थानीय सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी के गांवो में जनसंवाद कार्यक्रम करने अपने चार दिवसीय दौरे पर पहुंच चुकी हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ककवा रोड के रास्ते नगर अमेठी में दाखिल हुई भारी जन सैलाब के बीच जगह-जगह लोगों ने राहुल गांधी का स्वागत किया। इसके पूर्व भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नगर अमेठी में शक्ति प्रदर्शन किया। राहुल गांधी की यात्रा जब गांधी चौक पहुंच रही थी इस दौरान एक गुट प्रदर्शन करने की नीयत से चौराहे की तरफ आगे बढ़ रहा था



**भाजपा और कांग्रेस के बीच अमेठी में सियासी जंग हुई तेज**

जिसे कड़ी मशक्कत के बाद हनुमानगढ़ी मंदिर के आसपास पुलिस कर्मियों ने रोक लिया। इधर सियासी जंग काफी तेज हो चुकी है कांग्रेस और उसके अनुसांगिक संगठन न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए कई दिनों से पुरजोर कोशिश में लग रहे।अमेठी की सीमा में प्रवेश करते ही राहुल गांधी की एक झलक पाने को सड़कों के किनारे भीड़ बेताब दिखी। राहुल गांधी लोगों का अभिवादन करते आगे बढ़ रहे थे। दोपहर बाद न्याय यात्रा ककवा रोड के रास्ते नगर अमेठी में दाखिल हुई और गांधी चौक पर आलम यह रहा की घरों की छतों से भी लोग इन्हें देखकर अभिवादन कर रहे थे।सगरा तिराहा पहुंचकर राहुल गांधी ने अपने पिता पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।इसके देवीपाटन के रास्ते गौरीगंज की ओर न्याय यात्रा आगे बढ़ी। जहां आगे गांधीनगर टोल प्लाजा के पास जनसभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए। जगह-जगह आम जनता ने भी यात्रा का स्वागत किया।

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 का जिले में भव्य आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** सोमवार को कुशीनगर स्थित एक होटल में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरमनी @4.0 (2024) कार्यक्रम का भव्य आयोजन मुख्य अथिति सांसद विजय कुमार दुबे, विशिष्ट अथिति विधायक कसया पी.एन. पाठक एवं डीएम उमेश मिश्रा व राज्य मंत्री की अध्यक्षता में किया गया। साथ ही सीडीओ गुंजन द्विवेदी भी उपस्थित रही।

कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मुख्य अथिति एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा

**सांसद, विधायक और डीएम द्वारा किया गया निवेशकों को सम्मानित**

दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया गया। साथ में इन्वेस्टर्स, उद्यमियों, लाभार्थियों तथा जनपद स्तरीय अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में लखनऊ में आयोजित हो रहे उप्र ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के सफल आयोजन के उपरान्त ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरमनी @ 4.0 (2024) का भव्य आयोजन और प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा हो रहे शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। जिसमे प्रदेश में 14000 से अधिक के एमओयू जिसमें 10.00 लाख करोड़ का निवेश प्रस्तावित तथा 33.50 लाख रोजगार निहित है, को शामिल किया गया।

**उद्यमियों के निवेश से रोजगार सृजन को मिलेगा बढ़ावा :** सांसद विजय दुबे ने कहा कि पहले समय में उत्तर प्रदेश में कोई भी उद्यमी निवेश नहीं करना चाहता था क्योंकि यहां वह माहौल मौजूद नहीं था किंतु आज प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में उद्यमियों को सुरक्षा प्रदान किया जा रहा है तथा एक बेहतर माहौल दिया जा रहा है ताकि वह प्रत्येक जनपद में निवेश कर लाभान्वित हो सके तथा ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजित कर सके। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि कुशीनगर में निवेश कर यहां के युवाओं के लिए रोजगार सृजित करने तथा औद्योगिक क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने हेतु सभी उद्यमियों/निवेशकों का हार्दिक अभिनंदन है तथा आने वाले समय में हम सब मिलकर यह संकल्प लेते हैं की कुशीनगर को इतना बेहतर बनाएं कि यहां का कोई भी युवा रोजगार के चलते बाहर न जाए। इस अवसर पर सभी विकास खण्ड स्तर पर भी एल0ई0डी0 स्कीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के लखनऊ कार्यकम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

### 105 उधमियों ने 1152.38 करोड़ का किया निवेश

गौरतलब है कि यू.पी. ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 में कुल 105 उद्यमी निवेशकों द्वारा कूल 1152.38 करोड रुपए के निवेश प्रस्ताव को जनपद कुशीनगर में स्थापित किए जाने हेतु एम0ओ0यू0 दाखिल किया गया है, जिसमें कुल 9133 लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 (2024) कार्यक्रम में 10 करोड़ से ऊपर के 20 निवेशकों के 815.00 करोड रुपए के निवेश एवं 4042 रोजगार सृजन के एमओयू के दृष्टिगत लखनऊ कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद कुशीनगर में 10 करोड रुपए से नीचे के 18 उद्यमियों को उनके द्वारा कुल निवेश किए गए 65.16 करोड रुपए के निवेश एवं 1682 रोजगार सृजन के दृष्टिगत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अथिति द्वारा होटल रॉयल रेसीडेंसी में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम में सॉल, प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना के 02 उद्यमियों को दर्जी ट्रेड के टूलकिट सिलाई मशीन तथा मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के दो लाभार्थियों को 25 लाख एवं 10 लाख का प्रतीकात्मक डमी चेक एवं ओडीओपी के तहत केले से बने उत्पादों के प्रोत्साहन हेतु 4 उद्यमियों को टूल किट प्रदान किया गया।

## ट्यूबवेल का मोटर जलने से सिंचाई बाधित

**गोरखपुर।** खेतों की सिंचाई के लिए जगह जगह स्थापित किए गए हैं। उसका गांव में भी वर्षो पहले ट्यूबवेल स्थापित किया गया था। देख रेख के अभाव में इसका मोटर 2 महीने में तीन बार जल गया है। किसानों का कहना है कि कई बार इसकी शिकायत सिचाई विभाग के अधिकारियों से की गई। शिकायत के बाद आपरेटर आते हैं और मोटर को ठीक करते हैं लेकिन फिर से यह जल जाता है। इससे नाराज किसानो ने किसान नेता रंजन पाण्डेय के नेतृत्व में प्रदर्शन करके चेतावनी दी कि यदि ट्यूबेल के जले मोटर को जल्द बही बनवाया गया तो किसानो के साथ तहसील परिसर ने धरना प्रदर्शन को बाध्य होंगे। संबंधित अभियंता संजय सिंह ने बताया कि मोटर जलने की जानकारी है, जल्द ही उसको ठीक करा दिया जायेगा। प्रदर्शन करने वालो में रुदल सिंह, विशाल सिंह, विवेकानंद तिवारी, बब्लू, लाठी सिंह, अभय तिवारी, अजीज अहमद, संजय सिंह, नन्हे सिंह, मनोज कुमार, राम चरण सिंह सहित अन्य लोग शामिल रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने देश के गरीबों व व्यापारियों तथा किसानों के हित में किया कार्य : विजयलक्ष्मी



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** भाजपा सलेमपुर द्वारा ब्लाक सभागार सलेमपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लाइव प्रसारण देखा। कार्यक्रम से पूर्व अपने सम्बोधन में राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के गरीबों व व्यापारियों तथा किसानों के हित में जो कार्य किया है वह आज तक किसी सरकार ने नहीं की है। दस साल में पूरे देश का कायाकल्प हो गया है। विकास की गंगा बह रही है। भाजपा नेता अशोक पांडेय ने कहा कि मोदी के कार्यो के बल पर भाजपा तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। मण्डल अध्यक्ष अमरदत्त यादव ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को मुख्य रूप से अमरेश सिंह बबलूग्अभिषेक जायसवालग रत्नेश मिश्रग नगर पंचायत लार के चेयरमैन मूसा लारी ने भी सम्बोधित किया। उक्त अवसर रत्नेश यादव, भोला तहसीलदार अलका सिंह, शालिनी श्रीवास्तव, अजय दुबे वत्स, अनूप उपाध्याय, अशोक तिवारी, अमित सिंह, नागेन्द्र गुप्ता, लल्लन सिंह, भोला बाबा, कमलेश तिवारी,अमरनाथ सिंह,राकेश राजभर, माया जायसवाल, अमित सिंह, गुलाब यादव, अन्नू सिंह, विनय तिवारी, रजवंत सिंह, नायब तहसीलदार डा. भागीरथी सिंह, गोपालजी आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा लीक होने पर अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

### अभ्यार्थियों ने परीक्षा निरस्त कराने की मांग की



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने पर सोमवार को सैकड़ों की संख्या में अभ्यार्थियों ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। और उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह को ज्ञापन सौप कर परीक्षा निरस्त कराने की मांग किया। अभ्यार्थियों ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया है की 17 से 18 फरवरी को जिले में अनेक स्थानों पर पुलिस भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा शुरू होने से पहले ही पेपर सोशल मिडिया पर आने लगा था। भ्रष्टाचार को देखते हुए पुलिस भर्ती परीक्षा को निरस्त कराया जाय। जनहित को देखते हुए लीक हुए परीक्षा पेपर को निरस्त करते हुए नए सिरे से परीक्षा आयोजित कराया जाये। इस बावत उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह ने कहा की शिकायती पत्र शासन को भेज दिया जाएगा। प्रदर्शन करने वालो में प्रवीन सिंह पालीवाल, पंकज यादव, धर्मेंद्र, अमन सिंह, लाल बिहारी यादव, रामकेश यादव, नितेश सिंह, विश्वजीत सिंह, अभिषेक, प्रदीप, कृष्णा कुमार, योगेश त्रिपाठी, राहुल सिंह, अजय कुमार, सहित सैकड़ों अभ्यार्थी मौजूद थे।

**जेसीबी संचालकों के साथ डीएम ने वार्ता कर दिए आवश्यक निर्देश**

# लीगल तरीके से जेसीबी संचालक करें खनन नियम विरुद्ध हुई तो होगी कार्रवाई : डीएम



अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सोमवार को कार्यालय कक्ष में जनपद के जेसीबी संचालकों/वाहन चालकों के साथ अवैध खनन से संबंधित मामलों को ले कर वार्ता की गई। जिलाधिकारी ने सभी जेसीबी चालकों/ संचालकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया की खनन संबंधित कार्य नियमानुसार लीगल तरीके से किया जाय, इसके लिए किसी भी सहज जन सेवा केंद्र या अपने मो. से ही ऑनलाइन आवेदन किए जाएं, जिसे संबंधित अधिकारी द्वारा सम्यांतर्गत निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने कहा की सरकार की मंशा है की सभी कार्य प्रक्रिया के तहत सही ढंग से संचालित किया जाय। उन्होंने ये भी कहा की यदि किसी के भी द्वारा नियम विरुद्ध कार्य किया जाएगा तो उस पर अर्थ दंड सहित जेल भेजने की कार्यवाही भी की जाएगी। इस संबंध में अपर जिलाधिकारी को नियमित समीक्षा करने सहित मॉनिटरिंग किए जाने का निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा द्वारा upminemitra.in पर किसानों के निजी उपयोग हेतु स्वयं की भूमि से साधारण मिट्टी का खनन/परिवहन की अनुमति हेतु पंजीकरण के ब्लॉक पर अप्लाई करना होगा। इस के अलावे व्यवसायिक उपयोग हेतु की जाने वाली प्रक्रियाओं/नियमो आदि की आवश्यक जानकारी दी गई।

## गोरक्षनाथ चिकित्सालय के उच्चीकृत ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती के अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के उच्चीकृत ब्लड बैंक में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस अवसर पर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने संक्षिप्त रूप से बताया कि हिन्दुस्तान में जब औरंगजेब का अत्यचार काफी बढ़ गया था। तब हिन्दू अस्मिता की रक्षा के लिए शिवाजी महाराज ने मुगलों के विरूद्ध मराठा साम्राज्य की स्थापना की। और भगवान शिव ने नाम पर इनका नाम शिवाजी रखा गया। वहीं रक्तदान शिविर के बारे में डॉ. अवधेश अग्रवाल ने बताया कि युवाओं में रक्तदान को लेकर बहुत सारी भ्रांतिया दूर हो चुकी हैं और वे अब रक्तदान के प्रति जागरूक हो गए है। स्वंय भी रक्तदान कर रहे हैं और लोगो को प्रेरित भी करते है। डॉ. अग्रवाल ने यह भी बताया कि रक्तदान से तीन जिंदगी बचाई जा सकती हैं। तथा स्वंय का शरीर भी स्वस्थ रहता है। कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। आज के रक्तदान शिविर में अभय सिंह, उमेश यादव, जितेन्द्र सिंह, अंनत सिंह, अशोक सिंह, पंकज तिवारी, अनुराग मिश्रा सहित लगभग 25 लोगो ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगे. डॉ. डी. सी. ठाकुर, अपर निदेशक डॉ. कामेश्वर सिंह एवं चिकित्सालय के चिकित्सक एवम ब्लड बैंक टेक्निशियन उपस्थित रहे।

# सुरक्षा, समृद्धि और सुशासन यूपी की नई पहचान : शलभ

### लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का जिला पंचायत सभागार में हुआ सजीव प्रसारण

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का शुभारंभ किया,जिसका सजीव प्रसारण जिला पंचायत सभागार में किया गया। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के अंतर्गत जनपद में 930 करोड़ रुपये का निवेश होगा, जिससे लगभग पांच हजार लोगों को रोजगार मिलेगा।

इस अवसर पर सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं। सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन उत्तर प्रदेश की नई पहचान है। एफडीआई पॉलिसी से विदेशी निवेशक आकर्षित हुए हैं और बड़ी मात्रा में निवेश कर रहे हैं। प्रदेश एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेस-वे का जाल बिछा है। इस समय यूपी में



देश में सर्वाधिक 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट क्रियाशील हैं और एक निर्माणाधीन है। 1100 किलोमीटर लंबे हल्दिया-वाराणसी जलमार्ग से प्रदेश की पहुंच समुद्र मार्ग तक हो गई है। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की इन्वेस्टर फ्रेंडली नीतियों के चलते निवेश का अच्छा प्लेटफार्म मौजूद है। प्रदेश की आबादी उद्योगों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराती है। विद्युत व्यवस्था में व्यापक सुधार हुए हैं। जनपद में निवेश का बेहतर परिवेश उपलब्ध है। उद्यमियों को इसका लाभ उठाना चाहिए। जनपद में 10 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाले प्रमुख उद्यमों में श्री शक्ति एसोसिएट्स, उत्कर्ष फीड, मां दुर्गा फ्लोर मिल, स्वास्तिक कंस्ट्रक्शन, गणपति सॉल्वेंट उद्योग, वंशी फूड, श्याम बेवरेजेज शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुल 313 एमओयू शामिल है जो पशुपालन, सहकारिता, मत्स्य पालन, टेक्निकल एजुकेशन, पर्यटन, मेडिकल एजुकेशन, उद्यान एवं एमएसएमई से संबंधित हैं।

### तहसील सभागार में हुआ सजीव प्रसारण

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण के उद्घाटन कार्यक्रम का लाइव प्रसारण तहसील सभागार देवरिया में किया गया। लाइव प्रसारण में उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्राउंड बेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 10 लाख करोड़ रुपये की 14 हजार निवेश परियोजनाओं का शुभारम्भ किया है, जिससे उत्तरप्रदेश में 34 लाख से अधिक लोगो को रोजगार मिलेगा और उत्तरप्रदेश के विकास को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में निवेशक निर्भीक रूप से निवेश करके प्रदेश के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहे है। इस अवसर पर उपस्थित नायब तहसीलदार नवीन त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

## फंदे से लटककर युवक ने की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

### अहिरौली क्षेत्र के मुंडेरा बाबू गांव का मामला



अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा बाबू में सोमवार को एक 22 वर्षीय युवक ने फंदे से लटकर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर आवश्यक कार्यवाई में जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुधीर कुमार पुत्र रमेश प्रसाद उम्र 22 वर्ष सोमवार की सुबह अपने घर से चाय नाश्ता करने के बाद गांव में ही दूसरे जगह स्थित अपने पुराने मकान के कमरे में गया और रस्सी का फंसरी बनाकर छत की कुंडी से लटककर आत्महत्या कर लिया। परिजन जब वहां पहुंचे तो देखा कि सुधीर कुमार फंसरी से लटका हुआ था। आननफ़ानन में परिजन उसका दाह संस्कार करने के लिए शमशान घाट ले गए तभी किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दे दिया। सूचना मिलते ही अहिरौली बाजार थानाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, उप निरीक्षक उमेश कुमार, उपनिरीक्षक चन्दन प्रजापति, कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर स्थानीय थाने में लाकर विधिक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया भेज दिया।

# राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में ओवर आल चैंपियन को डीएम ने किया सम्मानित

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** 34वें राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीडा प्रतियोगिता एवं शैक्षिक समारोह वर्ष 2023-24 का आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, साई कानपुर रोड लखनऊ में 15 फरवरी से 17 फरवरी तक संपन्न हुआ। जिसमें गोरखपुर मंडल 184 अंक पाकर ओवर ऑल स्टेट चैंपियनशिप बना। गोरखपुर मंडल के चार जिलों में कुशीनगर जनपद 76 अंक प्राप्त कर अव्वल रहा।

सोमवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के द्वारा ओवर ऑल चैंपियन प्राथमिक स्तर बालिका अस्मिता चौहान, 50 मीटर, 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़ में विद्यालय बबुइया हरपुर विशुनपुरा के बालिका ने पूरे प्रदेश में अव्वल स्थान प्राप्त किया जिसका जिलाधिकारी व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य द्वारा सम्मानित किया गया। साथ में



विजय कुमार राय प्रधानाचार्य राजकीय विद्यालय मनीकौरा, विशुनपुरा खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र बहादुर सिंह, सत्येंद्र पांडे, आशीष मिश्रा, मुकेश नारायण मिश्रा के द्वारा आशिर्वाद प्राप्त हुआ। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में श्रीमती अंकिता सिंह खेल नोडल कुशीनगर एवं अनिल कुमार मिश्रा जिला व्यायाम शिक्षक कुशीनगर, जिला व्यायाम शिक्षिका रेनू बाला सिंह के नेतृत्व में जनपद कुशीनगर ने मंडल में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद कुशीनगर का मान सम्मान बढ़ाया। साथ में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में टीम कोच एवं टीम प्रभारी क्षेत्रीय व्यायाम शिक्षक मदन प्रसाद यादव शंकर दयाल पाठक, शाहिद अनवर, वरुण प्रताप सिंह, राजेश यादव, प्रमोद जायसवाल, भास्कर प्रताप नारायण सिंह, संगीता राय, सबा परवीन, शालिनी जायसवाल, पवन कुमार, दीपक कुमार, धर्मेंद्र कुमार एवं समस्त कार्यालय स्टाफ ने प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों एवं साथ में गए टीम कोच, मैनेजर को बधाइयां दी।

## कुकर्मी को मिली दस वर्ष की सजा

**कुशीनगर।** विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट नंबर एक की अदालत ने करीब दस वर्ष पूर्व एक कुकर्मी को दस वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 35 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित भी किया। अभियुक्त सजा दिलाने में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। करीब दस वर्ष पूर्व रामकोला थाना क्षेत्र के टेकुआटार अधियरा टोला निवासी एक अभियुक्त द्वारा अप्राकृतिक दुष्कर्म किया गया था जिसमें पुलिस ने पाकसों एक्ट के तहत केस दर्ज कर सजा दिलाने में जुट गई। स्थानीय पुलिस व मॉनिटरिंग सेल के द्वारा प्रभावी पैरवी किया गया, जिसके फलस्वरुप न्यायालय द्वारा सोमवार को अभियुक्त मैनेजर पुत्र हदीस निवासी टेकुआटार अधियरा टोला थाना रामकोला जनपद कुशीनगर के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाकर अपराध सिध्द करते हुए उपरोक्त अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 35,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियुक्त को सजा दिलाने में विवेचक उ.नि. विजय शंकर पाण्डेय व अभियोजन अधिकारी एसएसपी फूलबदन व अजय गुप्ता विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट नं0- एक जनपद कुशीनगर, पैरोकार यशवंत चौहान थाना रामकोला का सराहनीय योगदान रहा है।

# मोतीचक में सीएचओ का पता नहीं, कागजों में चल रहा केंद्र

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** विकास खंड मोतीचक में सीएचओ की मनमानी चरम पर है। मोतीचक में कुल 13 सीएचओ विभिन्न जन आरोग्य केंद्रों पर तैनात हैं, लेकिन हकीकत है यह है कि ग्रामीणों को सीएचओ के बारे में कोई जानकारी नहीं है। कागजों में जन आरोग्य केंद्र संचालित हो रहे हैं। जबकि इनकी जिम्मेदारी है कि प्रत्येक दिन केंद्र पर रहकर गैर संचारी रोगियों की स्क्रीनिंग करें और गंभीर रोगियों की रिपोर्ट चिकित्सकों को देकर उनका उपचार सुनिश्चित कराएं लेकिन ऐसा नही हो रहा है। बता दें कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों की सेहत दुरुस्त रखने की दिशा में कई योजनाएं संचालित करा रही है, लेकिन जिम्मेदारों की उदासीनता से




मोतीचक गांव में उपकेंद्र पर लटक रहा ताला

लोगों तक सुविधा नहीं पहुंच रही है। ग्राम पंचायत अरकपुर के मोतीचक उपकेंद्र में जन आरोग्य केंद्र संचालित होता है। सोमवार को पड़ताल में केंद्र बंद पाया गया। गांव के आधा दर्जन लोगों ने बताया कि एएनएम व आशा ही गांव में आती हैं जबकि सीएचओ का पता नही रहता है, हमेशा केंद्र बंद रहता है। महीने में कभी टीकाकरण होता है तो केंद्र खुलता है लेकिन उसके बाद से ही बंद रहता है। हल्के रोग के उपचार के लिए भी सीएचसी तक दौड़ लगानी पड़ती है। आशा और एएनएम से रोगियों की सूची लेकर सीएचओ सिर्फ कागजों में स्क्रीनिंग कर रही हैं। उधर सीएचओ साधना से पूछा गया तो

**महीने में टीकाकरण के दिन ही खुलता है उपकेंद्र**

**आशा व एएनएम से रोगियों की सूची लेकर कागजों में कर रही है स्क्रीनिंग**

उन्होंने बताया कि केंद्र हमेशा खुलता है। मैं सीएचसी मथौली टीए डीए फार्म लेकर जा रहा हूं। इस संबंध में सीएचसी प्रभारी मोतीचक डॉ राजेश कुमार मद्धेशिया ने कहा की जिन केंद्रों पर सीएचओ अनुपस्थित मिल रहे उनके खिलाफ नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा जा रहा है। जबकि उक्त उपकेंद्र पर गांव के लोगों द्वारा पशु बांधने व गोबर रखने की जानकारी है उन लोगों के खिलाफ भी कार्यवाई की जायेगी।

अवधनामा



# कड़ी सुरक्षा में केंद्रों पर पहुंचेंगे प्रश्नपत्र 22 फरवरी से शुरु होगी परीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट 2024 की 22 फरवरी से जिले के 122 केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षाएं शुरु हो रही हैं। यूपी बोर्ड प्रयागराज की ओर से जिले में प्रश्नपत्र पहुंच चुका है। जिसे संकलन केंद्र शहर के जी.आई.सी में पुलिस के पहरे में रखवाया गया है। डी.आई.ओ.एस रविशंकर ने बताया कि सोमवार से पुलिस की कड़ी सुरक्षा में प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्रों पर भेजा जाएगा। परीक्षा केन्द्रों पर बने स्ट्रांग रूम में लोहे की डबल लॉक अलमारी में पेपर रखे जाएंगे। जो सी.सी.टी.वी कैमरे की निगरानी में होंगे। वहां पर सुरक्षा व्यवस्था मुकम्मल रहेगी। परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि बोर्ड के आदेश पर डी.आई.ओ.एस



ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सोमवार को जी.आई.सी स्थित स्ट्रांग रूम से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के प्रश्नपत्रों को परीक्षा केन्द्रों पर भेजा जाएगा। प्रश्नपत्रों के पहुंचने के पहले स्ट्रांग रूम से सम्बंधित समस्त आवश्यकताएं डबल लॉक युक्त दो आलमारी, सीसीटीवी कैमरा आदि ठीक करा लें। तथा प्रश्नपत्रों के पहुंचने की सूचना बाह्य केन्द्र व्यवस्थापकों एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेटों को अवगत कराते हुए टीमों की उपस्थिति में ही स्ट्रांग रूम में रखना सुनिश्चित करें। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए सभी केन्द्र व्यवस्थापक अपने स्तर से सम्बंधित थाने से सशस्त्र पुलिस बल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर लें। यूपी बोर्ड के आदेश के अनुपालन में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने परीक्षा के प्रश्नपत्रों शील्ड कार्टून बाक्सों को राजकीय इण्टर कॉलेज के स्ट्रांग रूम से परीक्षा केन्द्रों तक पुलिस की अभिरक्षा में पहुंचाने के लिए सोमवार को सुबह सात बजे से पहले जीआईसी पर उपस्थित होने का निर्देश राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रवक्ताओं और परिचारकों को दिया था। इसमें 33 प्रधानाचार्यों, प्रवक्ताओं, सहायक अध्यापकों, परिचारकों की ड्यूटी लगी है। इसमें आठ प्रधानाचार्य, चार प्रवक्ता, 10 परिचारक 11 सहायक अध्यापकों को शामिल किया गया है।

## यूपी में बिजनेस कल्चर का तीव्रता के साथ हुआ विस्तार

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के अंतर्गत यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर सबमिट कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एलसीडी टीवी लगाकर देखा गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को सुना गया। इस अवसर डॉ एलएस ओझा, जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी एंव पार्षद भोला तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उद्योग के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश में क्राइम कम हुआ है और बिजनेस कल्चर का तीव्रता के साथ विस्तार हुआ। उत्तर प्रदेश में व्यापार विकास और विश्वास का माहौल बना है। जिसके कारण देश दुनिया के बड़े व्यापारी उत्तर प्रदेश में निवेश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश समृद्धि की ओर बढ़ रहा है और निश्चित रूप से विकसित भारत सबसे बड़ी भूमिका विकसित उत्तर प्रदेश निभाएगा। कार्यक्रम के संयोजक सचिन जायसवाल रहे संचालक मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ने किया।

# बच्चों को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अभिभावकों का रोल: राजकिशोर

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद के विकास खंड चित्तौरा अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुर जोत युसूफ में आज वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी चित्तौरा राजकिशोर और खंड शिक्षा अधिकारी नगर महेंद्र यादव ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिनमे सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ कार्यक्रम की शुरुवात हुई। बच्चों द्वारा स्कूल चलो, आज है संडे जैसे गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति की गई। वहीं नशामुक्ति पर आधारित नाट्य प्रस्तुति आकर्षक का केंद्र बनी। विद्यालय की ओर से तीन अभिभावकों समेत प्रतिभागी बच्चों को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर



- उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुरजोत यूसुफ में हुआ वार्षिकोत्सव का आयोजन

ने इस मनमोहक कार्यक्रम को सफल रूप से आयोजित करवाने के लिए विद्यालय के समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से स्कूल नहीं आने वाले बच्चो को भी विद्यालय आने की ललक जागेगी और उनको भी कुछ करने का एहसास होगा।इस दौरान कार्यक्रम में आने वाले अभिभवकों से अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता तभी







संभव है जब आपका नौनिहाल विद्यालय आएगा इसीलिए प्रत्येक दशा में अपने बच्चो को स्कूल जरूर भेजें।क्योंकि बच्चो को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में अभिभावकों का बहुत अहम रोल होता है।इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधान निजामुद्दीन पूर्व प्रधान मंतशा,पूर्व प्रधानाध्यापिका नफीसा बेगम एआरपी भानु मिश्रा वीरेंद्र कुमार इंचार्ज प्रधानाध्यापिका शशि कला पाण्डेय मोहित मिश्रा स्कूल प्रबंध समिति अध्यक्ष जौहर आलम समेत विद्यालय के अध्यापक, अभिभावक व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में मुरादाबाद ने गोरखपुर को किया पराजित

- बहराइच ब्लू एवं मुरादाबाद के बीच कल होगा मुकाबला इंदिरा स्टेडियम में होगा खेल

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में अंडर-19 देवीपाटन चैलेंज कप राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में आज पांचवे दिन डीएसए मुरादाबाद एवं एमसीए गोरखपुर के बीच मुकाबला खेला गया7 सुबह टॉस जीतकर गोरखपुर के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया निर्धारित 35 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर गोरखपुर टीम 131 रन बना पाई। गोरखपुर की तरफ से आकाश ने 31 रन एंव ऋषभ ने 23 रनों का योगदान दिया। मुरादाबाद की तरफ से आकाश ने 03, तुषार एवं आकाश( द्वितीय) ने 2-2 विकेट लिए । 131 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए मुरादाबाद की टीम ने 21 ओवरों में 2 विकेट के नुकसान पर 135 रन बना कर 8 विकेट से यह मुकाबला जीत लिया। मुरादाबाद टीम की तरफ से मनी चौधरी ने नाबाद 69 रन एवं उस्मान ने 34 रनों का योगदान दिया। गोरखपुर की तरफ से शहंशाह एवं ऋषभ ने 1-1 विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच मनी चौधरी को रहे। आज के मैच में मनीष बंसल एवं नीरज शुक्ला की निर्णायक भूमिका रही। आशुतोष बाजपेई स्कोरर रहे व मैच का आंखों देखा हाल गोविंद चौहान ने सुनाया। इस अवसर पर इशरत महमूद खान, चांद क्रिकेटर, हरेंद्र वेदवान , रेहान, अटल सिंह, आयुष चित्रांश अभिषेक शुक्ला, मनीष सिंह गौतम तरफदार, कुशमेंन्द्र सिंह एवं अन्य क्रिकेट प्रेमी मौजूद रहे।कल का मुकाबला बहराइच ब्लू एवं मुरादाबाद के बीच इंदिरा स्टेडियम बहराइच में खेला जाएगा।

## जनपद के 114 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी बोर्ड परीक्षा 2024

**बहराइच।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा 2024 को शुचिता पूर्ण वातावरण में नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिले में 114 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। जिले में 22 फरवरी से 09 मार्च 2024 तक सम्पन्न होने वाली बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 में 21415 बालक व 15989 बालिका कुल 37404 परीक्षार्थी हाईस्कूल तथा 16546 बालक व 11106 बालिका कुल 27652 परीक्षार्थी इण्टरमीडिएट परीक्षा में सम्मिलित होंगे। यह जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र देव ने बताया कि 114 परीक्षा केन्द्रों को तहसीलवार 06 ज़ोन व 24 सेक्टर में विभाजित कर प्रत्येक के लिए ज़ोनल, सेक्टर व स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। परीक्षा की शुचिता बनाये रखने हेतु प्राचार्य डायट, बीएसए, डीआईओएस तथा 03 राजकीय प्रधानाचार्यों के नेतृत्व में कुल 06 सचल दल का गठन किया गया है।

# पत्रकार एसोसिएशन ने की अग्नि पीड़ित परिवार की मदद

- विधायक ताहिर खां ने परिवार को तत्काल राहत के लिए भेजा आर्थिक राशि

अवधनामा संवाददाता

**कुड़वार, सुल्तानपुर।** विकास खंड के उतमापुर गांव में गरीब राम कृपाल यादव के आशियाने में लगी आग के मामले में पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष कुड़वार इकाई के अध्यक्ष उदय प्रकाश मिश्रा ने पीड़ित परिवार के मदद के लिए हाथ बढ़ाया है।उदय प्रकाश मिश्रा कुड़वार ब्लॉक अध्यक्ष ने भूखे पेट सो रहे परिवार को भोजन का प्रबंध करवाया। पत्रकार ऐशोसिएशन अध्यक्ष बोले-पीडित राम कृपाल यादव के सात बच्चों समेत कुल नौ सदस्य खुले आसमान में भूखे सो रहे थे। पीड़ित परिवार से बात की तो



स्तब्ध रह गए। अध्यक्ष ने तत्काल भोजन की व्यवस्था कराई तथा इसौली विधायक ताहिर खां से पीड़ित परिवार से बात कराया।


विधायक ताहिर खां बोले-पीडित परिवार को तत्काल राहत के लिए तीन हजार रुपए भेज रहा हूं। बाकी अधिकारियों से बात करके तथा संभव सहायता पहुंचाने की बात करता हूं। पत्रकार ऐशोसिएशन के ब्लॉक कुड़वार अध्यक्ष उदय प्रकाश मिश्रा, जिला कार्यकारिणी के सदस्य नितेंन विश्वास व दूसरे साथी पत्रकार सोमवार को थाना कुड़वार के प्रभारी निरीक्षक गौरी शंकर पाल के साथ परिवार से मुलाकात कर दैनिक उपयोग की सहायता किट भेंट किया। उन्होंने पीड़ित परिवार को साथ दुख की इस घड़ी में हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया।

## संक्षिप्त समाचार

### 4 खण्ड शिक्षा अधिकारी गैर जनपद हुए स्थानांतरित

**सुल्तानपुर।** जनपद में कार्यरत रहे चार एस डी आई का गैर जनपद स्थानांतरण हुआ है। उसमे चर्चित खण्ड शिक्षा अधिकारी मनोजीत राव का गोरखपुर स्थानांतरण हुआ है।विपुल कुमार उपाध्याय का भी गोरखपुर,अरविंद बहादुर सिंह का बहराइच एवं शिखा मिश्रा का जौनपुर स्थानांतरण हुआ है। गैर जनपद के 2 खण्ड शिक्षा अधिकारी का सुल्तानपुर स्थानांतरण हुआ है। मथुरा के खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार मिश्रा एवं आजमगढ़ की पूजा पाठक का सुल्तानपुर स्थानांतरण हुआ है।कार्यालय शिक्षा निदेशक (बेसिक) उत्तर प्रदेश,प्रयागराज ने स्थानांतरित खण्ड शिक्षा अधिकारियों की सूची जारी की है।

### विनियमित क्षेत्र कार्यालय का निरीक्षण



**सुल्तानपुर।** नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र/एसडीएम के अचानक निरीक्षण से विनियमित क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विभागीय बाबू अभिजीत सिंह मौके से नदारद मिले। उन्हे तत्काल फोन कर बुलाया गया। कार्यालय में फाइलों के बिखरे रखरखाव, रजिस्टर मेनटेन न होने, साफ सफाई न होने सहित तमाम खामियों पर एसडीएम सी पी पाठक भड़क गए,उन्होंने कर्मचारियों को सख्त हिदायत दी। कई दिनों से विनियमित क्षेत्र कार्यालय चर्चा का विषय बना हुआ था। उन्होंने कार्यालय के ऊपर भवन निर्माण के लिए तत्काल प्रपोजल भेजने के निर्देश दिए। हमेशा कूल रहने वाले एसडीएम सी पी पाठक अव्यवस्था देख नाराज नजर आए।

### हर्ष फायरिंग में टेंट व्यवसाई की हुई मौत

**सुल्तानपुर,लंभुआ।** कोतवाली क्षेत्र के बेदूपारा गांव में हर्ष फायरिंग मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। नामजद अभियुक्त हेमंत कुमार सिंह उर्फ मीनू सिंह निवासी सुरुआरपुर थाना आसपुर देवसरा जिला प्रतापगढ़ को आलाकत्ल लाइसेंसी रिवाल्वर, 3 जिंदा कारतूस एक खोखा, घटना में प्रयुक्त वैगनार कार समेत गिरफ्तार कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी के अनुसार उसे उपनिरीक्षक जसवीर सिंह ने पुलिस बल के सहयोग से नरहरपुर रेलवे क्रासिंग से गिरफ्तार किया है। 13 फरवरी की रात हर्ष फायरिंग में टेंट मालिक हेमंत मिश्रा निवासी कादीपुर खुर्द की पेट में गोली लगने से मौत हुई थी।

### करोड़ों के बिजली बिल घोटाले के कई शातिर बाबू और अधिकारी बचे

**सुल्तानपुर।** शासन स्तर से हुई बिजली घोटाले में कार्यवाहीं से जहा प्रदेश भर के विधुत महकमे के कर्मचारियों में हड़कम्प मचा हुआ है।वही सुल्तानपुर में भी इसकी बानगी देखने को मिल रही है। कई वितरण खण्ड के कर्मचारी और अधिकारी तो भेट चढ़े,लेकिन उन्ही के कार्यालयों में तैनात कई भ्रष्टाचार करने वाले बाबू अपने को साफ सुथरे ईमानदार बता रहें हैंजिस पर प्रबंधन की टेढ़ी निगाह जमी है। जानकारो की माने तो भ्रष्टाचार में निलंबित ना हुए कर्मचारियों के कार्यकाल की हो अगर जॉच तो करोड़ों रुपए के घोटालों का जिन्न निकलेगा। आखिर प्रबंधन कुम्भ कर्ण की नीद से कब जागेगा, आखिर कब बड़े भ्रष्टाचारियों पर कार्यवाही होगी। वही सूत्र बताते है की विद्युत वितरण खण्ड प्रथम, लंभुआ, बल्दीराय, जयसिंहपुर में अभी भी बड़े भ्रष्टाचारी बाबू और अधिकारी बचे हुए हैं। जिन पर कोई बड़ी कार्यवाही नही हुई।आखिर कौन सी बाबू और अधिकारी के पास जादू की छड़ी है। जिसे देख कर विभाग के बड़े अधिकारी मौन हो हो जाते है।

# संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का संलेखना पूर्वक समाधि

- जन -जन के संत थे युगदृष्टा आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज
- आचार्य श्री का त्याग व तपस्या थी अतुलनीय
- आचार्य श्री विद्यासागर जी को याद कर प्रधानमंत्री मोदी भावुक
- मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में आधे दिन का शोक घोषित किया

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** दिगम्बर जैन परम्परा के सर्वमान्य संत शिरोमणि आचार्य भगवन विद्यासागर महाराज ने 77 वर्ष की आयु में छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में श्री दिगंबर जैन तीर्थ चंद्रगिरि में तीन दिन के उपवास पूर्वक 17 और 18 फरवरी की मध्यरात्रि में 2:30 पर समाधि पूर्वक नश्वरदेह को त्याग दिया है । उनकी साधना अद्वितीय थी।

आचार्य विद्यासागर महाराज के ब्रह्मलीन होने की खबर मिलते ही पीएम नरेंद्र मोदी ने दुःख व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है। पीएम ने लिखा कि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी का ब्रह्मलीन होना देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। लोगों में आध्यात्मिक जागृति के लिए उनके बहुमूल्य प्रयास सदैव स्मरण किए जाएंगे। वे जीवनपर्यंत गरीबी उन्मूलन के साथ-साथ समाज में स्वास्थ्य और शिक्षा को बढ़ावा देने में जुटे रहे। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे निरंतर उनका आशीर्वाद मिलता रहा।

आचार्य श्रेष्ठ 108 विद्यासागर महाराज का जन्म 10 अक्टूबर सन् 1946 को शरद पूर्णिमा के दिन कर्नाटक प्रान्त के बेलगांव के सदलगा में हुआ था। आचार्य श्री ने बालब्रह्मचर्य की साधना करते हुए मात्र 22 वर्ष की युवा अवस्था में राजस्थान प्रांत के अजमेर शहर में 30 जून सन् 1968 को गुरुदेव आचार्यश्री ज्ञानसागर जी महाराज से निर्ग्रन्थ दिगम्बर दीक्षा ग्रहण की थी ।आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर जी महाराज देवलोक गमन से पूरे देश के श्रद्धालु अश्रुपूरित हैं। वर्ष 2018 में आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का मंगल पदार्पण ललितपुर में हुआ तो उनकी अगवानी के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा था।आचार्य श्रेष्ठ की समाधि मरण पर नगर के प्रमुख लोगों ने अपने-अपने विचार रखकर गुरू महिमा को बताया।

स्याद्वाद सेवा संघ ललितपुर के अध्यक्ष सत्येंद्र जैन गदयाना का कहना है कि आचार्य श्री मात्र जैनों के ही नहीं जन-जन के संत थे।इनकी प्रेरणा से हजारों गौवंश की रक्षार्थ आज दयोदय गौशालाएं संचालित हो रही हैं।आचार्य श्रेष्ठ का संदेश था कि घी की नहीं गाय की रक्षा करो।आचार्य श्री का सपना था भारत पुनः भारत बने।

तीर्थक्षेत्र कमेटी उत्तर- प्रदेश उत्तराखंड के मंत्री डॉ0 सुनील जैन संचय ललितपुर का कहना है कि शताब्दियों में होते हैं ऐसे विराट, बेमिशाल,अद्भुत व्यक्तित्व।श्रमण संस्कृति का सूर्य ! ऐसे युगदृष्टा शताब्दियों सहस्राब्दियों में कभी कभार जन्म लेते हैं परम पूज्य जैन दिगम्बर आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के विचार प्रकाश स्तंभ बनकर सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। समाधी नमन !

**धर्मोपदेशक एवं राष्ट्रीय चिंतक थे आचार्य श्री: जितेंद्र जैन**

जैन शिक्षक सामाजिक समूह के ल के अध्यक्ष जितेंद्र जैन राजू का कहना है कि धर्म,दर्शन विज्ञ, साहित्यकार, आध्यात्मिक प्रवचनकार भारतीय संस्कृति के मर्मज्ञ,राष्ट्रीय चिंतक, तपस्वी साधक आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज की चर्या का गुणगान भारतवासी तो करते ही हैं, उनके अनुयायी विदेश में गुणानुवाद करते हैं। उनके जाने से हम अनाथ हो गए।

## गुलशन व दीपक के बदौलत सी सहायक ने जीता उद्घाटन मैच

**प्रयागराज।** सी सहायक क्रिकेट क्लब ने जेड एम आर आटा, न्यू स्टार डेरी, आरिफ ब्रॉडबैंड एवं जिनेवा इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से आयोजित सयैद अहमद जाफरी स्मारक टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में विराट स्पोर्ट्स क्लब को आठ विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए है। विजेता टीम के गुलशन वर्मा के हरफनमौला प्रदर्शन ( 74 नाबाद, 49 गेंद, छह चौके, छह छक्के एवं 4 - 0 - 18 - 3) और दीपक कुशवाहा की सटीक गेंदबाजी ( 4 - 0 - 10 - 4 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई है।

सोमवार को दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट स्पोर्ट्स क्लब ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 123 रन ( सूर्य प्रकाश सिंह 30, शुभम बिन्द 21, आदित्य पाल 19, अनुराग यादव 14 रन, दीपक कुशवाहा 4/10, गुलशन वर्मा 3/18 ) पर बनाए। जवाब में सी सहायक क्रिकेट क्लब की टीम ने 14.4 ओवर में दो विकेट खोकर 128 रन ( गुलशन वर्मा 74 नाबाद, अजय साहू 38 अविजित रन, सूर्य प्रकाश सिंह 1/17, शिवम प्रजापति 1/ 37 ) पर बना लिए। मैच से पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन अजहर अब्बास जाफरी (यूपी पुलिस) व जमीलूर रहमान प्रधानाचार्य दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने किया, टूर्नामेंट सचिव मजहर अब्बास जाफरी ने मुख्य अथितियों को बुके देकर उनका स्वागत किया, इस दौरान विराट स्पोर्ट्स क्लब के खिलाड़ी विराट बाजपेयी के पिता योगेश बाजपेयी के निधन पर दो मिनट मौन रहकर उनको श्रंद्धाजलि दी गई।

# आचार्यश्री विद्यासागर महाराज को पत्रकारों ने दी विनयांजलि

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** युगदृष्टा, संत शिरोमणि, महामुनिराज आचार्यश्री विद्यासागर जी महाराज के समाधि में लीन होने पर अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में विनयांजलि कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि आचार्यश्री का जन्म 10 अक्टूबर 1946 को कर्नाटक प्रांत के बेलगांव जिले के से लगा गांव में हुआ था। उन्होंने 30 जून 1968 को राजस्थान के अजमेर नगर में अपने गुरू आचार्यश्री ज्ञानसागर महाराज से मुनि दीक्षा लेकर कठोर तपस्या की, जिसको देखकर उन्होंने अपना आचार्य पद सौंपा। आचार्यश्री 1975 में बुन्देलखण्ड आए, जहां वह जैन समाज में भक्ति और समर्पण से वह इतने अधिक प्रभावित हुए कि उन्होंने अपना अधिकांश समय बुन्देलखण्ड में व्यतीत किया। आचार्यश्री ने लगभग 350 से अधिक दीक्षाएं दी, उनके शिष्य पूरे देश में बिहार कर जैन धर्म की प्रभावना कर रहे हैं। आचार्यश्री संस्कृत, प्राकृत सहित विभिन्न भाषाओं हिन्दी मराठी और कन्नड में विशेषज्ञ स्तर का ज्ञान रखते हैं। सौ से अधिक उनके कार्य का मास्टर्स और डाक्टेट के लिए अध्ययन किया है। आचार्यश्री की प्रेरणा से हजारों गाय का संरक्षण गौशाला के माध्यम से हो रहा है। वहीं हजारों बालिकाएं प्रतिभास्थली में संस्कारित हो रही है। यही नहीं हथकरघा, भाग्योदय और पूर्णायु से आम-जन जुडकर लाभान्वित हो रहे हैं। इस दौरान पत्रकारों ने आचार्यश्री के प्रति अपनी विनयांजलि अर्पित की। इस दौरान संरक्षक मण्डल के सदस्य मंजीत सिंह सलूजा, पं. संतोष शर्मा, प्रेस क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू ,कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, पवन संज्ञा, विनीत चतुर्वेदी, सुनील शर्मा, अभय श्रीमाली, संजीव नामदेव, अमित लखेरा, मनोज जैन, बृजेश पंथ, बृजेश तिवारी, शिबू राठौर, सुमित रैकवार, पुष्पा झां, संजू श्रोती, अजितेश शानू भारती, अशोक स्वर्णकार, पंकज रैकवार, सर्वेश तिवारी, दिव्यांश शर्मा, मनीष पाठक, कृष्णकांत सोनी, भगवान सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे संचालन प्रेस क्लब महामंत्री अमित सोनी ने किया।

# अपराजेय साधक आचार्य श्रेष्ठ रहे संयम त्याग की जीवंत प्रतिमूर्ति

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** छत्तीसगढ़-सजय के डोगरग-सजय में जैन जगत के प्रख्यात संत आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महामुनिराज की संलेखना पूर्वक समाधि की खबर से जैन -उचयजैनेतर समाज स्तब्ध है। आचार्य श्री की पहचान अपराजेय साधक के रूप में रही जिन्हें 22 वर्ष की आयु में जैनेश्वरी दीक्षा ग्रहण कर आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज ने 22 नवंबर 1972 को आचार्य पद प्रदान किया। जीवन में संयम की ओर अग्रसर होते हुए आचार्य श्री ने आजीवन चीनी नमक,हरी सब्जी,फल, दही, सूखे मेवे, तेल,अंग्रेजी दवाओं का त्याग किया यही नहीं सीमित ग्रास भोजन सीमित जल और सभी प्रकार के साधनों को त्याग कर उत्कृत साधना के धनी बने। संलेखना कर देह त्यागे वाले जैन मुनि आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ने आचार्य श्री ने लगभग 350 से अधिक दीक्षा दी उनके शिष्य पूरे देश में बिहार कर जैन धर्म की प्रभावना कर रहे हैं। आचार्य श्री की प्रेरणा से हजारों गाय का संरक्षण गौशाला के माध्यम से हो रहा है वहीं हजारों बालिकाएँ प्रतिभास्थली में संस्कारित हो रही है। आचार्य श्री ने राष्ट्र हित में भारतीय शिक्षा पद्धति लागू करने, छात्र-छात्राओं की पृथक पृथक शिक्षा , चिकित्सा व्रूवसाय नहीं सेवा के रूप में अपनाने के लिए समाज को प्रेरित किया। मांस निर्यात को कलंक बताते हुए भारतीय प्रतिभाओं का निर्यात रोकने के लिए समाज का आह्वान किया। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के समाधिस्थ होने से जैन -जैनेतर समाज स्तब्ध है जैन मंदिरों में पूजा अर्चना के माध्यम से भक्तजन कामना कर रहे हैं कि आचार्य श्री विदेह क्षेत्र से मोक्षत्व को प्राप्त हो और उनका सदैव आशीष मिलता रहे।

# ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी सम्मानित हुए निवेशक व उद्यमी



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से प्रदेश की अर्थव्यवस्था के आकार को वन ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने के उद्देश्य से देश तथा विदेशों से पूंजी निवेश आकर्षित करने हेतु माह फरवरी 2023 में प्रदेश में आयोजित हुए यू.पी. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान 34 लाख से अधिक लोगों को रोज़गार के अवसर प्रदान करने के संकल्प के साथ प्रदेश में रू. 10 लाख करोड़ से अधिक धनराशि की निवेश परियोजनाओं के एमओयू साईन किये गये थे। यू.पी. ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के दौरान जिले से 246 एमओयू निवेशकों द्वारा हस्ताक्षरित हुए है। जिनमें से 135 एमओयू ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु तैयार है। इन इकाईयों की स्थापना हो जाने से आकांक्षात्मक जनपद बहराइच में 12436 लोगों को रोज़गार के अवसर मिलने के साथ-साथ उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा।उल्लेखनीय है कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारम्भ-4.0 को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा मा. राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश श्रीमती आनंदीबेन पटेल, मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी, मा. रक्षा मंत्री भारत सरकार श्री राजनाथ सिंह व अन्य गणमान्यजन की गरिमामयी उपस्थित में शुभारम्भ किया गया। प्रदेश में रू. 10.00 लाख करोड़ से अधिक धनराशि के निवेश से 33.50 लाख रोज़गार के अवसर विकसित होंगे। जनपद के रू. 10 करोड़ से अधिक धनराशि के एमओयू साइन करने वाले 60 निवेशकों लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। रू. 10 करोड़ से कम धनराशि एमओयू साईन करने वाले 75 निवेशकों के लिए कलेक्ट्रेट सभागार सहित 05 तहसीलों में आयोजित ग्राउण्ड बेंकिंग सेरेमनी में लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया।

# विकास खण्ड जरवल व कैसरगंज में आयोजित हुआ रोज़गार मेला

- मेले में 325 बेरोज़गार अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** राजकीय आईटीआई, उ.प्र. कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान मे पं. दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य ग्रामीण योजनान्तर्गत विकास खण्ड जरवल एवं कैसरगंज मे रोजगार मेले का आयोजन किया गया। ब्लाक जरवल



में आयोजित रोज़गार मेले 13 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर प्रतिभागी 239 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 164 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। जबकि कैसरगंज में सम्पन्न हुए रोज़गार में सम्मिलित 13 कम्पनियों ने 225 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार करते हुए 161 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। विकास खण्ड सभागार जरवल में आयोजित रोज़गार मेले में मुख्य अथिति सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह के प्रतिनिधि सुनील सिंह, ब्लॉक प्रमुख विपेंद्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत चेयरमैन प्रतिनिधि इंतजार अहमद, बीडीओ अमन वर्मा, प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई सुनील कुमार मिश्रा व पार्टी पदाधिकारी राजन सिंह द्वारा रोजगार मेला में चयनित हुए युवक युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इसी प्रकार ब्लाक सभागार कैसरगंज में आयोजित रोज़गार मेले में मुख्य अथिति ब्लॉक प्रमुख कैसरगंज संदीप सिंह, विशिष्ट अथिति विकास खण्ड अधिकारी कैसरगंज सत्य प्रकाश पाण्डेय व आईटीआई कैसरगंज के कार्यदेशक रामतेज द्वारा रोजगार मेला में चयनित हुए युवक/युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।

# हमीरपुर में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जनपद में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र विधानसभा-228 हमीरपुर एवं विधानसभा- 229 राठ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन दिनांक-19.02.2024 अपरान्ह-12:30 बजे किया गया है। विधानसभा-228 हमीरपुर में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी4.0 का आयोजन भारत रत्न डा. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट हमीरपुर में किया जाना है एवं विधानसभा-229 राठ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन तहसील राठ के परिसर में किया गया है। उक्त कार्यकर्मों में जनपद-लखनऊ में प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, लखनऊ (उ.प्र.) में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का उद्घाटन किया जाना है जिसका सजीव प्रसारण जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0, हमीरपुर में आगंतुकों को दिखाया गया। उक्त कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि में अध्यक्ष, जिला पंचायत हमीरपुर, विधायक सदर एवं सांसद राज्य सभा एवं विधायिका, राठ के प्रतिनिध की गरिमामयी उपस्थिति रही। अधिकारीगण में जिलधिकारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, डी.आर.डी.ए., उपायुक्त उद्योग एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निवेशक जिन्होंने जनपद में रु.- 10 करोड़ से कम के निवेश किये है एवं जी.बी.सी. रेडी है एवं अधीकरिगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। जनपद हमीरपुर में अब तक 59 निवेशकों द्वारा कुल निवेश 1243 करोड़ किया गया है। जिसमे से रु- 10 करोड़ से अधिक निवेशक कुल 24 है जो जनपद लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 प्रतिभाग करेंगे एवं शेष 35 निवेशक जिन्होंने रु.- 10 करोड़ से कम जनपद में निवेश किया है उनके द्वारा जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 (डा. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम सभागार, कलेक्ट्रेट हमीरपुर) में प्रतिभाग किया गया एवं एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का समापन प्रधानमंत्री के संबोधन के साथ हुआ।

## सड़क हादसे में दो गंभीर रूप से घायल

**राठ हमीरपुर।** कस्बे के सैना नहर के पास तेज रफ्तार टैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्ति सड़क पर गिरकर घायल हो गये। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के लींगा गाँव का निवासी ब्रजेन्द्र सिंह पुत्र ईश्वरदास जो कि अपने साथी किशन सिंह के साथ मोटरसाइकिल से कस्बा राठ आये हुए थे। तभी रास्ते में राठ कस्बा के सैना नहर के पास तेज रफ्तार एक टैक्टर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार ब्रजेन्द्र सिंह और किशन सिंह सड़क पर गिरकर घायल हो गये। जिन्हें मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल इलाज हेतु राठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

# छात्रा की आत्महत्या मामले में दो पर मामला दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**राठ हमीरपुर।** कस्बे के चरखारी रोड सिकंदरपुरा मोहल्ले में 14 दिन पहले एक कक्षा 11वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पिता ने स्कूल के दो युवकों पर पुत्री की फोटो खींच कर ब्लैकमेल कर उसे आत्महत्या के लिए उसकाने का आरोप लगाया था। पुलिस ने पिता की तहरीर पर दो छात्रों पर मुकदमा दर्ज किया है। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी सियाराम पुत्र लल्लू ने बताया कि उसका एक मकान जलालपुर रोड पठानपुरा में है। वह दोनों मकानों में आता जाता रहता है। पांच फरवरी को वह अपनी पत्नी सुनीता के साथ जलालपुर रोड पठानपुरा मोहल्ले में गया था। इस मकान में उसकी 16 वर्षीय पुत्री आकाशी जो कस्बे के जीआरवी इंटर कालेज में कक्षा 11वीं की छात्रा और मां शिवप्यारी थे। बताया कि उसकी पुत्री की स्कूल के ही इंटरमीडिएट के छात्र यशेंद्र पुत्र हरीसिंह निवासी जराखर थाना मझगवां के साथ दोस्ती हुई। यशेंद्र ने अपने साथी अजय पुत्र मूलचंद्र निवासी अमूंद थाना जरिया के साथ उसकी पुत्री की फोटो खींच ली। बताया कि फोटो के आधार पर उक्त युवक उसकी पुत्री को ब्लैकमेल करने लगे। जिससे उसकी पुत्री परेशान रहने लगी। उसने अपनी मां को सारी जानकारी दी। जब उसकी पत्नी ने कहा कि उक्त लड़कों के घर शिकायत करवा देंगे और उक्त लड़कों से दूर रहना। बताया कि उसकी पुत्री रोज की तरह स्कूल जाने लगी।

## ताला तोड़कर चोरों के नकदी और सामान किया पार

**राठ हमीरपुर।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाओं का सिलसिला जारी है। चोरी की घटनाओं में अंकुश न लगने पर लोगों में दहशत व्याप्त है। रविवार की रात कस्बे के व्यस्ततम अंबेडकर चौराहा पर स्थित पान वाटिका की दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने सामान व नगदी पार कर दी है। पीड़ित दुकानदार ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी राजू खरे ने बताया कि वह व्यस्ततम अंबेडकर चौराहे के पास सोनी धर्मशाला के बगल में खरे पान वाटिका के नाम से दुकान किए हैं। रविवार की रात 10:30 बजे वह दुकान बंदकर घर चला गया। तभी देर रात चोरों ने दुकान की शटर का ताला तोड़कर सिगरेट, गुटका सहित 10 हजार रुपए का सामान, डेढ़ लाख रुपये नगदी और 21 सौ फुटकर रुपए चोरी करके ले गए।

## स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस प्रशिक्षण का आयोजन

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त रूप से सहयोग के द्वारा चार दिवसीय प्रशिक्षण ÷स्कूल हेल्थ एण्ड वेलनेस कार्यक्रम 7 के अन्तर्गत प्रशिक्षण कराया जा रहा हैं। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालयों और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक प्रतिभाग कर रहे हैं। प्रशिक्षण की प्रशिक्षक (संन्दर्भदाता) नेहा सिंह प्रा.वि. विगहना,ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ज्ञान बढ़ाने, सकारात्मक दुष्टिकोण विकसित करना, 10-19 वर्ष आयुवर्ग के बच्चों के बीच सूचिट, जिम्मेदार और स्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए जीवन कौशल का निर्माण करना हैं। ये प्रशिक्षण 4-4 दिवसीय 4 बैच में सम्पन्न होगा प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग के दो प्रशिक्षक और शिक्षा विभाग की ओर से एक प्रशिक्षक को नियुक्त किया गया है।

# मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग पर की गयी समीक्षा

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पोर्टल के अनुसार प्राप्त ग्रेडिंग के संबंध में एक आवश्यक बैठक जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डाएपीजे अब्दुल कलाम सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से प्राप्त विभिन्न विकास कार्यो/योजनाओं की प्रगति की रैकिंग व ग्रेडिंग के अनुसार विभागवार समीक्षा की, जिसमें खराब रैकिंग पाए जाने पर डी.सी.एन. आर.एल.एम. एवं एल.डी.एम. का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास में खराब प्रगति होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए दिए गए लक्ष्यों के सापेक्ष शतप्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड योजना सरकार व आम जनता के विश्वास को बनाये रखने के लिये लांच किया गया हैं। इसमें सभी सम्बन्धित विभागो की मासिक रैकिंग और ग्रेडिंग से प्रदर्शन का मूल्यांकन किया जाता हैं। सभी विभाग प्रत्येक दशा में अपने द्वारा किये गये कार्यो एवं प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पोर्टल पर समय से अवश्य फीड कर दें। जनपद की किसी भी पैरामीटर में रैंक प्रभावित न होने पाए इसके लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न योजनाओं कार्यक्रमों का अच्छे ढंग से क्रियान्वयन किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों यथा उद्योग विभागविश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना प्रधानमंत्री आवास योजनापंचायती राजबेसिक शिक्षा पशुपालन कन्या सुमंगला योजना प्रोजेक्ट अलंकार पीडब्ल्यूडी आदि की समीक्षा करते प्रगति में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की प्रगति में सुधार न पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार अतिरिक्त उप जिलाधिकारी खालिद अंजुम उपनिदेशक कृषिजिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव परियोजना निदेशक साधना दीक्षित जिला पंचायत राज अधिकारी जितेन्द्र कुमार मिश्रा खण्ड विकास अधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी राजीव कुमार सिंहजिला बेसिक शिक्षाधिकारी जिला विद्यालय निरीक्षकउपायुक्त उद्योग सहित अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहें।

## बाईक सवार की ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर, मौत

**मौदहा हमीरपुर।** रविवार देर रात हुई ट्रैक्टर और बाईक की टक्कर में एक बाईक सवार की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है। रविवार देररात कस्बे बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम पाटनपुर निवासी जयपाल(40)पुत्र रामदास बाईक से कपसा की ओर से आ रहा था तभी रास्ते में सिजनौडा के निकट कस्बे निवासी रफीक (28) पुत्र रस्सू ने बाईक सवार से कस्बे तक छोड़ने के लिए सहयोग मांगा।उसके बाद दोनों बाईक सवार कुछ दूर आकर सिजनौडा रेलवे क्रासिंग के निकट ट्रैक्टर ट्राली से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां पर गंभीर चोंटो के चलते दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया था लेकिन उसी दौरान जयपाल की मौत हो गई जबकि रफीक जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा है।

# किसान की मौत को लेकर परिजनों ने फसल खराब होने पर बताया हार्ट अटैक

अवधनामा संवाददाता

**राठ हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के सैना गाँव में बीमारी के चलते 62 वर्षीय एक वृद्ध किसान की मौत होने का मामला सामने आया है। वहीं मृतक किसान के इकलौते पुत्र का कहना है कि उसके पिता खेत में फसल को देखने के लिए गए हुए थे। बताया कि जब वह खेत में पहुंचे तो नष्ट हो चुकी फसल को देखकर उनके होश उड़ गए और उन्हें वहीं पर अटैक आ गया। बताया कि जिसके बाद उन्हें राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके पिता की नाजुक हालत को देखते हुए उसे झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। बताया कि झाँसी मेडिकल कॉलेज से भी उनके पिता को ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया। बताया कि ग्वालियर में इलाज के दौरान उनके पिता की मौत हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मृतक किसान के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस के द्वारा मृतक किसान के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार राठ कोतवाली क्षेत्र के सैना गांव के निवासी 62 वर्षीय किसान रामनिहोर पुत्र तुलसीराम की बीमारी के चलते ग्वालियर में मौत हुई है। वही मृतक के इकलौते पुत्र केशव प्रसाद ने बताया कि उसके पिता रामनिहोर इसी माह की 16 फरवरी को अपने खेतों में मटर की फसल को देखने के लिए गए हुए थे। बताया कि जब वह खेतों में पहुंचे तो नष्ट हो चुकी फसल को देखकर उन्हें अटैक आ गया। वहीं मृतक किसान के पोते अमित कुमार ने बताया कि उसके दादा रामनिहोर के पास एक एकड़ 4 डेसीमल जमीन थी। जिसमें खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण होता था। बताया कि इस वर्ष उन्होंने अपने खेत में मटर की फसल बोई हुई थी। बताया कि इसी माह की 16 फरवरी को जब उसके दादा खेतों में फसल को देखने के लिए गए तो नष्ट हो चुकी फसल को देखकर उन्हें अटैक आ गया जिससे उनकी हालत बदल गई जिसके बाद उन्हें इलाज हेतु राठ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अलावा झांसी मेडिकल कॉलेज व ग्वालियर में भर्ती कराया गया। जहां ग्वालियर में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं अचानक हुई इस घटना से मृतक किसान के परिवार में कोहराम मचा हुआ तथा मृतक के इकलौते पुत्र केशव प्रसाद सहित अन्य सभी परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो



- निर्धारित,समयावधि में निर्माण कार्य को पारदर्शिता, गुणवत्ता पूर्ण तरीके से किया जाये पूर्णः जिलाधिकारी
- सड़कों के निर्माण कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिन्दुवार सी.एम. डैशबोर्ड पर कार्यो की प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने शासन के निर्देश के क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सी.एम. डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी से समीक्षा की। जिलाधिकारी ने सी.एम. डैशबोर्ड के माध्यम से सड़कों के निर्माण, अनुरक्षण आदि के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की तथा तेजी लाने के निर्देश दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज विभाग द्वारा 15वें वित्त आयोग की धनराशि को व्यय करने व आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों के सौन्दर्यीकरण के कार्य की प्रगति की समीक्षा की तो कार्य की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी व ए.डी.पी.आर.ओ. राजेश सिंह, सुमन पटेल के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सामूहिक विवाह के अन्तर्गत जो भी शादियां होनी है, उनके सम्बन्ध में टेण्डर आदि की प्रक्रिया कराते हुए ससमय शादी समारोह सुव्यवस्थित ढंग से कराया जाना सुनिश्चित करें, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराये जा रहे सड़क निर्माण के कार्य फरवरी माह के अन्त तक पूर्ण कराने के निर्देश सम्बन्धितों को दियें, इस दौरान उन्होंने विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत कनेक्शन हेतु विभागों द्वारा जो भी आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उनका निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाये, इसमें किसी भी स्तर पर शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये, जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति अधिक से अधिक बढ़ायी जाये और उन्हें बेहतर शिक्षा दी जाये, विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, लैब व अन्य निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि लाभार्थीपरक योजनाओं से पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये, निर्माण कार्य को निर्धारित समय में पूरा किया जाये, निर्धारित लक्ष्य के अनुसार गुणवत्ता के साथ अधूरे कार्यो को पूर्ण किया, अन्यथा की स्थिति में जिस स्तर से कमी पायी जायेगी उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए उच्च स्तर पर पत्राचार भी किया जायेगा। समीक्षा के दौरान सड़कों के निर्माण की प्रगति की फोटोग्राफ्स भी उपलब्ध कराये जाये इस दौरान उन्होंने इस दौरान जिलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न विभागों की सी.एम. डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर विकास कार्यो, लाभार्थीपरक व जन कल्याणकारी योजनाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से बारी-बारी से बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक, डी.सी. मनरेगा रमेश कुमार यादव, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विकसित भारत को नई गति प्रदान करने वाले उ.प्र को विश्व पटल पर मिली नई पहचान

**मैनपुरी।** पॉम होटल में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4.0 मे मा. प्रधानमंत्री, मा. मुख्यमंत्री के संबोधन के सजीव प्रसारण के उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथलेश कुमार ने कहा कि नए भारत का ग्रोथ इंजन उ.प्र. देश के विकास को नई रफ्तार देने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि उ.प्र. में 10 लाख करोड़ का निवेश हम सब प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात है, प्रदेश के युवाओं में वह शक्ति, सामर्थ है, जो प्रदेश को नई उड़ान देगा। उन्होंने कहा कि दुनिया में जो वैश्विक परिस्थितिया हैं, कोरोनाकाल में पूरे विश्व के सामने बहुत बड़ा संकट था, लेकिन हमारे देश के प्रधानमंत्री ने देश के विकास की गति को रूकने नहीं दिया, कोरोनाकाल में विकास को नई गति मिली, देश के वैज्ञानिकों ने इस महामारी से बचने के लिए वैक्सीन तैयार कर इस महामारी से बचने का कार्य किया, वार्ड बॉय, आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सकों आदि ने अपनी जान की परवाह न कर कोरोनाकाल में लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ वैक्सीनेशन का कार्य किया। राज्य सभा सांसद ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री के 10 वर्ष के कार्यकाल में देश ने विकास के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किये, विश्व में भारत का नाम रोशन हुआ, विगत् 05 वर्षों में भारत विश्व की सबसे बड़ी 05वीं अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा हुआ, देश के प्रधानमंत्री का सपना इस देश को 05 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाना है और इस सपने को पूरा करने में उ.प्र. को अहम भागीदारी सुनिश्चित करनी है, जब उ.प्र. की इकोनॉमी 01 ट्रिलियन डॉलर होगी तो हमारा देश विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### तहसील कार्यकारिणी का विस्तार किया गया




**सोनभद्र/करमा, अवाधनामा संवाददाता।** स्थानीय विकास खण्ड के पगिया रोड पर पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत सोमवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की बैठक आहूत की गयी । बैठक में ग्रापए के जिला संयोजक परमेश्वर दयाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में तहसील कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। बैठक में सेराज अहमद व सत्यप्रकाश मिश्र को तहसील उपाध्यक्ष, संतोष जायसवाल को संगठन मंत्री, तथा सिराज हुसैन, ज्ञानदास कनौजिया व मुस्तकीम खान को कार्यकारिणी का सदस्य निर्वाचित किया गया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार बीएन यादव, विनोद मिश्रा, संतोष नागर, चंद्रमोहन शुक्ला, रामकेश यादव, शरीफ अहमद खान, मुस्तकीम खान, मुजाहिद आलम, मकसूद खाद समेत संगठन से जुड़े अन्य पत्रकार उपस्थित रहे।

### नगर पालिका सहित सभी नगर पंचायतों में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन



**सोनभद्र, अवाधनामा ब्यूरो।** उ0प्र0 शासन द्वारा जन शिकायतों की सुनवाई तथा उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के लिये प्रत्येक सोमवार को नगरीय निकायों में समाधान दिवस सम्भव का आयोजन हेतु दिये गये आदेश के क्रम में आज दिनांक 19 फरवरी 2024 सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र में विजय कुमार यादव अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सोनभद्र की अध्यक्षता में जनसुनवाई (सम्भव) दिवस का आयोजन किया गया। तत्कम में आज दिनांक 19 फरवरी 2024 को जनसुनवाई (सम्भव) दिवस में प्राप्त शिकायतें क्रमशः नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 4, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 3, नगर पंचायत चोपन में 2, नगर पंचायत ओबरा में 2, नगर पंचायत रेनुकूट में 0, नगर पंचायत पिपरी में 0, नगर पंचायत दुद्धी में 0, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 9. समस्त निकायों को मिलाकर कुल 23 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें मुख्य रूप से साफ-सफाई पेयजल व मार्ग प्रकाश से सम्बन्धित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। विजय कुमार यादव, अधिशासी अधिकारी/नोडल अधिकारी, नगर पालिका परिषद सोनभद्र द्वारा बताया गया कि जनता की समस्याओं से रूबरू होने व उसका समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है इस पर तत्परतापूर्वक कार्यवाही की जा रही है।

### नई सर्फेस माइनर मशीन हुई नियोजित



**सोनभद्र/सिंगरौली, अवाधनामा संवाददाता।** पर्यावरण संरक्षण व हरित विधियों से कोयला उत्पादन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए एनसीएल ने रविवार को निगाही परियोजना में नई सर्फेस माइनर मशीन को नियोजित किया। एनसीएल सीएमडी मनीष कुमार ने निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण एवं निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक के साथ इस पर्यावरण अनुकूल मशीन का लोकार्पण किया। इस दौरान महाप्रबंधक (निगाही) आशुतोष द्विवेदी, महाप्रबंधक (उत्खनन) भारतेंदु कुमार, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष एवं क्षेत्रों और इकाइयों के विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। सर्फेस माइनर खुली कोयला खदानों में प्रयोग की जाने वाली एक ईको-फ्रेंडली मशीन है, जो बिना ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग और क्रशिंग किए कोयले का उत्पादन करती है। इस मशीन के द्वारा ब्लास्ट रहित एवं गुणवत्तायुक्त कोयला उत्पादन किया जा सकेगा। एनसीएल की खदानों में कुल 12 सर्फेस माइनर मशीनें तैनात हैं। गौरतलब है कि एनसीएल वर्ष 2023-24 में 135 मिलियन टन से अधिक कोयला उत्पादन व प्रेषण के लिए प्रयासरत है । वर्तमान लक्ष्य की पूर्ति के साथ दीर्घकालिक खनन के आलोक में कंपनी लगातार पर्यावरण अनुकूल मशीनीकरण व डिजिटलीकरण पर बल दे रही है।

## दो पक्षों में मारपीट के मामले पर सात लोग गिरफ्तार



**बांदा।** कस्बा नरैनी में मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में थाना नरैनी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत करते हुए दोनों पक्षों से सात लोगों पर निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। सोमवार को थाना नरैनी पुलिस द्वारा दो पक्षों में मामूली बात के लेकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों से प्राप्त तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत करते हुए दोनों पक्षों से सात लोगों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। गौरतलब हो कि कस्बा नरैनी के राजनगर में 18 फरवरी को भैंस के गोबर करने के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी जिसमें कुछ लोग मामूली रूप से घायल हो गये थे। इस संबंध में दोनों पक्षों से प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना नरैनी पर दोनों पक्षों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए सोमवार को दोनों पक्षों से सात लोगों को गिरफ्तार कर निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए न्यायलय में पेश किया गया। प्रथम पक्ष से रवि पुत्र रामचन्द्र और राजेन्द्र पुत्र रामचन्द्र निवासी राजनगर नरैनी तथा द्वितीय पक्ष से नत्थू पुत्र बहादुर राजपूत, मोनू पुत्र बहादुर राजपूत, लालबहादुर पुत्र श्रीराम निवासी राजनगर, केशव पुत्र भैयालाल निवासी जामू थाना कमासिन, राजाबाबू पुत्र दयाराम निवासी जामू को गिरफ्तार किया गया।

# बरियारी खंड मे कांटे से ही निकाली जा रही है ओवरलोड मौरंग की गाड़ियां

अवधनामा संवाददाता




- दिन मे है प्रशासन का डर परंतू रात मे गुलजार होता है खंड
- खदान मे लगे कैमरे बने शोपीस , खदान संचालक के इशारों पर चलते है कैमरे भी

**बाँदा।** जनपद मे इन दिनो अवैध खनन और ओवरलोड परिवहन की धूम मची है और लूट सके तो लूट वाली कहावत प्रचलित है । गिरवां मानपुर खुर्द से चलने वाली बरियारी खदान से तो बाकायदा कांटे से ही ओवरलोड मौरंग की गाडियां निकाली जा रही है और सबसे बडी बात तो यह है कि गिरवां मे खनिज विभाग ने मेन रोड पर बडे बडे कैमरे ओवरलोड वाहनो की मानीटरिंग के लिये लगा रखे है और इन कैमरों के संचालन के लिये सौर ऊर्जा प्लांट और इंटरनेट की बडी व्यवस्था कर रखी है जिसके संचालन मे भी ठीकठाक पैसा खर्च किया जा रहा है परंतु ओवरलोड मौरंग के ट्रको की निकासी पर प्रतिबंध लग ही नही पा रहा है । वैसे अगर ट्रक आपरेटर यूनियन अध्यक्ष की माने तो वर्तमान खनिज अधिकारी पर अवैध खनन और ओवरलोड मौरंग परिवहन करवाने के आरोप लग रहे है , ऐसे मे जब ट्रक आपरेटर यूनियन की बातों की सत्यता पर जांच की गयी तो चौकाने वाले तथ्य सामने आये । बरियारी खदान मे जब गये तो वहां पर कांटे के ऊपर से ही ओवरलोड मौरंग की गाडियों को निकाला जा रहा है जबकि कांटे के ऊपर ही सी सी टीवी कैमरा लगा हुआ है परंतु खदान संचालको की सेटिंग कहें या हठधर्मिता कि सारी ओवरलोडगाडियां कांटे के ऊपर से ही निकालकर खनिज विभाग और प्रशासन को ठेंगा दिखा रहे है , वैसे प्रशासन का थोडा बहुत डर भी है कि दिन भर मे चालीस पचास गाडियां ही निकालते हे परंतु रात होते ही सैकडो ट्रक गाँव के रास्ते से ओवरलोड मौरंग का बेधडक परिवहन चालू कर देते है जिससे स्थानीय ग्रामीणो मे किसी दुर्घटना का भय बना रहता है।

# यू.पी. की पहचान सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासनः विधायक सदर

अवधनामा ब्यूरो

- निवेश का बदला परिवेश, निवेश में नम्बर-1 उत्तर प्रदेशः विधायक सदर




**सोनभद्र।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट परिसर उरमौरा, विकास खण्ड घोरावल, चोपन व दुद्धी में आज इन्वेस्टर्स समिट का भव्य तरीके से आयोजन किया गया, इस अवसर पर विधायक सदर भूपेश चौबे व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार उपस्थित रहें, कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक सदर भूपेश चौबे द्वारा दीप प्रज्जवलन कर भगवान गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 का प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, इस सजीव प्रसारण को भारी संख्या में उपस्थित जन मानस ने देखा, इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पहचान सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन, प्रदेश में निवेश का परिवेश बदल रहा है, निवेश में नम्बर-1 स्थापित हो रहा है उत्तर प्रदेश, इस दौरान उन्होंने कहा कि सोनभद्र भौगोलिक दृष्टि से शुरू से ही बहुत ही सम्पन्न जिला रहा है, इसका उदाहरण है कि हिण्डाल्को थर्मल पावर जैसे कम्पनियों का बड़े पैमाने पर जनपद सोनभद्र में विकास हुआ है, यहां की गरीबी का लाभ नक्सलवाद ने उठाया था, नक्सलवाद को खत्म करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी कर नक्सलवाद को मूल रूप से नष्ट किया है, उत्तर प्रदेश में सोनभद्र दूसरा जिला है, जिसमें इस ग्राउण्ड सेरेमनी के माध्यम से लोगों ने अधिक से अधिक निवेश कर रहे हैं और जनपद में भारी संख्या में उद्योग धंधे स्थापित होंगें, जिससे कि लोगों को अधिक से अधिक रोजगार के साधन उपलब्ध होंगें और जनपद का चौमुखी विकास होगा, इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस ग्राउण्ड सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन आज प्रदेश के सभी जनपदों में किया जा रहा है, जनपद सोनभद्र में 1.21 हजार करोड़ का निवेश किया जा रहा है, जिससे जनपद में उद्योग स्थापित होंगें और रोजगार के साधन उपलब्ध होंगें, जिले में लगने वाले कम्पनियों में ग्रीनको ग्रुप जेएसडब्ल्यू नियो, टोरंट पावर, अबाड़ा बैट्री, ओबरा सी आदि के नाम सम्मिलित है, आज जिले में 10 करोड़ से अधिक निवेश करने वाले 22 उद्यमी लखनऊ के ग्राउण्ड सेरेमनी में प्रतिभाग कर रहे हैं, इस अवसर पर विधायक सदर, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार द्वारा उद्यमियों व लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र व टूलकिट का वितरण किया गया, कार्यक्रम में विभिन्न कम्पनियों द्वारा स्टाल भी स्थापित किये गये, कार्यक्रम का संचालन साधना मिश्रा द्वारा किया गया।

# पेपर लीक के दावों की जांच के लिए कमेटी गठित

**यूपी सिपाही भर्ती**

- परीक्षा के बाद मैसेज हुए थे वायरल
- परीक्षा के बाद पेपर लीक का मैसेज वायरल
- पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने किया विरोध



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सिपाही के 60,244 पदों पर सीधी भर्ती के लिए शनिवार व रविवार को हुई लिखित परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक होने के दावों समेत विभिन्न पहलुओं की जांच के लिए आंतरिक जांच समिति गठित की। इसका गठन एडीजी/सदस्य सचिव के नेतृत्व में किया गया है। बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने स्पष्ट किया कि आगामी परीक्षाओं में सुधार के उद्देश्य से इस समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रश्न पत्र लीक होने की सूचनाएं परीक्षा के बाद सोशल मीडिया पर वायरल की गई हैं। परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न पत्र लीक होने का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र ले जाने की अनुमति दी गई थी। इसी वजह से पेपर लीक के दावों से जुड़े हर पहलू की जांच के लिए समिति गठित की गई है। समिति कुछ केंद्रों में वितरित प्रश्न पत्रों में छपाई संबंधी त्रुटियों, प्रश्न पत्र पहुंचने में देरी और प्रवेश पत्र में छेड़छाड़ की भी जांच करेगी। वहीं, जिन अभ्यर्थियों को अनुचित साधनों का इस्तेमाल करते पकड़ा गया है, वे दोबारा परीक्षा नहीं दे सकें, इसकी संस्तुति भी करेगी। समिति की रिपोर्ट के आधार पर भविष्य में होने वाली परीक्षाओं को अधिक पारदर्शी बनाने में मदद मिलेगी। रविवार को परीक्षा संपन्न होने के बाद पेपर लीक होने को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्वीट किया था। इसके बाद तमाम हैंडल से पेपर लीक होने के दावे होने लगे। इनमें से तमाम हैंडल कोचिंग संस्थाओं के नाम वाले थे। इसके बाद भर्ती बोर्ड ने अभ्यर्थियों को आश्वस्त किया है कि वह प्रत्येक परीक्षा की पारदर्शिता व शुचिता को बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है। वृहद स्तर पर परीक्षा के सकुशल संपन्न होने के बाद ट्रेंड कराई जा रही असत्यापित खबरों की बोर्ड द्वारा यूपी पुलिस की मदद से गहनता से जांच कराई जाएगी।

वहीं, सोमवार को पेपर लीक की एफआईआर नहीं होने के विरोध में पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने वैश्विक निवेश सम्मेलन के शिलान्यास समारोह में प्रदर्शन करने की घोषणा की। लखनऊ पुलिस ने उनको हिरासत में ले लिया और फिर घर पर छोड़ दिया।



सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स साउथवेस्ट एशिया के सीईओ जेबी पार्क ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पीएम नरेंद्र मोदी के साथ

# जीबीसी 4.0: मुख्यमंत्री योगी ने दिया रात्रिभोज, उद्योगपति-निवेशक व मंत्रीगण हुए शामिल



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर रात्रिभोज का आयोजन किया। इसमें कई नामचीन उद्योगपति-निवेशक व मंत्रीगण शामिल हुए। जीबीसी 4.0 के अवसर पर यह निवेशक उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ आए हुए हैं। इस दौरान आगन्तुकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आनंद उठाया।

रात्रिभोज में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, योगी सरकार के मंत्री सुरेश खन्ना, नंद गोपाल गुप्ता नन्दी, डॉ. संजय निषाद, एके शर्मा, स्वतंत्र देव सिंह, राकेश सचान, दयाशंकर सिंह, निवेशक नीरव अम्बानी, युसुफ अली, जलज धानी, जे0बी0 पार्क, सुजैन एलिजाबेथ, फ़िल्म निर्माता-निर्देशक बोनी कपूर, धीरज हिन्दुजा, जीनल मेहता, शराफुद्दीन सर्राफ, सतनाम संधू, डॉ. नरेश त्रेहान, निरंजन हीरानन्दानी, रवि जयपुरिया समेत लगभग 200 से अधिक आगन्तुक शामिल हुए।

# फिरकापरस्त ताकतों ने देश में अपने पैर पसारे: नकुल दुबे

- देश के आम जनमानस के अधिकारों का हो रहा हनन: पूर्व मंत्री

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा मंगलवार को दोपहर लगभग 2 बजे रायबरेली से होते हुए लखनऊ में प्रवेश करेगी। पार्टी नेता व पूर्व मंत्री नकुल दुबे ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज देश में फिरकापरस्त ताकतों ने अपने पैर पसार लिये हैं। इससे देश के आम जनमानस के अधिकारों का हनन हो रहा है। भाजपा सभी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। देश में डर और नफरत का माहौल है। श्री दुबे ने कहा कि आज देश के युवाओं, किसानों, श्रमिकों, महिलाओं के साथ समाज के सभी वर्गों के लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। देश के लोकतंत्र और संविधान को कमजोर करने का कुचक्र रचा जा रहा है, जिसे देख राहुल गांधी ने इससे पहले भी लगभग 4500 किलोमीटर की पैदल भारत जोड़ो यात्रा निकाल नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने का काम किया। एक बार फिर राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान देश के युवाओं, किसानों, श्रमिकों और महिलाओं के साथ समाज के सभी वर्गों के लोगों से मिल उनकी समस्याएं समझ रहे हैं और भविष्य में उन्हें दूर करने का आश्वासन दे रहे हैं। दोपहर में चारबाग शाम को घण्टाघर पहुंचेगी यात्रा कांग्रेस जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा कल लखनऊ में निगोहां टोल रायबरेली से शुरू होकर मदाखेड़ा मंदिर, मोहनलालगंज, कल्ली बाजार, कालिंदी पार्क मोड़, उतरठिया, तेलीबाग, शनि मंदिर होते हुए के.के.सी. चारबाग होते हुए दोपहर लगभग 2:30 बजे पहुंच कर चारबाग नत्था होटल मोड़ से नाका चौराहा, दुगावां, रकाबगंज चौराहा, राजाबाजार, मेडिकल कॉलेज, चरक चौराहा, चौक होते हुए शाम लगभग 5 बजे घण्टाघर पहुंचेगी। घण्टाघर पर श्री गांधी जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जनसभा के बाद यात्रा ठाकुरगंज, बालागंज, दुबग्गा तिराहा, बुद्धेश्वर ओवरब्रिज होते हुए पारा, अवध हॉस्पिटल चौराहा, पिकैडली होटल तिराहा, चिल्लावां, सैनिक स्कूल, दरोगा खेड़ा होते हुए बंथरा में रात्रि विश्राम करेगी। अगले दिन 21 फरवरी को यात्रा सुबह 8:30 बजे शुरू होकर उन्नाव के लिए रवाना होगी। होर्डिंग-पोस्टर से पटा यात्रा का मार्ग यात्रा के स्वागत के लिए कांग्रेस नेताओं ने यात्रा के मार्ग में जगह-जगह होर्डिंग-पोस्टर लगाए हैं।



## राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने न्याय यात्रा को दिया समर्थन

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा को मिल रहे अपार जनसमर्थन और प्रेम को देख देश-प्रदेश के विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता यात्रा को अपना समर्थन दे रहे हैं। शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने यात्रा को प्रदेश में अपना समर्थन दिया। कांग्रेस प्रदेश मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने बताया कि राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष धनंजय शर्मा शरद पवार के निर्देश पर मंगलवार को अपने समर्थकों सहित रायबरेली में यात्रा में शामिल होंगे।

## राहुल गांधी ने दो न्याय का किया वादा

**प्रतापगढ़/लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि देश के हर व्यक्ति को मिले पांच न्याय यही है भारत जोड़ो न्याय यात्रा का लक्ष्य। महिला न्याय, युवा न्याय, भागीदारी न्याय, श्रमिक न्याय और किसान न्याय। अब तक भारत जोड़ो यात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दो न्याय का वादा कर लिया है। गांधी ने कहा कि उनकी सरकार आने पर स्वामीनाथन रिपोर्ट की सिफारिशें लागू होंगी, एमएसपी को कानूनी दर्जा, लागत से डेढ़ गुना मूल्य और दूसरा न्याय भागीदारी जो बिना जातिगत जनगणना के पूरा नहीं होगा। रमेश ने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार में आती है तो हम तुरंत आर्थिक और सामाजिक जनगणना कराएंगे। रमेश सोमवार को प्रतापगढ़ स्थित गांधी इण्टर कॉलेज सांगीपुर में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे।

# उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल को किचन गार्डन एवं गार्डन प्रदर्शनी मे प्रथम पुरस्कार

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** 17 से 19 फरवरी तक राजभवन में चलने वाली 55वीं प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2024 के समापन अवसर पर प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले प्रतिभागियों में उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल को किचन गार्डन (100-200 वर्ग मीटर) में प्रथम स्थान एवं गार्डन प्रदर्शनी (400-500 वर्ग मीटर) में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश, आनंदीबेन पटेल द्वारा मण्डल रेल प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ, श्री एस.एम. शर्मा को प्रथम शील्ड पुरस्कार सहित विभिन्न वर्गों मे कुल 46 पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया।



इस प्रदर्शनी प्रतियोगिता कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश, सरकार, दिनेश प्रताप सिंह एवं मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार, दुर्गा शंकर मिश्रा व अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# हयातुल्लाह ने अपने विचारों और अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया

**मदरसा हयात उलूम फरंगी महल में आयोजित सेमिनार में वक्ताओं ने मशहूर लेखक व पत्रकार के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला**

**वधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** महान उर्दू कथा लेखक और पत्रकारिता के जनक और राजनीतिज्ञ हयातुल्लाह अंसारी की याद में मदरसा हयातुल उलूम फिरंगी महल चौक में जीवन के सात रंग शीर्षक से एक सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अहमद इब्राहिम अल्वी ने की। इस मौके पर कई हस्तियों को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मंसूर हसन खान की नात पाक से हुई।

वरिष्ठ पत्रकार कुतुबुल्लाह ने हयातुल्लाह अंसारी के फिल्म निर्माण पर विस्तार से प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि हयातुल्लाह की फिल्मों की बारीकियों पर गहरी नजर थी. उनकी फिल्म नीचा नगर ने पहला कान्स इंटरनेशनल अवॉर्ड जीता था। उनका प्रसिद्ध उपन्यास लहू के फूल धारावाहिक रूप में प्रकाशित हुआ। उन्होंने सोनार बांग्ला फिल्म बनाई जो रिलीज नहीं हो सकी.



वज़ाहत हुसैन रिज़वी पूर्व संपादक नया दौर ने कहा कि हयातुल्लाह अंसारी एक महान लेखक और महान पत्रकार थे। साहित्य और पत्रकारिता में उन्हें जो ऊँचा स्थान प्राप्त किया था अमलन वह उन्हें नहीं मिला, सदैव उनकी उपेक्षा करने का प्रयास किया।

ओबैदुल्लाह नासिर ने हयातुल्लाह अंसारी के राजनीतिक जीवन पर चर्चा की. उन्होंने कहा कि हयात साहब पहले मुजाहिद ए आज़ादी थे. उनके समय में कई विचारधाराएं थीं, उन्होंने अखंड भारतीय राष्ट्रीयता के विचार को अपनाया और जीवन भर उस पर कायम रहे। उन्होंने सदैव अपने सिद्धांतों का पालन किया। वे कांग्रेस से जुड़े थे लेकिन जब कांग्रेस ने उर्दू कुशी करने का निर्णय लिया तो उन्होंने खुलकर कांग्रेस का विरोध किया। वे हर तरह की कट्टरता के ख़िलाफ़ थे. सिदरतुल्लाह अंसारी ने हयातुल्लाह अंसारी के शिक्षा के सिद्धांत पर प्रकाश डाला और दस दिन में उर्दू, दस दिन में हिंदी जैसी किताबें कैसे लिखीं, इसकी पृष्ठभूमि पर एक दिलचस्प चर्चा की। जलसे के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार अहमद इब्राहीम अल्वी ने बताया कि हयातुल्लाह अंसारी अपने रिश्तेदारों को लेकर काफी चिंतित रहते थे।वह उन्हें ढूंढ़ते-ढूंढते रहते थे। यदि कोई रिश्तेदार घर आता था तो चेहरे पर मुस्कान के साथ उसका स्वागत किया जाता था।

# भाकपा (माले) ने मनाया राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस

- सत्ताधारी दल की साजिश पर 40 व्यक्तियों को जेल भेजा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने देवरिया जिले के बलुअन गांव में 29 साल पहले हुई एक घटना में पार्टी के नेताओं-कार्यकर्ताओं सहित 40 ग्रामीण गरीबों को स्थानीय कोर्ट द्वारा 10-10 साल की सजा देकर जेल भेजने को न्यायिक अन्याय बताते हुए सोमवार को राज्यव्यापी प्रतिवाद दिवस मनाया। राज्य सचिव सुधाकर यादव ने बयान जारी कर कहा कि गरीबों और विपक्ष की आवाज को चुप कराने के लिए सत्ताधारी दल की साजिश पर 40 व्यक्तियों को जेल भेजा गया है। जेल भेजे गए लोगों में भाकपा (माले) की राज्य समिति के सदस्य व अधिवक्ता रामकिशोर वर्मा, छोटेलाल कुशवाहा सहित पार्टी व जनसंगठनों के नेता और कई कार्यकर्ता शामिल हैं। इनमें आधे से अधिक 60 वर्ष की ऊपर की उम्र के हैं और लगभग सभी भूमिहीन एवं गरीब हैं। कामरेड सुधाकर ने कहा कि जिस प्रकरण में सजा हुई है, उसमें गरीब लोग गांव के एक दबंग परिवार के विरुद्ध संघर्ष कर रहे थे। दबंग परिवार अपराधियों के साथ मिलकर ग्रामीणों से जबरन बेगारी कराता था, सूदखोरी करता था, अन्य सामंती तौर-तरीकों से उनका शोषण व उत्पीड़न करता था, जिससे मुक्ति के लिए ग्रामीण गरीब तत्कालीन इंडियन पीपुल्स फ्रंट (आइपीएफ) के नेतृत्व में लोकतांत्रिक तरीके से लड़ रहे थे। उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाया गया।




राज्य सचिव ने कहा कि ग्राम बलुअन में सामंती वर्चस्व के खिलाफ जनता के प्रतिरोध संघर्ष में 1995 में दो व्यक्तियों की शहादत हुई थी। दबंगों की गोली से एक महिला और एक बच्चे की जान गई थी और भाकपा (माले) के नेता रामकिशोर वर्मा बुरी तरह घायल होकर मरणासन्न हो गए थे। किसी तरह उनकी जान बची। देवरिया की सत्र अदालत ने चार में से तीन हत्यारों को बरी कर दिया। सिर्फ एक को दोषी करार देकर सजा दी, जबकि दूसरे पक्ष के 40 लोगों को दोषी ठहराते हुए बीती 16 फरवरी को दस-दस साल का कारावास और जुर्माना लगाकर जेल भेज दिया।

# प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने राजकीय पॉलीटेक्निक का किया निरीक्षण

- संस्थान में शत-प्रतिशत छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट दिलवाया जाये

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने सोमवार को राजकीय पॉलीटेक्निक, लखनऊ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय पॉलीटेक्निक में कार्यरत कार्मिक समय से आ रहे है या नही, इसका फीडबैक लेने हेतु उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि सभी कार्मिक संस्थान में समय से आकर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। साथ ही संस्थान में साफ-सफाई का विशेष ध्यान देने को भी कहा। प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य को प्रयोगशालाओं को बेहतर सुविधाओं से लैस करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने भवन के मरम्मत को भी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संस्थान में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाय तथा उन्हें शत-प्रतिशत प्लेसमेंट दिलवाया जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य संस्कृति में बदलाव कर शैक्षिणक वातारण को बेहतर बनाया जाय तथा समय से शैक्षणिक कार्य एवं अन्य गतिविधियां भी संचालित की जाय।



## बॉलीवुड गायिका मोनाली ठाकुर के गीतों पर झूमे युवा

**लखनऊ।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 भी राममय हो उठा। बिरजू महाराज कथक संस्थान के कलाकारों ने जैसे ही राम स्तुति पर कथक नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी, जय श्रीराम की गूंज से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गुंजायमान हो उठा तो मुंबई से आई बॉलीवुड गायिका मोनाली ठाकुर के गीतों का जादू दर्शकों के सिर चढ़कर बोला। सोमवार सुबह से ही लखनऊ की सड़कें यूपी के लोकनृत्यों की खुशबू से महक उठीं। बिरजू महाराज कथक संस्थान की संजीवनी श्रीवास्तव, अत्रांशी सिंह, जयश्री श्रीवास्तव, जाह्नवी तिवारी, वैदेही बाथम आदि कलाकारों ने राम स्तुति पर कथक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर पूरे माहौल को राममय कर दिया। प्रस्तुति निर्देशन सरिता श्रीवास्तव व नृत्य निर्देशन राजेंद्र गंगानी का रहा।

# प्रधानमंत्री मोदी का एयरपोर्ट पर डॉ. राजेश्वर ने किया स्वागत

- प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उ.प्र. निवेश के कीर्तिमान कर रहा स्थापित: डॉ. राजेश्वर सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में दो दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन किया गया है, जहाँ सोमवार को 10.23 लाख करोड़ के 14,537 परियोजनाओं के भूमिपूजन प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किया गया, जिसपर सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि एक साथ 14,537 परियोजनाओं का शिलान्यास भारत के किसी भी राज्य से अधिक है, उत्तर प्रदेश अब उत्तम प्रदेश बनने के साथ उद्यम प्रदेश के रुप में स्थापित होगा।

सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण का लाइव प्रसारण आशियाना स्थित आवास पर कराया, जहां विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के साथ हजारों की संख्या में सरोजनीनगर के क्षेत्रवासी प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किये गए 14,537 परियोजनाओं के भूमिपूजन का साक्षी बने। बता दें ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के उद्घाटन के लिए लखनऊ पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का सरोजनीनगर के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने अमौसी एयरपोर्ट पर स्वागत भी किया। इस मौके पर राजेश्वर सिंह ने बताया कि 10.23 लाख करोड़ के निवेश से उत्तर प्रदेश, उत्तम प्रदेश बनने के साथ उद्यम प्रदेश के रुप में स्थापित होगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से 14,537 परियोजनाओं का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के विकास को नई दिशा देगा। डॉ राजेश्वर सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निवेश और नवाचार के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।



वहीं डॉ राजेश्वर सिंह ने अशोक लीलैंड द्वारा 1000 करोड़ के निवेश से स्कूटर इंडिया में होने जा रहे प्रदेश के पहले ईवी बस निर्माण संयंत्र के शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया साथ ही सरोजनीनगर की जनता को बधाई दी। राजेश्वर सिंह ने इसे सरोजनीनगर के लिए अत्यंत हर्ष, गौरव और सम्मान का क्षण बताया। बता दें दुनिया की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लीलैंड सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में इलेक्ट्रिक बस निर्माण की इकाई लगाने जा रही है, जिसका शिलान्यास मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया जाएगा।

# अखिलेश ने कांग्रेस को दिया 17 सीटों का प्रस्ताव, अमेठी व रायबरेली सहित ये सीटें शामिल

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने गठबंधन के तहत अब 17 सीटों पर कांग्रेस को अपने प्रत्याशी उतारने का प्रस्ताव दिया है। इससे पहले सपा ने कांग्रेस को 11 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसे लेकर दोनों दलों के बीच बयानबाजी शुरू हो गई थी। सोमवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए 17 लोकसभा सीटें छोड़ने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक सपा ने कांग्रेस को अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी, सीतापुर, कैसरगंज, वाराणसी, अमरोहा, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, फतेहपुर सीकरी, कानपुर, हाथरस, झांसी, महाराजगंज और बागपत सीट दी है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक सपा की ओर से 17 सीटों का प्रस्ताव मिला है, हालांकि पार्टी की ओर से इस पर अभी कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की गई है। मालूम रहे कि इससे पहले 11 सीटों का प्रस्ताव देने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने असंतोष जताया था। जिसके बाद सपा ने नए सिरे से सीटों का चयन कर सूची कांग्रेस नेतृत्व को भेजी है।

